हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**बॉक्सर साक्षी चौधरी को कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स, सिलेक्शन ट्रायल के फाइनल...**

Page 09



देश

**यूपी में धमाके को तैयार चिराग पासवान, यूपी में कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 16 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 163 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,46,750 | ₹ 2,90,000 |



## आज का इतिहास

**1960 :** भारत और इंग्लैड़ के बीच टेलेक्स सेवा की शुरुआत की गई।

**2014 :** भारतीय जनता पार्टी को 16 वें लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला। 16 वें लोकसभा चुनाव में 282 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

## न्यूज बाइट्स

### गुजरात में भूकंप से दहशत

**नई दिल्ली (ए.)** । शुक्रवार की सुबह गुजरात के गिर और तलाला डायसिस में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए गए। आज सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक तलाला समेत डायसिस में कुल छह भूकंप के झटके रिकॉर्ड किए गए। दोपहर तक 6 भूकंप के झटके रिकॉर्ड किए गए। आपको बता दें कि सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक रिकॉर्ड किए गए सभी भूकंप के झटकों में, 3.4 मैग्नीट्यूड का सबसे बड़ा झटका सुबह 4:13 बजे आया। जिससे तलाला में गहरी नींद में सो रहे लोग जाग गए। इसके साथ ही पूरे इलाके में लोगों में डर का माहौल बन गया है। 3.4 मैग्नीट्यूड के इस भूकंप का मुख्य केंद्र तलाला से 15 किमी उत्तर-पश्चिम में गिर जंगल के बीच में स्थित कमलेश्वर डैम के पास रिकॉर्ड किया गया।

### मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर ईशान को सौंपा एक करोड़ का चेक

**पटना (नि.सं.)** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर ईशान किशन को एक करोड़ रुपये, प्रतीक चिह्न और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने ईशान को भविष्य में और सफलता की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वे बिहार के बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में विजेता भारतीय टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार को गौरवान्वित करने वाले क्रिकेटर ईशान किशन को एक करोड़ रुपये का चेक, प्रतीक चिह्न और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 की जीत में बिहार के क्रिकेटर ईशान किशन ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई। मेरी शुभकामना है कि वे भविष्य में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नया कीर्तिमान रचें और देश का नाम रोशन करें।

कृषि मंत्री विजय सिन्हा ने 'बिहार कृषि ऐप' की समीक्षा बैठक में लिए कई फैसले, कहा

# डिजिटल क्रांति से सशक्त होगा बिहार का किसान, बदलेंगे खेती की तस्वीर

- वर्ष 2025 में लॉन्च हुए ऐप पर अब तक करीब 11.50 लाख किसान पंजीकृत।
- वर्ष 2026 के अंत तक 80 लाख किसानों को ऐप से जोड़ने का लक्ष्य।
- पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण अभियानों की सख्त मॉनिटरिंग करने का निर्देश।



**निज संवाददाता | पटना**

पटना स्थित कृषि भवन में शुक्रवार को कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 'बिहार कृषि ऐप' को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, कृषि तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाने और ऐप के दायरे को बढ़ाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तकनीकी क्रांति का लाभ राज्य के अंतिम किसान तक पहुंचे और खेती-किसानी को अधिक स्मार्ट और आधुनिक बनाया जाए। उन्होंने पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर विशेष युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में एक नई पहल के तहत प्रशिक्षित युवाओं को "बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा" के रूप में पहचान देने की घोषणा की गई। ये युवा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को ऐप के उपयोग और डिजिटल कृषि सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले डिजिटल कृषि योद्धाओं को कृषि विभाग द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जाएगा। विजय सिन्हा ने बताया कि 19 मई 2025 को शुरू किए गए इस ऐप पर अब तक करीब 11.50 लाख किसान पंजीकरण करा चुके हैं। सरकार ने वर्ष 2026 के अंत तक राज्य के लगभग 80 लाख किसानों को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में बिहार कृषि ऐप के माध्यम से किसानों को उर्वरक उपलब्धता की रियल-टाइम जानकारी, सरकारी योजनाओं के लिए सिंगल विंडो सुविधा, बाजार भाव, मौसम अलर्ट, डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड और पीएम एआई आधारित चैटबॉट जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।

बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर चलने वाले प्रशिक्षण अभियानों में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर मॉनिटरिंग करें, ताकि हर किसान डिजिटल कृषि क्रांति का हिस्सा बन सके और बिचौलियों से मुक्त होकर अपनी आय बढ़ा सके। बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्षेत्रिय भाषा में उपलब्ध होगा कृषि ऐप

कृषि मंत्री ने कहा कि अब बिहार कृषि ऐप केवल हिंदी और अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे मगही, भोजपुरी, अंगिका और बज्जिका जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण किसान आसानी से इसका उपयोग कर सकें। सरकार ने ऐप पर सर्वाधिक किसान पंजीकरण कराने वाले शीर्ष 5 जिलों, 5 प्रखंडों और 5 पंचायतों को सम्मानित करने का निर्णय भी लिया है। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागीय कर्मियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# बिहार निगरानी विभाग की कार्रवाई, कार में 1.45 लाख रूपए रिश्वत लेते जूनियर इंजीनियर को दबोचा



**निज संवाददाता | सीतामढ़ी**

बिहार के सीतामढ़ी जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी विभाग की टीम ने नगर परिषद जनकपुर रोड कार्यालय के कनीय अभियंता (जेइ) विजय कुमार शर्मा को 1.45 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में हुई इस अचानक कार्रवाई से वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया।

कार्रवाई के दौरान निगरानी विभाग की टीम कनीय अभियंता के साथ कार में मौजूद ऋषि नामक एक अन्य युवक को भी पूछताछ के लिए अपने साथ लेकर गई है। हालांकि, डीएसपी ने अभी तक उस युवक की आधिकारिक गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है और उससे पूछताछ की जा रही है कि इस घूसकांड में उसकी क्या भूमिका थी। मामले की जानकारी देते हुए निगरानी डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार कनीय अभियंता विजय कुमार शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी अभियंता को मुजफ्फरपुर के विशेष निगरानी न्यायालय (कोर्ट) में पेश किया जाएगा, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### अपनी ही कार में घूस लेते धराए अभियंता

निगरानी विभाग पटना की टीम ने कनीय अभियंता को उस समय दबोचा, जब वे अपनी ही कार में बैठकर रिश्वत की मोटी रकम ले रहे थे। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पुपरी निवासी ठेकेदार राजभूषण प्रसाद से विभागीय कार्य के भुगतान के एवज में पारितोषिक (रिश्वत) के रूप में यह राशि मांगी गई थी। ठेकेदार की शिकायत का सत्यापन करने के बाद विभाग ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की और मौके से नकद राशि भी बरामद कर ली।

## प्रशासनिक फेरबदल, शिक्षा विभाग के नए सचिव बने विनोद सिंह गुंजियाल

**पटना (नि.सं.)**। बिहार सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को 15 आईएएस अधिकारियों का तबादला और नई पदस्थापना का आदेश जारी किया। जारी अधिसूचना के तहत कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, सचिव और प्रमंडलीय आयुक्तों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। विनोद सिंह गुंजियल को शिक्षा विभाग का नया सचिव बनाया गया है। पंकज पाल को पथ निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, सरकार ने श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर और गुंजन सिंह को संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया है। इसके अलावा शुभम कुमार को नालंदा से ट्रांसफर कर पटना जिला परिषद का उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। सरकार ने कई प्रमंडलीय आयुक्तों को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी है। विनोद सिंह गुंजियल को शिक्षा विभाग का नया सचिव बनाया गया है। राजेश कुमार को कोसी प्रमंडल के आयुक्त पद से हटाकर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) का प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं पंकज कुमार पाल को पथ निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल का एक महीना पूरा

**निज संवाददाता | पटना**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने 15 मई को अपने कार्यकाल का एक महीना पूरा कर लिया। एक महीने के भीतर सरकार ने कई ऐसे महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिन्हें बिहार के विकास और सुशासन की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'न्याय के साथ विकास' की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए 'समृद्ध बिहार' के लक्ष्य पर जोर दिया है। सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को सख्त बनाने की पहल की है। इसी कड़ी में बिहार के 10 जिलों में 11 सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। इन टाउनशिप में सुनियोजित कॉलोनियां, चौड़ी सड़कें, बाजार, पार्क और हरियाली की व्यवस्था होगी। सरकार का मानना है कि इससे शहरी दबाव कम होगा और लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त जीवन मिल सकेगा।

# बिहार पुलिस में 20,937 पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू, 10,468 पदों पर होगी बहाली

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार पुलिस में नियुक्ति और पदोन्नति को लेकर गृह विभाग ने बड़ा आदेश जारी किया है। सरकार ने पुलिस विभाग में कुल 20,937 पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इनमें 10,468 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी, जबकि 10,469 पद विभागीय पदोन्नति के जरिए भरे जाएंगे। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह फैसला बिहार पुलिस के आधुनिकीकरण, बल विस्तार और बढ़ती आबादी के अनुपात में पुलिस बल को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से लंबे समय से भर्ती और प्रमोशन का इंतजार कर रहे पुलिसकर्मियों एवं अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

सरकार ने पुलिस अवर निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) और समकक्ष पदों में 50 प्रतिशत पद पदोन्नति के लिए आरक्षित करने की मंजूरी भी दी है। इससे विभागीय कर्मियों के लिए प्रमोशन के अवसर बढ़ेंगे और निचले स्तर के कर्मचारियों के लिए अधिकारी बनने का रास्ता आसान होगा। गृह विभाग के अनुसार ईआरएसएस (इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम) परियोजना के दूसरे चरण में वर्ष 2023 में कुल 19,288 पद पहले ही स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके अलावा बढ़ती जनसंख्या और कानून-व्यवस्था की जरूरतों को देखते हुए 48,447 नए पदों के सृजन का भी प्रस्ताव तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस नियुक्ति प्रक्रिया को हरी झंडी दी गई थी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम में तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी, लागू हुए नए रेट

**एजेंसी | नई दिल्ली**




देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरें 15 मई से लागू हो गई हैं। करीब दो साल बाद ईंधन कीमतों में यह बड़ा इजाफा किया गया है। राजधानी दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर के भाव से बिक रहा है। ईंधन कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। कंपनियों के मुताबिक अभी भी पेट्रोल और डीजल पर उन्हें प्रति लीटर 25 से 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ सीएनजी की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई है। प्रमुख शहरों में सीएनजी 2 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई है। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 रुपये खर्च करने होंगे। ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी का असर आम लोगों की जेब पर पड़ने की संभावना है। परिवहन खर्च बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है।

पेपर लीक के बाद सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# अगले साल से ऑनलाइन होगी नीट-यूजी परीक्षा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने नीट-यूजी परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए घोषणा की है कि अगले सत्र से यह परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। शिक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती थी कि किसी गलत उम्मीदवार का चयन हो, इसलिए परीक्षा रद्द करने का कठिन लेकिन जिम्मेदार फैसला लिया गया। अब यह परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 मई को परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी मिली थी, जिसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सरकार को रिपोर्ट दी। इसके आधार पर 12 मई को पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पुनर्परीक्षा में छात्रों को 15 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा और उम्मीदवार अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। इससे पहले 3 मई को हुई परीक्षा देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। इसके लिए 5400 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। साथ ही उन्होंने बताया कि छात्रों के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से भी बातचीत की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सुधारों को लेकर कई सुझाव प्राप्त हुए हैं और सरकार उन पर गंभीरता से काम कर रही है।

### अब तक सात गिरफ्तारियां

वहीं, नीट पेपर लीक मामले की ंच कर रही सीबीआई ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र के लोग शामिल हैं। इनमें मांगी लाल बिंवाल, दिनेश बिंवाल, विकास बिंवाल, यश यादव, शुभम खैरनार, मनीषा वाघमारे और धनंजय लोखंडे के नाम शामिल हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पांच आरोपियों को सात दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है, जबकि धनंजय लोखंडे को छह दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा गया है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा : प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति अल नाहयान की बैठक

# रसोई गैस आपूर्ति समेत कई क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर सहमति

- यूएई ने भारत में 5 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा की।

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा की। अबू धाबी पहुंचने पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच हुई विस्तृत वार्ता में क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग, व्यापार, निवेश, रक्षा, फिनटेक, अवसंरचना, शिक्षा और सांस्कृतिक संबंधों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए वहां के नेतृत्व और लोगों के प्रति भारत की एकजुटता दोहराई। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय शांति, ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

### ऊर्जा साझेदारी को मिलेगा नया विस्तार

भारत और यूएई ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा में यूएई की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जिसमें कच्चे तेल, एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति शामिल है।

बैठक में इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच रणनीतिक सहयोग समझौते का स्वागत किया गया। इसके तहत भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार में यूएई की हिस्सेदारी 30 मिलियन बैरल तक बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा भारत में रणनीतिक गैस भंडार स्थापित करने के लिए भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे। वहीं, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच दीर्घकालिक एलपीजी आपूर्ति समझौते का भी स्वागत किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### शराब मामले में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में शराबबंदी को लेकर पुलिस बलों के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस बलों के सहयोग से क्षेत्र में शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के अलावे पुराने शराब संबंधित कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2021 के 13 जून को कुंभियातरी के जंगलों में संचालित लगभग 10 शराब भट्ठियों को पुलिस बलों के द्वारा विनष्ट किया गया था। साथ ही शराब निर्माण युक्ति,जावा महुआ शराब एवं महुआ शराब बरामद करते हुए 10 शराब धंधेबाजों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी होने के बाद कई अभियुक्त फरार चल रहे थे। बीते गुरुवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में थाना कांड संख्या में नामजद अभियुक्त कुंभियातरी गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी उर्फ बाले राजवंशी के पुत्र राजकुमार राजवंशी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बालू खनन माफिया द्वारा दारोगा पर हमला मामले में दर्जनों अपराधी गिरफ्तार

**नारदीगंज( नवादा)** थाना क्षेत्र के केशौरिया गांव में एएसआई नागेन्द्र कुमार पर बालू माफिया के द्वारा हमले का जायजा मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने गुरुवार को देर शाम को गांव पहुंच कर जायजा लिए। उसके बाद विधि व्यवस्था को संधारण करने समेत अन्य निर्देश पुलिस पदाधिकारी को दिए। उन्होंने निरीक्षण के बाद इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन व परिवहन, पुलिस पर हमला तथा संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्रवाई की जाय। कहा कि अवैध बालू खनन के नेटवर्क, उससे जुड़े आर्थिक व आपराधिक तंत्र के संरक्षण देने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मौके पर एसपी अभिनव धीमान, एसडीपीओ राहुल कुमार,थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।


**लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर हुए थानाध्यक्ष** : नारदीगंज थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस बात की पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने की है। पुलिस के वरीय अधिकारियों ने अभिषेक कुमार को तत्काल प्रभार दिया गया है। बीते 25 दिसम्बर 2025 को निवर्तमान थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को नारदीगंज का थानाध्यक्ष के पदभार दिया गया था। बताया जाता है कि बीते 13 मई 2026 के शाम में केशौरिया गांव में अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी के दौरान नारदीगंज थाना में पदस्थापित जमादार नागेन्द्र कुमार पर बालू माफिया के द्वारा हमले किया गया था, इस हमले में नागेन्द्र कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हैं। उनका इलाज पटना के निजी क्लीनिक में चल रहा है। इस मामले की जांच के लिए मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने बीते शाम बुधवार को केशौरिया गांव पहुंच कर किये थे। उसके बाद थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है।

### जितेंद्र पासवान हत्याकांड में ताबड़तोड़ छापेमारी, तीन जिलों में पुलिस की दबिश तेज

**पकरीबरावां**। धमौल थाना के चौकीदार जितेंद्र पासवान हत्याकांड मामले में पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम द्वारा अब तक करीब तीन दर्जन संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी नामजद एवं फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि नवादा, शेखपुरा एवं जमुई जिले के कुल 32 संभावित ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया है। इस दौरान करीब एक दर्जन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी अभियुक्तों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही मामले का पूर्ण खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि 10 मई की शाम धमौल थाना में पदस्थापित तुर्कबन निवासी चौकीदार जितेंद्र पासवान पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। हमलावरों ने थाना से घर लौटते वक्त उन पर चाकू से वार किए थे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने छह नामजद एवं 8-10 अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।

### रजौली की बेटी भूमिका बनी पटना जिला टॉपर, सीबीएसई 12वीं में 98.40 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान

#### कॉमर्स संकाय में हासिल की जिला में पहली रैंक, परिजनों में खुशी की लहर


भूमिका का फाइल फोटो

**रजौली**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में रजौली की बेटी भूमिका ने वाणिज्य संकाय में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पटना जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। भूमिका की इस शानदार सफलता से पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजन मिठाई बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। भूमिका टकुआटांड़ निवासी पूर्व मुखिया सह समाजसेवी दिवंगत महादेव यादव की पौत्री तथा रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव की द्वितीय पुत्री हैं। बेटी की उपलब्धि पर पिता संजय यादव ने कहा कि भूमिका ने कठिन मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत कर प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रोशन करे। भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उसने कहा कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता संभव हो सकी। भूमिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, विजेता कलाकारों को किया गया पुरस्कृत



**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं तीन दिवसीय पूजा-अर्चना कार्यक्रम के समापन के अवसर पर गुरुवार की रात्रि भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया गया। आयोजित दुगोला कार्यक्रम में जहानाबाद से पहुंचे व्यास सुजीत हलचल एवं दाउदनगर (औरंगाबाद) के प्रसिद्ध कलाकार किरण बेदर्दी ने अपने गायन व सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।।कलाकारों के बीच हुए सांस्कृतिक मुकाबले ने कार्यक्रम को खास आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव तथा विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता कलाकारों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण प्यारे मंडल,शिवशंकर मंडल,पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा,उत्साह एवं सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला।

# रजौली में 'जीरो डोज' मुक्त बचपन के लिए प्रशासन और धर्मगुरुओं ने लिया संकल्प

♦ **टीकाकरण से छूटे मासूमों को सुरक्षा कवच देने की बड़ी तैयारी,बीडीओ संजीव कुमार झा बोले 'सामूहिक प्रयास से ही मिटेगा बीमारियों का अंधेरा'**


प्रखंड सभागार में बीडीओ व कर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली, नवादा**। रजौली प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार शुक्रवार को एक ऐसी संकल्पबद्धता का गवाह बना, जहां नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी तंत्र और समाज के मार्गदर्शक एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आए। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस गरिमामयी बैठक का मुख्य केंद्र 'जीरो डोज अभियान' को शत-प्रतिशत सफल बनाना रहा, जिसमें बीडीओ ने बेहद आत्मीयता और गंभीरता के साथ इस बात पर जोर दिया कि समाज का कोई भी नवजात बच्चा टीकाकरण के सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। इस महत्वपूर्ण विमर्श में विकास मित्रों और शिक्षा सेवकों की कर्मठता के साथ-साथ विभिन्न धर्मगुरुओं की प्रेरक उपस्थिति ने अभियान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जीरो डोज का मूल उद्देश्य केवल सुई लगाना नहीं, बल्कि हर घर में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का दीप जलाना है, ताकि समय पर टीकाकरण के माध्यम से बीमारियों को जड़ से मिटाया जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से भावुक अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं और उन बच्चों को चिन्हित कर मुख्यधारा से जोड़ें जो अब तक किसी कारणवश इस सुरक्षा चक्र से बाहर हैं।

इस महत्वपूर्ण रणनीति बैठक में प्रशासनिक एकजुटता की एक अनूठी तस्वीर तब दिखी जब बीपीआरओ हरिमोहन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार, सीडीपीओ सीता कुजूर और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद जैसे अधिकारियों ने एक स्वर में इस मिशन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। अभियान की तकनीकी बारीकियों और इसकी संवेदनशीलता को साझा करते हुए पीसीआई के जिला समन्वयक कुमार अभिषेक और ब्लॉक समन्वयक पंकज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी कि कैसे एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे के जीवन को अपंगता और गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। वहीं, समाज में गहरा प्रभाव रखने वाले धार्मिक गुरुओं ने भी बड़ी सहृदयता के साथ इस मुहिम का समर्थन किया और विश्वास दिलाया कि वे अपनी वाणी और प्रभाव से भ्रांतियों को दूर कर लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। पूरी चर्चा के दौरान यह भाव स्पष्ट रहा कि जब शिक्षा, प्रशासन और धर्म का संगम होता है, तो लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो जाती है।

### तेज आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से रजौली में तबाही, कई मकानों पर गिरे पेड़ और हाई मास्ट लाइट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **बौढी कला और महादेव मोड़ में घर क्षतिग्रस्त, गया-रजौली रोड घंटों बाधित, फसलों को भी नुकसान**

**रजौली**। रजौली प्रखंड में शुक्रवार शाम अचानक आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवा से कई जगह पेड़-पौधे उखड़कर गिर गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई मकान क्षतिग्रस्त हुए और सड़क मार्ग भी बाधित हो गए। सिरोडाबर पंचायत के बौढी कला गांव में शिवानंद यादव के पुत्र प्रदीप यादव के करकट नुमा मकान पर विशाल पेड़ गिर गया। मकान क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गृहस्वामी बाल-बाल बच गए। पीड़ित परिवार ने अंचल अधिकारी से मुआवजे की मांग की है। गया-रजौली रोड एसएच-70 पर दुलरपुरा के पास बीच सड़क पर पेड़ गिरने से घंटों यातायात बाधित रहा। बाद में जेसीबी मशीन से पेड़ हटाकर आवागमन बहाल किया गया। महादेव मोड़ निवासी प्रकाश पंडित के घर पर भी बड़ा पेड़ गिर गया। इससे मकान की छत फट गई और कमरे में रखा पंखा व टीवी टूट गया। पीड़ित ने करीब एक लाख रुपये की क्षति बताई है। आंधी-पानी से किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रजौली नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित मोबिनपुर गांव में दामोदर यादव के घर पर नगर पंचायत द्वारा लगाई गई हाई मास्ट लाइट गिर गई। नगरवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर रोष जताया। लोगों का कहना है कि भारी खर्च के बाद भी गुणवत्ताविहीन खंभा लगाने के कारण हाई मास्ट लाइट एक हवा का झोंका भी नहीं झेल पाई। प्रखंड कार्यालय परिसर में भी लगभग आधा दर्जन पेड़ गिरे पड़े हैं। ब्लॉक रोड में वन विभाग कार्यालय के आसपास कई पेड़-पौधे धराशायी होने से लोगों में दहशत है। हरदिया के सेक्टर-ए में बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

इस संबंध में सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ गिरने से घर टूटने पर आपदा प्रबंधन की ओर से कोई राशि नहीं दी जाती, बल्कि जान-माल के नुकसान पर ही सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाता है। सीओ ने बताया कि रजौली क्षेत्र में सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ,कौआकोल के बैनर तले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विनय कुमार ने की। बैठक में संघ के विभिन्न संगठनात्मक एवं कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर महामंत्री जुली कुमारी,उपाध्यक्ष मृदुला कुमारी,संयुक्त मंत्री अभिजीत आनंद,कोषाध्यक्ष आशा कुमारी सहित संघ से जुड़े कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य स्थिति,विभागीय समस्याएं,सेवा से संबंधित मुद्दे तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

साथ ही सभी कर्मियों ने आपसी समन्वय बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को संगठन की एकजुटता बनाए रखने एवं जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का आह्वान किया।

# रजौली में गुप्त सूचना पर पुलिस की छापेमारी चोरी की अपाची बाइक बरामद

## अवैध शराब कारोबार के लिए लाई गई थी बाइक, दो आरोपी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भौंर गांव से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है,जो अवैध शराब के कारोबार में इस्तेमाल के लिए बाइक को छिपाकर रखा गया था। साथ ही पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भौंर गांव निवासी केदार सिंह के घर के बथान में चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखी गई है। सूचना के अनुसार केदार सिंह के नाती सिरदला थाना क्षेत्र के रवियो गांव निवासी छोटेलाल राम के पुत्र बिक्रम कुमार ने बाइक छिपाई है। चोरी के बाइक का उपयोग बिक्रम और उसका सहयोगी भौंर गांव निवासी मनोज यादव के पुत्र जेपी कुमार मिलकर शराब का अवैध कारोबार के लिए करते हैं। छापेमारी के दौरान केदार सिंह के घर के बथान में एक मोटरसाइकिल कपड़े से ढकी मिली। पूछताछ में केदार सिंह ने बताया कि उनके नाती बिक्रम कुमार सुबह बाइक लेकर आया था और बथान में लगाकर चला गया। बिना नंबर प्लेट की काले-लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल बरामद हुई। केदार सिंह बाइक से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। विधिवत जप्ती सूची बनाकर बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। थाना परिसर में पॉश मशीन से चेचिस नंबर की जांच करने पर बाइक चोरी की पाई गई। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर46आर5763 है। चोरी के बाइक की जब्ती को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद अनुसंधान के क्रम में पीटीसी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से बाइक चोरी में शामिल दो अभियुक्तों भौंर गांव निवासी मनोज प्रसाद के पुत्र जेपी कुमार और महेंद्र यादव के पुत्र चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

### शिक्षा विभाग के निर्देशों से जनगणना में प्रतिनियुक्त शिक्षक असमंजस में, दोहरे दायित्व से बढ़ा मानसिक तनाव

♦ **दूरी वाले स्कूलों में तैनात प्रगणकों को 12 :30 बजे तक विद्यालय लौटने का दबाव, वरपूजा पर महिला शिक्षिकाओं की छुट्टी पर भी संकट**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी के 11 मई 2026 के पत्र तथा अपर मुख्य सचिव के 13 मई 2026 के पत्रांक 07/नीति 24-04/2026/1631 के निर्देश के बाद जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं। रजौली प्रखंड में कई शिक्षकों को अपने विद्यालय से दूर प्रगणक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षकों का कहना है कि नए निर्देश के तहत उन्हें विद्यालय में स्वयं उपस्थिति दर्ज कर जनगणना कार्य पर जाना है और 12:30 बजे पुनः विद्यालय लौटकर प्रस्थान की उपस्थिति बनानी है। दूरस्थ क्षेत्रों में जनगणना की जिम्मेदारी निभा रहे शिक्षकों के लिए तय समय पर विद्यालय लौटना व्यावहारिक नहीं है। इससे उनका जनगणना कार्य बाधित हो रहा है। विद्यालय प्रधान भी स्पष्ट निर्देश के अभाव में कोई राहत देने में असमर्थ हैं। वे भी इस मामले में निर्देश देने में असहज महसूस कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जनगणना पूरा करने के लिए उन्हें 'मार्क ऑन ड्यूटी' की सुविधा अतिआवश्यक है। 13 मई के निर्देश का पालन करने पर जनगणना कार्य पूरा नहीं हो सकेगा। मजबूरी में उन्हें निर्देश की अवहेलना करनी पड़ रही है। शिक्षकों ने कहा कि मशीन मानने पर भी दोनों कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को शिक्षकों की मानसिक मनोदशा को समझते हुए समीक्षा कर स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए। रजौली में कई प्रगणक 15 मई 2026 को भी अपने विवेक से 'मार्क ऑन ड्यूटी' कर जनगणना कार्य कर रहे हैं। वहीं कुछ शिक्षक विद्यालय में सेल्फ उपस्थिति दर्ज कर जनगणना कार्य करने में असमर्थ और असहज महसूस कर रहे हैं। इधर 16 मई 2026 को महिलाओं का प्रमुख त्योहार वरपूजा है। दूरस्थ क्षेत्रों में जनगणना ड्यूटी करने वाली शिक्षिकाओं को आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति भी विधिवत नहीं मिल पा रही है। इससे वे मानसिक तनाव से जूझ रही हैं। रजौली शिक्षक नेता अजीत कुमार ने नवचयनित मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, राज्य सरकार और अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। इससे शिक्षक विद्यालय और जनगणना दोनों दायित्वों का समय पर निर्वहन कर सकेंगे।

### मुरहेना पंचायत में पैन-आहर सफाई में करोड़ों के गबन का आरोप, जांच के आदेश

♦ **सूचना बोर्ड गायब, 35 फीट चौड़े पैन को 3-4 फीट की नाली में बदला, RTI के बाद उड़नदस्ता को जांच का निर्देश**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड के ग्राम पंचायत मुरहेना में लघु जल संसाधन विभाग, बिहार पटना द्वारा कराई जा रही पैन और विभिन्न आहरों की सफाई में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जी बाड़ा के तहत राशि गबन का आरोप लगा है। शिकायत पर लघु जल संसाधन विभाग ने उड़नदस्ता को जांच के आदेश दिए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता बिंदा प्रसाद निराला के अनुसार बरहगईयां पैन और अन्य आहरों की सफाई का कार्य करोड़ों रुपये के प्राक्कलन से कराया जा रहा है। आरोप है कि अभिकर्ता ने कार्यस्थल पर कहीं भी योजना से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया है। नक्शे के अनुसार पैन की चौड़ाई सतह और पिंड मिलाकर 35 से 36 फीट है। लेकिन अभिकर्ता ने सफाई के नाम पर मात्र तीन से चार फीट चौड़ी खुदाई कर पैन को नाली में बदल दिया है। खुदाई से निकली मिट्टी को पैन के अंदर ही डालकर पैन का अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है। अतिक्रमण के कारण कई जगह पैन की चौड़ाई घटकर तीन से चार फीट रह गई है। जमींदारी काल से यह पैन 12 गांवों के पानी का मुख्य स्रोत रहा है। इसी पैन से चार बड़ी और पांच छोटी आहरों में पानी जाता है। आरोप है कि सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर पैन और आहर का अस्तित्व खत्म कर सरकारी राशि का गबन किया जा रहा है। इस मामले में बिंदा प्रसाद निराला ने 15 मार्च 2026 को लघु जल संसाधन विभाग, पटना और मुख्यमंत्री, बिहार सरकार को शिकायत भेजी थी। शिकायत के आलोक में लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 2602 दिनांक 17 अप्रैल 2026 के द्वारा सरकार के अपर सचिव संगीता सिंह ने अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता, लघु जल संसाधन विभाग पटना को जांच का आदेश दिया है। पत्र में एक पक्ष के अंदर जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पैन और आहर की चौड़ाई घटने से सिंचाई व्यवस्था चौपट हो जाएगी। मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# अमावां में फर्जी महंत के विरुद्ध फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, हंगामा कर बाहर निकाला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **दयानंद मुनि पर लगा अपराधी,चरित्रहीन और संपत्ति के लोभी होने का आरोप**
- **पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत,जांच में जुटी पुलिस**

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव के संगत में शुक्रवार को ताजपोशी के दौरान भारी हंगामा हुआ। संगत में अमावां गांव एवं आसपास के गांवों के हजारों महिलाएं एवं पुरुषों ने दो महीने पूर्व खुद को संगत का महंत कहने वाले दयानंद मुनि को खदेड़ दिया। इस हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल अमावां संगत पहुंचे एवं घंटों मशक्कत के बाद मामला को शांत करवाया।

**दयानंद मुनि पर ग्रामीणों ने लगाए गम्भीर आरोप** :- अमावां संगत परिसर में मौजूद ग्रामीण महिलाओं संगीता देवी,अनिता देवी,मंजू देवी,कुंती देवी,कारी देवी,रामपति देवी एवं रूबी देवी आदि ने बताई कि लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से महंत रहे शक्तिमुनि दास को कथित कमिटी के लोगों ने षड्यंत्र रचकर दो महीने पूर्व संगत में नए महंत दयानंद मुनि को लाया है। नए महंत खैनी और गुटखा समेत अन्य कई प्रकार के नशे का उपयोग संगत परिसर में किया जाता है। साथ ही जीविका के मीटिंग और शिव चर्चा में शामिल महिलाओं को गलत दृष्टि से देखा जाता है। साथ ही कही कि दयानंद मुनि द्वारा बिना इजाजत के महिलाओं के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की जाती है। महिलाओं ने कहा कि कोरोना काल के समय शक्तिमुनि दास ने घर घर जाकर शंख आदि बजाया था और ग्रामीणों की सहायता की थी।

वहीं ग्रामीण पुरुष भरत राय,बबन राय,हीरा लाल,मनोज कुमार सिंह,शत्रुघ्न राय,सुखदेव यादव,रामेश्वर महतो,प्रेम कुमार सिंह,प्रमोद कुमार सिंह,मिथलेश राय एवं शंकर सिंह ने बताया कि संगत की दो गौ माता की मौत देखभाल के आभाव में हो गई। नए महंत द्वारा मृत गौ माता को खुले में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया,जो उनकी लापरवाही को दर्शाता है।

**बिना सूचना के षड्यंत्र रचकर माहौल किया गया खराब** :- ग्रामीणों ने कहा कि न्यास बोर्ड द्वारा नए महंत के रूप में दयानंद मुनि की प्रतिनियुक्ति की गई थी,तो ढोल बाजा बजाकर गद्दी सौंपने से पूर्व ग्रामीणों को क्यों नहीं सूचित किया गया था। साथ ही कहा कि गांव के ही कुछ लोग अपने लोभ-लालच में अंधे होकर संगत की संपत्ति को फर्जी महंत के माध्यम से लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। ग्रामीणों के जागरूक होने के बाद कथित संगत की कमिटी के एक भी सदस्य नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने एकसुर में कहा कि संगत का महंत पुराने वाले बाबा अर्थात शक्तिमुनि दास ही रहेंगे।



**डीएम के निर्देश पर दयानंद मुनि को बनाया गया था महंत** :- बीते लगभग दो माह पूर्व न्यास बोर्ड से निर्गत आदेश के आलोक में डीएम नवादा के निर्देश पर बीडीओ रजौली की उपस्थिति में संगत में महंत के रूप में दयानंद मुनि का प्रवेश हुआ था। प्रवेश के समय से ही लोगों में रोष व्याप्त था,जो शुक्रवार को फूट गया।

**क्या कहते हैं पुराने महंत** :- बीते दस वर्षों से भी अधिक समय से महंत रहे शक्तिमुनि दास ने बताया कि हमारे कर्तव्यों और व्यवहार का परिणाम है कि हजारों महिला-पुरुष हमारे साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दयानंद मुनि उत्तर प्रदेश का रहने वाला एक अपराधी है,जो चरित्रहीन और संपत्ति का लोभी व्यक्ति है। दयानंद मुनि ने फर्जी कागजातों के माध्यम से न्यास बोर्ड से फर्जी आदेश प्राप्त कर अधिकारियों को गुमराह किया है और दो महीने से संगत में प्रवेश कर चुका है,जिसे ग्रामीणों ने खदेड़ दिया है।

**क्या कहते हैं पुलिस पदाधिकारी** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि अमावां संगत में हल्ला-हंगामा की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में एसआई अरविंद पासवान एवं एसआई सचिन कुमार के साथ पुलिस बलों को भेजा गया था। पुलिस बलों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों महंतों को थाना लेकर आई है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में रूसी परिवार ने पूर्वजों का किया पिंडदान, फल्गु तट पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**गया।** मोक्ष नगरी गयाजी में एक बार फिर विदेशी श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। पवित्र फल्गु नदी तट पर रूस से आए एक परिवार ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए जवान की आत्मा की शांति के लिए विधिवत पिंडदान किया। बहन ललिता राधा रानी फेस, जीजा सुंदरा फेस और उनकी छोटी बच्ची ने एक साथ पिंडदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पिंडदान संपन्न किया। सुंदरा फेस ने बताया कि युद्ध में उनके साले की मौत के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया था। गयाजी में पिंडदान करने की मान्यता पूरे विश्व में है, इसलिए हम यहां आए हैं। ताकि मृत आत्मा को शांति मिले और परिवार में सुख-शांति बनी रहे। हम अपने साले और अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर रहे हैं। फल्गु नदी तट पर पिंडदान की यह प्रक्रिया स्थानीय पुरोहित कुमार गौरव की देखरेख में संपन्न हुई। पुरोहित कुमार गौरव ने बताया कि यह पूरा परिवार रूस का रहने वाला है और विशेष रूप से गयाजी में पिंडदान करने पहुंचा है। गयाजी की धार्मिक मान्यता पूरे विश्व में है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास है कि पिंडदान से पूर्वजों की आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। गौरतलब है कि फल्गु रिवर तट पर हर साल देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करने आते हैं। विदेशी श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या गयाजी की आध्यात्मिक और धार्मिक महत्ता को दर्शाती है। इस दौरान स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भी विदेशी परिवार की आस्था को देखकर भावुकता व्यक्त की। युद्ध में जान गंवाने वाले जवान को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार के सदस्यों ने ईश्वर से आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### लापता व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत, घर से डेढ़ किमी. दूर नदी किनारे मिला शव



**नालंदा।** नालंदा में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पैमार नदी के पास शव मिला है। मृतक की पहचान बीघा गांव निवासी महेंद्र राम(56) के तौर पर हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना बेना थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर 3 बजे घर से निकले थे, इस बाद नहीं लौटे। खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को ग्रामीण नदी किनारे गए थे, इस दौरान शव पर नजर पड़ी। जिसके बाद परिवार को सूचना दी गई। शुरुआती जांच में शरीर पर किसी भी तरह के बाहरी जख्म या चोट के निशान नहीं पाए गए है। शव मृतक के घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद हुआ है। जानकारी मिलते ही बेन थानाध्यक्ष रविराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य संकलन के लिए FSL की टीम को बुलाया गया है। परिजनों से आवेदन प्राप्त कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर को अपराधियों ने मारी गोली, पैसों के लेनदेन के विवाद में वारदात; पीठ में लगी बुलेट, पटना रेफर

**नालंदा।** नालंदा में अपराधियों ने गुरुवार देर रात प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। बाजार से घर लौटते समय गोली मारी गई है। गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान सुभाष स्कूल फील्ड निवासी राजीव कुमार(45) के तौर पर हुई है। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र की है। खुदागंज के कंचनपुर निवासी राजीव कुमार वर्तमान में इस्लामपुर में अपना घर बनाकर रह रहे हैं और जमीन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। बीती रात जब वह बाजार से लौट रहे थे, तभी घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके घर के पास ही निशाना बनाया। अपराधियों ने राजीव की पीठ में पीछे से गोली मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। हिलसा डीएसपी-2 ऋषिराज ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पीड़ित को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया गया है और जांच के लिए डीआईयू तथा फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे ने बताया कि पीड़ित के फर्द बयान के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घायल राजीव कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि यह हमला पैसे के लेनदेन के पुराने विवाद को लेकर किया गया है।

### साइकिल पर उतरी रेल पुलिस, जंक्शन के आसपास विशेष गश्ती अभियान



**गयाजी।** गयाजी रेलवे स्टेशन पर अब सुरक्षा का अंदाज बदला-बदला नजर आ रहा है। बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों के बीच जहां आम लोग पैसे बचाने के नए रास्ते तलाश रहे हैं, वहीं रेलवे सुरक्षा बल ने भी एक अलग संदेश दिया है। अब स्टेशन परिसर में आरपीएफ जवान गाड़ियों की जगह साइकिल से गश्ती करते दिख रहे हैं। पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट की ओर से शुक्रवार को विशेष साइकिल गश्ती अभियान चलाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव के नेतृत्व में जवान साइकिल पर सवार होकर पूरे स्टेशन परिसर में मुस्तैदी से गश्ती करते नजर आए। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, मुख्य प्रवेश द्वार, निकास द्वार, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म से जुड़े संवेदनशील इलाके, प्रतीक्षालय और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष नजर रखी गई। रेलवे स्टेशन पर साइकिल से गश्त कर रहे जवानों को देखकर यात्रियों के बीच भी चर्चा शुरू हो गई। लोगों ने इसे बदलते दौर की जरूरत और बेहतर पहल बताया। एक तरफ पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ी है, तो दूसरी तरफ सरकारी तंत्र में इस तरह का बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत अपील को जमीन पर उतारता दिख रहा है। आरपीएफ अधिकारियों का मानना है कि साइकिल गश्ती से कई फायदे हैं। इससे स्टेशन परिसर के छोटे-छोटे हिस्सों तक तेजी से पहुंचा जा सकता है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी आसान होती है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर और मजबूत होती है। साथ ही यह यात्रियों के बीच सुरक्षा का सकारात्मक संदेश भी देता है। गश्ती अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में स्थिति सामान्य रही। पूरा अभियान शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। आरपीएफ ने इसे सफल पहल बताते हुए आगे भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही।

# गयाजी में भीड़ कंट्रोल करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी

## पेट्रोल पंप के बाहर लंबी लाइन, मैनेजर बोले- डिमांड के अनुसार नहीं आ रहा तेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा दी गई है। गयाजी में पेट्रोल-डीजल की कीमत में 3.32 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल 109.26 रुपए, जबकि डीजल 95.29 रुपए प्रति लीटर है। शहरी इलाकों में तो स्थिति सामान्य है, लेकिन अफवाह के चलते ग्रामीण इलाकों में पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ देखी गई। इमामगंज नगर पंचायत स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ के चलते करीब 1 किलोमीटर तक जाम लग गया। क्राउड कंट्रोल करने के लिए पुलिस को बुलानी पड़ गई। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अधिकांश लोग टंकी फुल करवाने के लिए घंटों लाइन में खड़े दिखाई दिए।

**400 रुपए का पेट्रोल मिल रहा है:** पंप के मैनेजर मनोज ने बताया कि फिलहाल पेट्रोल-डीजल देने की कोई निर्धारित सीमा तय नहीं की गई है। लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगभग 300 से 400 रुपए तक का ईंधन लोगों को दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुविधा मिल सके। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

**लोगों की बढ़ी परेशानी:** तेल भरवाने पहुंचे राकेश, विकास ने बताया कि महंगाई से आम जनता परेशान है। अब पेट्रोल और डीजल की कमी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोगों को दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**डिमांड के अनुसार नहीं आ रहा तेल:** वहीं, महारानी पेट्रोल पंप के मैनेजर सुधांशु कुमार का कहना है कि सप्लाई चेन पहले की अपेक्षा घट गई है। हमारे पेट्रोल पंप पर प्रतिदिन 8000 लीटर की खपत है। लेकिन उतनी मात्रा में नहीं मिल रही है। इस वजह से परेशानी हो रही है। भारी मात्रा में डीजल और पेट्रोल की डिमांड करने वालों को समझाया जा रहा है, लेकिन कोई कुछ समझने को तैयार नहीं है।

# ईंट-पत्थर से कूचकर शव बधार में फेंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ परिजन कुछ भी बोलने से कर रहे परहेज

**गयाजी।** गयाजी में अपराधियों ने एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। ईंट-पत्थर से कूचकर शव बधार में फेंक दिया। गुरुवार से लापता था। मृतक की पहचान शेरपुर निवासी शांतनु कुमार उर्फ बहादुर के रूप में हुई है। घटना बेलागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के पास की है। ग्रामीणों के मुताबिक सुबह जब लोग बधार की ओर गए तो वहां शांतनु का शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर आग की तरह गांव में फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों को सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

**गांव के लोगों से भी पूछताछ:** सूचना मिलते ही बेलागंज थाना के अपर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

**दावा- जल्द होगा मामले का खुलासा:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शुरुआती जांच में कई बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। फिलहाल शेरपुर गांव में मातम पसरा है और हर किसी की जुबान पर बस एक ही सवाल है कि आखिर शांतनु की इतनी बेरहमी से हत्या किसने और क्यों की।

# बाइक ने युवक को मारी टक्कर, मॉर्निंग वॉक पर घर से निकला था



बॉडी और सिर में गंभीर चोट, आरोपी फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बाइक ने युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक 10 फीट तक हवा में उछलकर बीच सड़क पर गिर गया। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने अस्पताल में एडमिट कराया। घायल की पहचान सुदामा कुमार(25) के तौर पर हुई है। सुबह वॉक पर निकला था।

सड़क क्रॉस करते समय तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सिर, शरीर और अन्य हिस्सों में गंभीर चोट है। हालत नाजुक बनी है। घटना नादरागंज मोहल्ले की है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। प्रशासन से स्पीड पर लगाम लगाने की मांग की है।

**पहचान के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी:** थानाध्यक्ष के अनुसार, घायल युवक का इलाज चल रहा है। पुलिस आसपास लगे अन्य कैमरों की भी जांच कर रही है, ताकि आरोपी ड्राइवर तक जल्द पहुंचा जा सके। दोषी की पहचान होने के बाद उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जज समेत 4 बंद घरों में चोरी, मेन डोर का लॉक तोड़कर देर रात अंदर घुसे चोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ कैश, गहने और कीमती सामान लेकर फरार



**नालंदा।** नालंदा के गोसाईपुर गांव में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। एक ही रात में पटना में कार्यरत एक न्यायधीश (जज) सहित चार बंद घरों को अपना निशाना बनाया। नकद समेत लाखों रुपए गहने और कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। घटना चीकसौरा थाना क्षेत्र की है।

**एक ही पैटर्न पर वारदात को अंजाम:** सभी पीड़ित परिवार गांव से बाहर रहते हैं, जिसका फायदा चोरों ने बखूबी उठाया। गृहस्वामी सुजीत कुमार ने बताया कि उनका परिवार हिलसा में रहता है। पत्नी गोसाईपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में टीटर हैं, जो शाम को घर की देखभाल कर वापस हिलसा चली जाती हैं। गुरुवार की रात चोरों ने मुख्य गेट का ताला काटकर घर में प्रवेश किया। चार कमरों के ताले तोड़कर बक्से में रखे 41 हजार रुपए नकद और करीब 5 लाख रुपए के जेवरात ले उड़े।

**जज के घर को भी नहीं छोड़ा:** चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि सुजीत कुमार के भाई, जो पटना में न्यायधीश(जज) के पद पर तैनात हैं, उनके घर को भी नहीं छोड़ा। केयरटेकर ग्रामीण किशोरी प्रसाद ने बताया कि रोज शाम को बल्ब जलाकर अपने घर चले जाते हैं। सुबह जब वे वापस आए तो देखा कि मेन गेट समेत तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। जिसके बाद मकान मालिक को सूचना दी गई।

**अन्य घरों में भी हुई लूटपाट:** चोरों ने अनिल कुमार के बंद घर में भी सेंध लगाई है। घर की देखरेख करने वाले जुदागी प्रसाद ने बताया कि चार कमरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। वहीं, गांव के ही प्रफुल्ल प्रसाद के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन वहां चोर सफल नहीं हो सके।

**में जुटी पुलिस और फॉरेंसिक टीम:** सूचना मिलते ही चिकसौरा थानाध्यक्ष गौरव सिंधू दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही चोरों की शिनाख्त कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छेड़खानी का विरोध करने पर नाबालिग के पिता पर हमला, आरोपी ने चाकू से किया वार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ गांव के लोगों ने पिटाई कर आरोपी को पुलिस को सौंपा

**नालंदा।** नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को नाबालिग के छेड़खानी की कोशिश का मामला सामने आया। जानकारी के बाद जब लड़की के पिता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, तो उसने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, छेड़खानी की वारदात उस वक्त हुई, जब 14 साल की लड़की घर से जलावन (लकड़ी) लाने के लिए जंगल की ओर गई थी। इसी दौरान गांव के ही एक मनचले ने छेड़खानी का प्रयास किया।

पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी गांव के रहने वाले अर्जुन केवट का बेटा रणधीर केवट है। वारदात के बाद मेरी बेटी ने किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया और शोर मचाना शुरू कर दिया। बेटी की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। बदहवास हालत में घर पहुंची बेटी ने हमलोगों को घटना की जानकारी दी।

**शिकायत करने गए पिता पर चाकू से वार:** घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के पिता लोकलाज और सामाजिक तौर पर शिकायत दर्ज कराने आरोपी रणधीर केवट के घर पहुंचे। लेकिन गलती मानने के बजाय आरोपी उग्र हो गया और उसने अचानक चाकू निकालकर पीड़िता के पिता के सिर पर हमला कर दिया। चाकू लगने से वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से घायल पिता को आनन-फानन में इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, जांच जारी:** घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रणधीर केवट की पहले धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। दीपनगर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन मिलते ही सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गेरुआ वस्त्र में दिखे तेजप्रताप, पेट्रोल-डीजल पर बोले- सीएम को काफिले में गाड़ियां कम करनी चाहिए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे और JJD पार्टी के अध्यक्ष तेजप्रताप यादव गयाजी पहुंचे है। समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद पूजा-अर्चना के लिए बोधगया स्थित भूटान मंदिर रवान हुए। इस दौरान तेजप्रताप माथे पर चन्दन का त्रिपुंड और गेरुआ वस्त्र में नजर आए। खास बात यह कि देश मे पेट्रोल-डीजल के संकट के बीच तेजप्रताप यादव 6 गाड़ियों के काफिले के साथ नजर आए। सूत्रों का कहना है कि एक वेब सीरीज में संत की भूमिका अदा करने आए हैं। भूटानी मंदिर में शूटिंग चल रही है। हालांकि अंदर किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है।

**पीएम ने इलेक्ट्रिक वाहन के इस्तेमाल की बात कही है:** तेजप्रताप का यह दौरा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सियासी संकेतों से भी भरा दिखा। मीडिया के सवालों पर अपने अंदाज में जवाब देकर बिहार की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर जब उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने सीधा केंद्र सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर कीमत बढ़ी है, तो बढ़ी है। प्रधानमंत्री जी ने इलेक्ट्रिक वाहन इस्तेमाल करने की बात कही है।

**सीएम को भी काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करनी चाहिए:** वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने वीआईपी काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करने की सलाह दी है। तेजप्रताप ने इसे अच्छी पहल बताया, लेकिन साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री पर भी निशाना साध दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम करनी चाहिए।

**मंदिर में कोई भी दर्शन कर सकता है:** हालांकि मंदिर दर्शन को लेकर उन्होंने साफ कहा कि 'विष्णुपद मंदिर में दर्शन करने आए हैं। आप लोग भी दर्शन कीजिए। इसमें दिक्कत क्या है।

# युवक से 10.67 लाख की ठगी, फेसबुक से युवती से हुई थी पहचान

## बिजनेस में प्रॉफिट का लालच दिखाकर बनाया शिकार




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ पार्टनर के रूप में काम करने की बात कही गई थी

**गयाजी।** गयाजी में एक युवक से 10.67 लाख की ठगी हुई है। बिजनेस में प्रॉफिट का लालच दिखाकर युवती ने निशाना बनाया है। इस मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

गुरुआ बाजार निवासी आत्मेश कुमार सुमन ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से पल्लवी अग्रवाल से मार्च महीने में जान-पहचान हुई थी। शुरुआत में बातचीत सामान्य रही। फिर व्हाट्सएप के जरिए लगातार संपर्क बढ़ता चला गया। पल्लवी ने खुद को भरोसेमंद बताते हुए बिजनेस में निवेश करने पर अच्छा लाभ मिलने का झांसा दिया। धीरे-धीरे उसने अपने अन्य साथियों से भी संपर्क कराया, जो लगातार बड़े मुनाफे का लालच देकर मानसिक दबाव बनाते रहे।

पार्टनर के रूप में काम करने की बात कही गई थी। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए कुछ रकम पर रिटर्न भी दिया गया। इससे उसे लगा कि बिजनेस असली है। इसी भरोसे में आकर उसने पांच मार्च से 18 मार्च के बीच यूपीआई, एनईएफटी और आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग खातों में कुल 10 लाख 67 हजार 270 रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब बड़ी रकम जमा हो गई तो ठगों का असली चेहरा सामने आने लगा।

**कर्ज लेकर निवेश किया था:** पीड़ित ने आगे कहा कि प्रॉफिट रिटर्न भी बंद हो गया। रकम वापस मांगने पर टालमटोल करते रहे। कभी प्रोसेसिंग का बहाना, तो कभी बिजनेस में और निवेश की मांग की जाने लगी। गिरोह के लोग लगातार और पैसे डालने का दबाव बना रहे थे। इसके बाद ठगी का एहसास हुआ। यह रकम उसने कर्ज लेकर लगाई थी। पैसे डूबने के बाद से वह मानसिक तनाव में है।

**ज्यादा मुनाफे के झांसे से बचने की अपील:** साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर, बैंक खातों और सोशल मीडिया प्रोफाइल के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों के बिजनेस ऑफर, निवेश योजना और जल्दी मुनाफे के झांसे में आने से बचें, क्योंकि एक छोटी सी गलती बड़ी आर्थिक तबाही में बदल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले में दो महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुछीला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें दो महिला समेत कुल आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में गुड्डू कुमार उम्र 24 वर्ष पिता सुदामा राजभर, कृष्ण कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुदामा राजभर, कंचन कुमारी उम्र 24 वर्ष पिता धनजी कुमार, सुदामा राजभर उम्र 60 वर्ष, सरिता कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता गणेश कुमार ,सूरज कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मदन राजभर शामिल है। सभी घायल ग्राम कुछीला थाना कोचस के बताए गए हैं। घटना के बारे मे बताया जाता है कि पुरानी रंजीत को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्ष के कुल आधा दर्शन लोग घायल हो गए, परिजनों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अविनाश कुमार ने उपचार उपरांत गुड्डू कुमार के सर फटने तथा सभी के शरीर में आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि कंचन कुमारी 5 महीने की गर्भवती महिला है इसके पेट में चोट आई है जिसे बेहतर उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल के प्रसूति व शिशु विभाग में भेजा गया है।

### एक युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तिगंज गांव में गुरुवार की देर शाम एक युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई । युवक का शव उसके ही घर से बरामद किया गया । गले पर रस्सी के निशान मिलने के बाद मामला और भी रहस्यमय हो गया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है । मृत युवक की पहचान मुक्तिगंज निवासी नंदू सिंह के 18 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार के रूप में हुई है । घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची । प्रभारी थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन ने बताया कि पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो युवक का शव जमीन पर पड़ा हुआ था । जांच के दौरान युवक के गले पर रस्सी के निशान पाए गए है ।प्रभारी थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के पिता ने बताया कि युवक के गले में रस्सी बंधी हुई थी,जिसे उन्होंने खुद खोल दिया था । पुलिस ने उक्त रस्सी को जब्त कर लिया है । उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया मृतक के पिता की मानसिक स्थिति सामान्य प्रतीत नहीं हो रही थी । पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया । मृतक के परिजनों के फर्दबयान के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है । परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक की हत्या कर शव को घर में फेंक दिया गया । प्रभारी थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन ने बताया कि घटना आत्महत्या है या हत्या,इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा । फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में जुटी हुई है ।

### मारपीट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार,भेजा जेल

**काराकाट /रोहतासः** पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णनाथडीह निवासी रवि रंजन कुमार उर्फ रवि कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 203/25 के आलोक में मारपीट करने का मामला दर्ज था ।

### पुलिस ने एक इश्तिहार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**काराकाट / रोहतास** : काराकाट पुलिस ने एक इश्तिहार वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बेदवलिया निवास सुकर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से इश्तिहार वारंट निर्गत था ।

### भक्ति और आस्था के रंग में डूबा महुअरी,मां काली के वर्षगांठ समारोह में उमड़ा जनसैलाब



**काराकाट /रोहतासः** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुअरी स्थित मां काली मंदिर प्रांगण शुक्रवार को भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया,जहां मां काली का वर्षगांठ समारोह पूरे श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया । मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण मां के जयकारों से भक्तिमय हो उठा ।समस्त ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित अखंड संकीर्तन ने पूरे गांव को भक्ति रस में सराबोर कर दिया । संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों और मां के गुणगान से श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे । इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया,जिसमें गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई । वर्षगांठ समारोह को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला । आयोजन के उपरांत ग्रामीणों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जहां हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक मां का प्रसाद ग्रहण किया । मंदिर परिसर में सेवा,समर्पण और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली । पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही तथा गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा । मौके पर समस्त ग्रामीण जनता, गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

### महिला कॉलेज में कदाचार मुक्त लिया जा रहा है स्नातक सेमेस्टर टू की परीक्षा

**सघन जांच पड़ताल के बाद हीं परीक्षार्थियों को मिल रहा प्रवेश**



**राजपुर--** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीजेपीएस महिला महाविद्यालय में संचालित वीरकुंवर सिंह विश्वविद्यालय सम्बद्ध स्नातक सेमेस्टर टू सत्र 2025-29 की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से लिया जा रहा है.परीक्षा को कदाचार मुक्त रखने के लिए कॉलेज प्रशासन के तरफ से परीक्षार्थियों का मेन गेट पर प्रवेश से पूर्व सघन जांच पड़ताल किया जा रहा है. कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रघुवंश मिश्रा ने बताया कि स्नातक सेमेस्टर टू के लिए बीकेएसएम मेदनीपुर एवं ईश्वर दयाल भगवत प्रसाद सिंह कॉलेज गढ नोखा के कुल बारह सौ छात्र छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हैं. स्नातक सेमेस्टर टू छात्र छात्राओं का वर्षिक परीक्षा 12 मई से लिया जा रहा है.जो 18 मई को समाप्त होगा.परीक्षा पूर्णतया कदाचार मुक्त तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा हैं. परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का कॉलेज के महाविद्यालय प्रशासन के जांच दल के टीम द्वारा सघन जांच पड़ताल करके कक्षाओं में प्रवेश प्रदान किया जा रहा है. परीक्षा संचालन में कॉलेज कर्मी पूर्ण रूप से तत्पर हैं. परीक्षा नियंत्रक दीपक कुमार सिंह एवं सहयोगी कर्मी अरविंद कुमार, सुमन पांडेय, कमलेश कुमार गुप्ता,सुनिल प्रसाद, संतोष मिश्र, दिव्याशु मिश्र, छाया कौर, विनदा कुमारी, उमा दुबे,धनजी सिंह यादव समेत अन्य पूर्ण अवधि तक उपस्थित रह परीक्षा ले रहे हैं.जिससे परीक्षा संचालन में अच्छा सहयोग मिला.

# किसान रजिस्ट्री से किसानों को मिलेंगे अनेक लाभ : डीएम उदिता सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम /रोहतास**। जिला प्रशासन रोहतास द्वारा जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे शीघ्र अपना किसान रजिस्ट्री पंजीकरण कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल तरीके से प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को उर्वरक खरीद, फसल अधिप्राप्ति, फसल बीमा, कृषि ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलेगा।

उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री होने से किसानों को उर्वरक खरीद प्रक्रिया में काफी सुविधा होगी। किसान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन खाद बुकिंग कर सकेंगे तथा QR कोड आधारित प्रणाली के जरिए अधिकृत दुकानों से आसानी से उर्वरक प्राप्त कर पाएंगे। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकृत किसानों को PM-KISAN सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे एवं शीघ्रता से प्राप्त होगा। सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि और योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचाने में किसान रजिस्ट्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया कि धान, गेहूं एवं अन्य फसलों की अधिप्राप्ति प्रक्रिया में भी किसान रजिस्ट्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। PACS के माध्यम से फसल खरीद प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी तथा पंजीकृत किसानों को भुगतान भी तेजी से प्राप्त होगा। डीएम उदिता सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सुखाड़ अथवा अन्य आपात स्थितियों में सही किसानों की पहचान कर शीघ्र सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने में किसान रजिस्ट्री सहायक होगी। इससे राहत वितरण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को बैंक एवं सहकारी समितियों से KCC तथा अन्य कृषि ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। किसानों की पहचान और दस्तावेजी प्रक्रिया सरल होने से ऋण स्वीकृति में तेजी आएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी। सरकारी सहायता वास्तविक किसानों तक पहुंचेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी।

जिला प्रशासन रोहतास द्वारा सभी प्रखंडों में किसान रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय, PACS, कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) अथवा संबंधित विभागीय कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र पंजीकरण कराएं।

जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान रजिस्ट्री केवल एक पंजीकरण प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और कृषि विकास की मजबूत आधारशिला है। सभी किसान आगे आएं, अपना पंजीकरण कराएं तथा सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर एवं समृद्ध कृषि व्यवस्था के निर्माण में सहभागी बनें। "रजिस्ट्री कराएं – लाभ उठाएं – समृद्धि की ओर बढ़ें।"

# युवक को गोली मारकर किया बुरी तरह जख्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास**। दिनांक-09.05.2026 को रात्रि में समय करीब 09:00 बजे बड्डी थानान्तर्गत ग्राम बड्डुआ में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष बड्डी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं घटनास्थल पर एफ०एस०एल० टीम को बुलाया गया। घटनास्थल से 04 खोखा बरामद किया गया एवं ज्ञात हुआ कि दीपक बिन्द पिता रामराज बिन्द, ग्राम बडूआ को गोली मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया है, जिसे सासाराम अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से हायर सेन्टर रेफर किया गया। इस संदर्भ में बड्डी थाना में कांड सं0 95/26, दिनांक 10.05.2026 को दर्ज कराया गया है। छापामारी के क्रम में घटना में शामिल अभियुक्त 1. ओमप्रकाश चौबे उर्फ मुन्ना चौबे पिता अयोध्या चौबे ग्राम बडुआ थाना बड्डी जिला रोहतास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के नेतृत्व



में उक्त घटना के मुख्य अभियुक्त 1. कमल यादव उर्फ कमल बहादुर उम्र 42 वर्ष पिता जगमोहन यादव, ग्राम फलवरिया, थाना बड्डी, जिला रोहतास के विरूद्ध कराए जा रहे लगातार छापामारी के दबाव में आकर दिनांक 12.05.2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमपर्ण किया, जिसके न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसे थानाध्यक्ष बड्डी थाना द्वारा दिनांक 13.05.2026 को पुलिस रिमांड पर लेकर घटना में फायरिंग किए गए अग्नेयास्त्र के संबंध में पूछताछ करने पर उसके निशानदेही के आधार पर दिनांक 14.05.2026 को घटनास्थल पर से फायरिंग करने के बाद भागने के दिशा में अपने घर से महज 200 मीटर की दूरी पर बाँसबाड़ी से 01 देशी कट्टा तथा 01 जिन्दा कारतूस को बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।

# कोसुक रिवर फ्रंट का मंत्री, सांसद ने किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने शुक्रवार को कोसुक रिवर फ्रंट का जायजा लिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने रिवर फ्रंट के चल रहे कार्यों में तेजी लाने और इसे तय समय पर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। कोसुक रिवर फ्रंट बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या 49 में बन रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। निरीक्षण के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कोसुक रिवर फ्रंट पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। उनके नेतृत्व में बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और महिला सशक्तिकरण सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जो उन्हें सच्चे अर्थों में आधुनिक बिहार का शिल्पकार बनाते हैं।

**मंत्री बोले- रिवर फ्रंट सुंदरता ही नहीं, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः** मंत्री ने कहा कि रिवर फ्रंट सिर्फ सुंदरता का प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि ये पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और इसे तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। नदी की स्वच्छता पर बल देते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इसे स्वच्छ रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यहां घाट, वॉक-वे, लाइटिंग और हरियाली का काम इस स्तर का होना चाहिए कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां आने वाले पर्यटकों को भी ये आकर्षित कर सके। इस परियोजना के पूरा होने से आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय निवासियों को सुबह-शाम टहलने के लिए एक सुंदर और स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

**'रिवर फ्रंट जिले के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा'**: वहीं मौके पर उपस्थित सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ये रिवर फ्रंट बिहारशरीफ वासियों के साथ-साथ पूरे जिले के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। आने वाले समय में इससे शहरी क्षेत्र के लोगों को तो लाभ मिलेगा ही, साथ ही आसपास के किसानों को भी इसका व्यापक फायदा पहुंचेगा। इस निरीक्षण और कार्यक्रम के अवसर पर गुलरेज अंसारी, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, अरुण वर्मा, मुन्ना कुमार, सचिन पटेल, संजय प्र. कुशवाहा, भोला प्र., मुन्ना मांझी, अमित कुमार रिक्की, रविन्द्र कुशवाहा, सकलदीप प्र., वरण केवट, डेजी देवी, इंदू देवी, बिट्टू कुशवाहा, जयन्त शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद, मुन्ना पासवान, गुलशन कुशवाहा और अमरेश कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चतुर्मास यज्ञ को लेकर हुई बैठक, कई बातों पर बनी सहमति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



कोचस (रोहतास) कोचस मे आगामी 2027 में प्रस्तावित चातुर्मास्य व्रत सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की भव्य तैयारी को लेकर शुक्रवार को गंगवलिया वन क्षेत्र स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुदर्शन तिवारी उर्फ टुन्नी बाबा ने किया। बैठक में पूर्व में हुई बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के प्रगति कार्यों की समीक्षा के बाद आगे के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तावित यज्ञ को लेकर फिलहाल प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में लगातार भ्रमण, प्रसार व प्रचार का कार्य चल रहा है। जहां लोगों में काफी उत्सुकता एवं जन भागीदारी देखी जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी द्वारा यज्ञ समिति का गठन,समिति का उत्तरदायित्व एवं सफल संचालन हेतु भेजे गए एक विवरणिका को लेकर चर्चा की गई।और उसी सुझाव पुस्तिका के अनुरूप समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्तावित यज्ञ के लिए धन एवं अन्न संग्रह पर भी पूरी तरह गंभीरता से चर्चा की गई।समिति के लेख्यकार दीनानाथ ओझा ने बताया कि अप्रैल माह में सरेया पंचायत के हरिहर डिहरा, ओझवलिया,पदमसीडिहरा सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया गया जहां गावों मे स्वेच्छा से धन एवं अन्न दान हेतु लोगों में काफी उत्सुकता देखी गई।

बैठक के समापन के दौरान सर्वसम्मत से पुनः अगली बैठक 16 जून 2026 को कराए जाने का निर्णय लिया गया।बैठक का संचालन पूर्व नगर पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे ने किया।बैठक में मुख्य रूप से ललन चौबे, दुर्गेश चौबे,निरंतर पान्डेय,मुन्ना तिवारी, अरविंद ओझा,जेपी तिवारी, राज नारायण ओझा, श्रीकांत चौबे, मनोज सिंह,संजय तिवारी, कामेश्वर दुबे, अनिल चौबे,कविंद्र तिवारी, सहित अन्य कई उपस्थित थे।

# सात निश्चय-3 के तहत जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई जिला पदाधिकारी ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**नवादा** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 55 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर, ग्राम गोनावां के रवि रौशन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित परिचय पत्र के संबंध में, थाना हिसुआ, ग्राम हादसा के मेधन चौहान द्वारा चापाकल लगाने के संबंध में, थाना नरहट, ग्राम बड़ी पाली के ओमप्रकाश सिंह द्वारा जमीन मापी के संबंध में तथा थाना नरहट, ग्राम हसनपुरा के छोटे राजवंशी द्वारा मारपीट से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# महासंयोग 42 वर्षों बाद वट सावित्री और शनि जयंती का दुर्लभ मिलन, प्रकृति संरक्षण और अखंड सौभाग्य का महापर्व

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। आध्यात्मिक दृष्टि से वर्ष 2026 का ज्येष्ठ मास अत्यंत फलदायी और ऐतिहासिक होने जा रहा है। स्कंद पुराण और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार प्रकृति के संरक्षण का संदेश देने वाला वट सावित्री व्रत और न्याय के देवता शनि देव का जन्मोत्सव यानी शनि जयंती एक ही दिन 16 मई 2026, शनिवार को मनाए जाएंगे। हरिद्वार स्थित पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर और श्री 1008 बगलामुखी पीठाधीश्वर स्वामी वेदमूर्ति गिरि जी महाराज जिनका जन्मस्थान रजौली की पावन भूमि रही है,उनके अनुसार बताया गया कि यह अद्भुत संयोग पूरे 42 वर्षों के बाद बन रहा है, जिसमें ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति भक्तों के लिए अनंत फलदायी सिद्ध होगी। इस विशिष्ट दिन पर किए गए अनुष्ठान, दान-पुण्य और पूजन से साधक की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**सावित्री की दृढ़ता और वट वृक्ष की दिव्यता का संगम** :- निर्णयामृतादि शास्त्रों के अनुसार सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के लिए ज्येष्ठ अमावस्या को यह कठिन व्रत रखती हैं। पौराणिक कथा हमें उस कालखंड की याद दिलाती है जब पतिव्रता सावित्री ने अपनी सूझबूझ और भक्ति के बल पर यमराज के हाथों से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस छीन लिए थे। स्वामी वेदमूर्ति गिरि जी महाराज बताते हैं कि वट वृक्ष का महत्व शास्त्रों में 'मूले ब्रह्मा, त्वचा विष्णु, शाखा शिव' के रूप में वर्णित है, जिसका अर्थ है कि बरगद की जड़ में ब्रह्मा, छाल में विष्णु, टहनियों में महादेव और इसके प्रत्येक पत्ते में समस्त देवी-देवताओं का वास होता है। इसी कारण वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन और कथा श्रवण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

**विशिष्ट पूजन विधि और सोलह श्रृंगार का महत्व** :- इस महापर्व पर सुहागन महिलाओं को सूर्योदय पूर्व स्नान कर नवीन वस्त्र धारण करने चाहिए और पूर्ण सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे सावित्री एवं सत्यवान की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। पूजन में धूप, दीप, रोली और सिंदूर का प्रयोग कर उन्हें लाल वस्त्र अर्पित करना अनिवार्य माना गया है। विशेष परंपरा के अनुसार इस दिन बांस के पंखे से सत्यवान और सावित्री को हवा की जाती है, जो सेवा और समर्पण का प्रतीक है। पूजन के उपरांत बरगद के पत्ते को अपने बालों में धारण करना शुभ माना जाता है। महिलाएं वट वृक्ष के चारों ओर सूत या रोली लपेटते हुए 5, 11, 21, 51 या 108 बार परिक्रमा कर अपने अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करती हैं।

**यमराज के वरदान और चने के प्रसाद का पौराणिक रहस्य** :- वट सावित्री व्रत में चने का प्रसाद चढ़ाने के पीछे एक मर्मस्पर्शी कथा छिपी है। जब यमराज



पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर और श्री 1008 बगलामुखी पीठाधीश्वर स्वामी वेदमूर्ति गिरि जी महाराज

सत्यवान के प्राण लेकर जाने लगे, तब सावित्री ने अपने तपोबल से उन्हें प्रभावित कर तीन वरदान मांगे। एक वरदान में सावित्री ने सौ पुत्रों की माता बनने की इच्छा प्रकट की। यमराज ने जैसे ही 'तथास्तु' कहा, सावित्री ने उन्हें तर्क दिया कि एक पतिव्रता नारी अपने पति के बिना माता कैसे बन सकती है। अपनी भूल का आभास होने पर यमराज ने चने के रूप में सत्यवान के प्राण लौटा दिए। सावित्री ने उस चने को सत्यवान के मुख में रखकर जैसे ही फूंका, उनके पति पुनः जीवित हो उठे। इसी स्मृति में आज भी चने का प्रसाद अर्पित करने का विधान है।

**भूलवश भी न करें ये गलतियां और प्रकृति संरक्षण का संकल्प** :- इस पावन अवसर पर कुछ सावधानियां अत्यंत आवश्यक हैं। शास्त्रानुसार पूजन के लिए कभी भी बरगद की जीवित टहनियों को नहीं तोड़ना चाहिए, अन्यथा पूजा निष्फल हो जाती है। सौभाग्यवती स्त्रियों को इस दिन सफेद या काले रंग की साड़ी पहनने से बचना चाहिए। साथ ही परिक्रमा के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि आपका पैर किसी अन्य श्रद्धालु को स्पर्श न करे। स्वामी जी महाराज बल देते हैं कि यह पर्व केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि 'साँसें हो रही हैं कम, आओ वृक्ष लगाएं हम' के संदेश के साथ प्रकृति संरक्षण का भी आह्वान करता है। इस दिन वट वृक्ष का रोपण करने से पूरे वर्ष घर में खुशहाली बनी रहती है और जलाशय निर्माण या जल सेवा जैसे कार्यों से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है।

**शनि दोष से मुक्ति के लिए न्यायप्रिय देव की विशेष आराधना** :- चूंकि यह दिन शनिवार को पड़ रहा है और शनि जयंती का पावन अवसर है, इसलिए शनि की साढ़ेसाती या ढैया से पीड़ित जातकों के लिए यह दिन स्वर्ण अवसर की तरह है। न्यायाधीश शनि देव को प्रसन्न करने के लिए इस दिन तिल के तेल का दीपक जलाना और 'ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शंयोरभि स्त्रवन्तु नः' अथवा 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का 108 बार जाप करना परम कल्याणकारी है। इस दिन किया गया दान और न्यायप्रिय आचरण शनि देव की अनंत कृपा का पात्र बनाता है, जिससे जीवन के समस्त कष्टों और बाधाओं का निवारण सुनिश्चित होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली विभाग की मनमानी को लेकर आयुक्त से शिकायत

**भागलपुर**। शहर के आदमपुर स्थित सी.सी. मुखर्जी रोड में वोल्टेज की समस्या को लेकर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। अधिवक्ता संदीप झा ने प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है कि आधिकारिक हेल्पलाइन पर सार्वजनिक खराबी की सूचना देने के बावजूद, कर्मी ने बिना कंज्यूमर आईडी के शिकायत लेने से मना कर दिया और अभद्र व्यवहार किया। अधिवक्ता का आरोप है कि स्थानीय मिस्त्री फाल्ट सुधारने के नाम पर उपभोक्ताओं से रुपये की अवैध मांग करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि आपातकालीन स्थितियों (जैसे तार गिरना या आग लगना) में कंज्यूमर आईडी की अनिवार्यता पूरी तरह अनुचित और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है। उन्होंने आयुक्त से इस व्यवस्था में सुधार और दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### डीप बोरिंग की खराबी दूर, जलापूर्ति बहाल

**भागलपुर**। टीएनबी कॉलेजिएट परिसर के समीप नगर निगम के डीप बोरिंग से जुड़ी जलापूर्ति बुधवार देर रात अचानक बाधित हो गयी। इससे आसपास के इलाकों में कुछ घंटों के लिए पानी की किल्लत हुई। सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह नगर निगम की जलकल शाखा की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची और सिस्टम की जांच शुरू की। जांच में बोरिंग में लगा मोटर खराब पाया गया। दिनभर चले मरम्मत कार्य के बाद शाम तक नया मोटर स्थापित कर जलापूर्ति फिर से बहाल कर दी गई।

### भाव्या पोर्टल पर डाटा अपलोड में लापरवाही, कर्मियों से स्पष्टीकरण

**मुंगेर**। सिविल सर्जन डॉ राजू के निर्देश पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ रामप्रवेश प्रसाद ने भाव्या पोर्टल पर मरीजों का डाटा नियमित रूप से अपलोड नहीं करने को लेकर कई स्वास्थ्यकर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा है। अस्पताल प्रबंधक मो तौसिफ हसनैन ने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान एक से आठ मई के बीच भाव्या पोर्टल पर डाटा इंट्री काफी कम पाई गई। विशेष रूप से दोपहर और रात्रि शिफ्ट में मरीजों का वाइटल एवं अन्य आवश्यक जानकारी नियमित रूप से अपलोड नहीं की जा रही थी। इसी को लेकर एसएनसीयू, पीकू वार्ड, पुरुष मेडिकल एवं सर्जिकल वार्ड के अलावा महिला मेडिकल वार्ड में रोस्टर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्सों से जवाब मांगा गया है। वहीं इमरजेंसी वार्ड के डाटा ऑपरेटर से भी पोर्टल पर सभी जानकारियां समय पर अपलोड नहीं करने को लेकर स्पष्टीकरण पूछा गया है। अस्पताल प्रशासन ने सभी कर्मियों को कार्य में लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी है।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए ट्रैफिक चेक पोस्ट हटाया

**भागलपुर**। तिलकामांझी चौक पर बने ट्रैफिक चेक पोस्ट को नगर आयुक्त के निर्देश पर हटाया जा रहा है। यह कदम सड़क चौड़ीकरण कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि मार्ग की उपलब्ध चौड़ाई बढ़े और यातायात की आवाजाही सुचारु हो सके। अतिक्रमण शाखा प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि रिमझिम होटल की जर्जर इमारत हटाने के पीछे भी सड़क चौड़ीकरण का ही उद्देश्य था। इमारत हटने के बाद चेक पोस्ट सड़क की चौड़ाई में बाधा बनने लगा था, इसलिए उसे खोलकर फिलहाल सुरक्षित रखा जा रहा है।

### थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए शुल्क माफ

**भागलपुर**। राज्य सरकार ने पीरपैंती में प्रस्तावित थर्मल पावर परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के लीज दस्तावेजों पर लगने वाले मुद्रांक शुल्क और निबंधन शुल्क को पूरी तरह माफ कर दिया है। परियोजना के लिए कुल 1020.60 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है और लीज अवधि 33 वर्ष निर्धारित की गई है। मद्य निषेध, उत्पाद व निबंधन विभाग ने आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। सरकार का मानना है कि शुल्क माफी से बिजली घर के निर्माण से जुड़ी प्रक्रियाओं में आने वाली वित्तीय बाधाएं घटेंगी और काम को गति मिलेगी।

### 22 मई तक भरे जाएंगे सेमेस्टर-5 के फॉर्म

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय ने स्नातक सीबीसीएस सेमेस्टर-4 सत्र 2023-27 के छात्र-छात्राओं के लिए सेमेस्टर-5 में नामांकन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार अब छात्र 18 मई से 22 मई तक ऑनलाइन नामांकन प्रपत्र भर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सेमेस्टर-5 में नामांकन के लिए सेमेस्टर-1 एवं 2 में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। दोनों सेमेस्टर को मिलाकर कुल 40 क्रेडिट होना जरूरी होगा। वहीं सेमेस्टर-1, 2, 3 और 4 को मिलाकर परीक्षाफल में कुल 68 क्रेडिट होना भी अनिवार्य किया गया है। छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को छात्रों के दस्तावेजों के सत्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि सत्र 2023-27 के छात्रों के लिए सेमेस्टर-5 में नामांकन हेतु दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा।

### यूजी सेमेस्टर-5 परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय ने यूजी सेमेस्टर-5 (सत्र 2023-27) परीक्षा-2025 के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि जारी कर दी है। परीक्षा विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार छात्र-छात्राएं 18 मई से 25 मई तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। वहीं 26 एवं 27 मई तक विलंब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र जमा करने का अवसर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दशरथ प्रजापत ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा प्रपत्र भरने से पूर्व अपने दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही वे ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। साथ ही परीक्षा फॉर्म भरते समय फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना भी अनिवार्य किया गया है। परीक्षा शुल्क बिना विलंब शुल्क के 600 रुपए निर्धारित किया गया है।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का शिकंजा

## दुकान से डिजिटल वेटमशीन और 10,400 कैश बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



भागलपुर में पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए चलाएजा रहे अभियान के तहत मधुसूदनपुर पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिसको सूचना मिली थी कि मधुसूदनपुर थाना के मानसर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी केनिर्देश में सिटी एसपी औरअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(नगर-02) के नेतृत्व में एकविशेष टीम बनी। टीम ने गांव में छापेमारी कर तस्कर कैलाश यादव को उसके घर स्थित दुकान से रंगे हाथों दबोच लिया।

**एल्यूमीनियम पेपर और मोबाइल भी जब्तः** तलाशी के दौरान पुलिस को दुकान से 19.41ग्राम स्मैक, एक डिजिटल वेटमशीन (तौल मशीन) और10,400 रुपए नगद बरामदहुए। गिरफ्तार तस्कर के पास से स्मैक तौलने वाली डिजिटल मशीन के अलावा नशीली पुड़िया तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले एल्यूमीनियम पेपर के 4 पैकेट और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रहीहै कि आरोपी स्मैक की यह खेप कहां से लाता था और शहर में उसके संपर्क किन-किन लोगों से है। छापेमारी दल में मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार मंडल, रवि शेखर और बिहार पुलिस के जवान शामिल थे।

# बिहपुर में 450 करोड़ से तटबंध सुदृढ़ीकरण

## मरीन ड्राइव, रीवर फ्रंट भी बनेगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। बिहार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधानसभा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने बिहपुर में 450 करोड़ रुपये की लागत से तटबंध सुदृढ़ीकरण, मरीन ड्राइव और रीवर फ्रंट के निर्माण की घोषणा की है। उन्होंने गुरुवार को एनडीए कार्यालय में यह जानकारी दी। मंत्री शैलेंद्र के अनुसार, गंगा फ्लड फाइटिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 450 करोड़ रुपये की लागत से नरकटिया-नन्हकार गंगा जमींदारी तटबंध को बाढ़ और कटाव से स्थायी मुक्ति दिलाई जाएगी। इस योजना के तहत बिहपुर में मरीन ड्राइव और जहान्वी चौक/राघोपुर के पास रीवर फ्रंट का निर्माण भी किया जाएगा। इन परियोजनाओं पर प्राथमिक पहल शुरू कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त, बिहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी होगा। इसमें बीरबन्ना से सोनवर्षा दुमुंही चौक तक और लत्तीपुर से जहान्वी चौक तक की सड़कें शामिल हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि बिहपुर-लत्तीपुर-महादेवपुर घाट तक रेलवे की जमीन बिहार सरकार को हस्तांतरित की जाएगी। इससे बिहपुर को सीधे फोरलेन एनएच 106 और एनएच 31 से जोड़ा जा सकेगा।

इस अवसर पर प्रो गौतम, उत्तम कुमार, अभय राय, प्रभुनंदन चौधरी, इंजीनियर गौरव, रूपेश रूप, दिलीप सिंह, अमित सिंह, सौरव सावर्ण, कल्याण झा, अजय उर्फ माटो, सिंटू, लालमोहन और कमलरंजन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस टीम पर हमले के मामले में एक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। नवगछिया पुलिस ने पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में गुरुवार को एसपी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, घटना 12 मई 2026 की है। सुलतानगंज थाना कांड संख्या-255/26 के अप्राथमिकी अभियुक्त मनीष कुमार की गिरफ्तारी के लिए सुलतानगंज और भवानीपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम भवानीपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर इलाके में छापेमारी कर रही थी।

इसी दौरान अभियुक्त को पुलिस गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से दो लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं।

घटना के बाद भवानीपुर थाना कांड संख्या-108/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रवेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलेश्वरी दास के पुत्र प्रवेश कुमार, निवासी आनगर दुधैला, थाना सुलतानगंज, जिला भागलपुर के रूप में हुई है।

नवगछिया एसपी राजेश कुमार ने बताया कि दो थानों की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# ट्रक ने शिक्षिका को रौंदा, मौत, पति का कुर्ता ट्रक में फंसने से स्कूटी गिर गई थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में सड़क हादसे में बांका की शिक्षिका सितारा खातून (37) की मौत हो गई है। हरियाणा नंबर के ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी चला रहे पति अब्दुल बारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। घटना के बारे में पति अब्दुल बारी ने बताया कि सितारा स्कूल से छूटने के बाद बस से या टोटो से आती थी। कभी हम लेने जाते थे, आज हम लाने गए थे।

पत्नी को धोरैया प्रखंड के एनपीएस प्राइमरी स्कूल खगडा अस्सी से लेकर अपने घर धनकुंड स्थित बबुरा जा रहे थे। इसी दौरान भुढ़िया गांव के पास मेरे बगल से ट्रक गुजरा। ट्रक में मेरा कुर्ता फंस गया। जिसके बाद मेरा बैलेंस बिगड़ गया और हम दोनों सड़क पर गिर गए। ट्रक पत्नी को कुचलते हुए चला गया। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के घोघा पंजवारा स्टेट हाईवे-84 भुड़िया गांव के पास की है।

मृतका की 2 साल की बेटी भी है घायल पति ने बताया कि 2 साल की एक बेटी अइरानाज है, अब उसे दूध कौन पिलाएगा। पत्नी सितारा खातून रोज सुबह स्कूल जाने से पहले मेरी 2 साल की बेटी को दूध पिलाकर जाती थी। वे जाने से पहले दूध गर्म कर बोतल में रख देती थी। उस दूध को परिवार अन्य सदस्य जब जब मेरी बेटी को भूख लगता पिलाते थे। स्कूल से जब मेरी पत्नी वापस आती तो सबसे पहले बच्ची को दूध पिलाती थी। फिर मेरी 13 साल की बेटी सूफियानाज और हम सभी मिलकर खाना खाते थे। आज अचानक से मेरा परिवार उजड़ गया। सोफियानाज को कौन सुबह-सुबह स्कूल जाने से पहले नाश्ता बना कर देगा। सूफियानाज नौवीं क्लास में एक निजी स्कूलों में पढ़ती है। 18 साल का एक बेटा जीशान उमर भी है, वो मधेपुरा में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

**रेज रफ्तार में चलते ट्रकः** लोगों का कहना था कि ओवरलोड ट्रक इस रास्ते से तेज रफ्तार से आता-जाता है। पुलिस कुछ नहीं कहती, जिस कारण ये घटना घटी है। घटना की सूचना पर सन्हौला थाना पुलिस पहुंची। लोगों को समझाकर सड़क जाम हटाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# विक्रमशिला सेतु के टूटे हिस्से पर बेली ब्रिज बनना शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के टूटे हिस्से पर अस्थायी बेली ब्रिज बनाने का काम शुरू हो गया है। काम की जिम्मेदारी बॉर्डर रोज ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की टीम को दी गई है। भागलपुर पहुंचने के बाद बीआरओ की टीम ने काम शुरू कर दिया है। बुधवार को बीआरओ के एक वरीय अधिकारी ने घटनास्थल पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान पुल निगम के अभियंता, एसडीएम और सिटी एसपी ने भी सेतु के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।

प्रशासन के अनुसार अस्थायी पुल निर्माण के लिए जरूरी सामान कोलकाता से मंगाया जा रहा है। बेली ब्रिज निर्माण के लिए कुल 12 ट्रकों से सामग्री पहुंचनी है। बुधवार देर शाम तक तीन ट्रक भागलपुर पहुंच चुका है, जबकि बाकी ट्रकों के गुरुवार शाम तक पहुंचने की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी सामग्री पहुंचने के बाद बीआरओ की टीम स्ट्रक्चर को असेंबल करने और अन्य तकनीकी कार्य शुरू करेगी। पुल को लॉन्च करने में करीब आठ से दस दिन का समय लग सकता है। आज से गंगा पार करने के लिए देना होगा किरायाः भागलपुर और नवगछिया के बीच गंगा नदी में चल रही मुफ्त फेरी सेवा गुरुवार से बंद हो जाएगी। इसके बाद नाव और जहाज से जाने के लिए शुल्क देना होगा। प्रशासन की ओर से इसके लिए किराया सूची भी जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने स्पष्ट किया है कि नवगछिया की ओर से सुबह भागलपुर आने वाले दूध, सब्जी और फल विक्रेताओं से फेरी सेवा का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आम लोगों को महंगाई से राहत देने और दूध, सब्जी और फलों की कीमतों में बढ़ोतरी रोकने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। प्रशासन के अनुसार इसके अलावा फेरी सेवा में यात्रा करने वाले यात्रियों और अन्य सभी प्रकार के सामानों की ढुलाई के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर भागलपुर में हुई कार्रवाई

**भागलपुर**। भागलपुर पुलिस विभाग ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में 19 थाना प्रभारियों का वेतन रोक दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) ने यह कार्रवाई की है, जिससे पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गया है। एसएसपी ने बताया कि थानेदारों और अनुसंधानकर्ताओं के कार्यों का लगातार मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यशैली और कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय कई थानों में मामलों के निष्पादन, अनुसंधान और प्रशासनिक कार्यों में अपेक्षित प्रगति न मिलने के कारण लिया गया है। एसएसपी ने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दी है।

# सड़क-पुल परियोजनाओं की समीक्षा में बोले- गुणवत्ता से समझौता नहीं

**भागलपुर**। सम्राट कैबिनेट के नवनियुक्त पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने गृह जिले भागलपुर आगमन पर विकास का बड़ा रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से सड़कों का निर्माण होगा कि लोग साढ़े तीन घंटे में भागलपुर से पटना पहुंच सकेंगे। विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए अब पुलों के साथ-साथ सड़कों का भी हेल्थ कार्ड बनेगा, जिसकी मॉनिटरिंग पटना में बने 9 विशेष प्रमंडलीय कमरों से होगी। टेंडर मैनेज करने वाले अफसरों को सीधे सस्पेंड कराने की चेतावनी देते हुए मंत्री ने कहा कि फंड की कोई कमी नहीं है। वे ऊर्जा मंत्री बुलो मंडल के साथ मिलकर शहर के बिजली केबलों को अंडरग्राउंड कराएंगे और भागलपुर को जाममुक्त व सुंदर बनाएंगे। इससे पूर्व मंत्री का भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में एनडीए कार्यकर्ताओं ने व सामाजिक संगठनों ने एक होटल में कार्यक्रम में अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष नभय चौधरी, योगेश पांडे, उमा शंकर, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष बीरेश मिश्रा, सुड्डू साइ, विजय कुशवाहा, राजकिशोर गुप्ता, आलोक बंटू , वंदना तिवारी, अंजना प्रकाश, माला सिंह, रूबी दास, श्वेता सिंह, मनीष दास, राजेश टंडन, प्रणव दास, भोला मंडल, ओमप्रकाश तिवारी, प्रो. रोज, श्वेता सुमन, सुनीता सिंह, सुनीता गोस्वामी, लक्ष्मी सिंह, लक्ष्मी कुशवाहा, संगीता सिन्हा, दिनेश मंडल, आशीष सिंह, पप्पू तांती सहित अन्य मौजूद थे। पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने गुरुवार को सर्किट हाउस में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, सीमा सड़क संगठन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विक्रमशिला सेतु की स्थिति, सड़क एवं पुल परियोजनाओं और आधारभूत संरचना विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने बायपास फोरलेन सड़क, भोलानाथ फ्लाईओवर और बौंसी रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए।

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः ओ-एसी-टी-30 से 32-26-27 (खुली), दिनांक 14.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-30-26-27, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत पूर्व बर्द्धमान, धनबाद एवं बीरभूम जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित प्रमाणन के लिए खुली निविदा । **निविदा मूल्य :** रु.31,14,400/-, **बयाना राशि :** रु. 62,300/- **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-31-26-27, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत पश्चिम बर्द्धमान जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित डिजिटलीकरण एवं प्रमाणन कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.44,06,321.30, **बयाना राशि :** रु. 88,100/-, **क्रम सं. 3,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-32-26-27, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत जामताड़ा, जमुई, गिरीडीह और देवघर जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित डिजिटलीकरण एवं प्रमाणन कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.38,24,210.90, **बयाना राशि :** रु. 76,500/-**कार्य समाप्त करने की अवधिः** 06 माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु) । **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-84/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन का अतिरिक्त ठहराव और संशोधित गठन

यात्रियों की सुविधा के लिए, **03029/03030 हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन** कहलगांव स्टेशन पर निम्नलिखित समयसूची के अनुसार अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी :

| ट्रेन नं. और नाम | कहलगांव में समयसूची | |
|---|---|---|
| | आ. | प्र. |
| 03029 हावड़ा-राजगीर एक्सप्रेस [यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.05.2026] | 05.53 | 05.55 |
| 03030 राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस [यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 17.05.2026] | 20.25 | 20.27 |

**03029/03030 हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन का संशोधित गठनः** एसी 3-टियर - 01, शयनयान श्रेणी - 04, साधारण द्वितीय श्रेणी - 07, एसएलआरडी-02, कुल = 14 कोच।

अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1324-2026-27, कार्य का विवरणः** मेन आरआरआई/सियालदह में तीन (03) वर्षों के लिए डक्टेड एयरकंडीशनिंग यूनिट क्षमता 5टीआर (1 आईडीयू और 1 ओडीयू) (कुल एसी यूनिट=4) (आयातित प्रणाली), आर-410 (ए) ग्रीन गैस (प्रस्तुतकारकः हिटाची) का व्यापक और वार्षिक निवारक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 6,00,609/-, **बयाना राशिः** रु. 12,000/-, **समापन अवधिः** 36 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1329-2026-27, कार्य का विवरणः** डीआरएम बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, बी. आर. सिंह रेस्ट हाउस, गैंग हट्स आदि में विविध विद्युत और एसी कार्य। **निविदा मूल्यः** रु.93,57,446/-, **बयाना राशिः** रु. 1,87,200/-, **समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1330-2026-27, कार्य का विवरणः** (i) एक (01) वर्ष के लिए एसएसई/ई(जी)/आईसी/बीटी के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न क्षमता के स्प्लिट टाइप/विंडो टाइप एसी मशीनों, वाटर कूलरों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। (ii) एक (01) वर्ष के लिए एसएसई/ई(जी)/आईसी/बीटी के अधिकार क्षेत्र के तहत क्षमता 8 एचपी-2 अदद की डक्टेबल वीआरएफ एयरकंडीशनिंग यूनिट (प्रस्तुतकारकः हिटाची) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु.2,83,223.88, **बयाना राशिः** रु. 5,700/-, **समापन अवधिः** 12 माह। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथिः** 14.05.2026 (प्रत्येक हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि** : दिनांक 22.05.2026 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 05.06.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-43/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र - घ

अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, मदनपुर वार्ड संख्या 1 से 10

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :-

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, मदनपुर
(4) अंचल कार्यालय, मदनपुर
(5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :- औरंगाबाद
दिनांक :- 13.05.2026

निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 003228 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

कार्यालय-नगर पंचायत नवीनगर (औरंगाबाद)

अति अल्पकालिन आम सूचना सं0 - 04/2026-27

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत , नवीनगर के क्षेत्रान्तर्गत सभी 14 वार्डो में सभी तरह के कच्चे नालों की उड़ाही एवं पक्के नालों की सफाई हेतु व्यक्ति/एजेन्सी/फर्म/एन0जी0ओ0 से (चर्तुथ वर्गीय वैध निबंधन - पत्रधारक) मुहरबंद लिफाफे में निबंधित डाक अथवा स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा कार्यालय नगर पंचायत में कोटेशन सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि के उपरान्त से दिनांक 25.05.2026 को संध्या 04:00 बजे अप्रा0 तक मांग की जाती है । उक्त तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । प्राप्त कोटेशन को दिनांक 25.05.2026 के उपरान्त खोला जायेगा तथा उक्त हेतु सबसे कम उद्धित करने वाले व्यक्ति /एजेन्सी/फर्म/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटन किया जाएगा । सफल व्यक्ति /एजेन्सी/फर्म/एन0जी0ओ0 को अग्रधन के रूप में 50,000.00 (पचास हजार) रूपये सुरक्षित जमा राशि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से एफ0डी0/बैक गारंटी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करते हुए एकरारनामा करना होगा एवं संबंधित कार्य को 45 (पैतालीस) दिनों के अंदर पूर्ण कर कार्य पूर्णता का प्रमाण - पत्र अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना होगा । कार्य पूर्ण होने व कार्य संतोशजनक होने पर अग्रधन के रूप में जमा राशि मो0-5,000.00 (पचास हजार) रूपये संबंधित व्यक्ति /एजेन्सी/फर्म/एन0जी0ओ0 को विमुक्त कर दिया जाएगा ।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR- 003262 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन जख्मी

**गड़हनी**। चरपोखरी व गडहनी थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से गड़हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर ध्यानी टोला मोड़ के समीप बुधवार देर रात करीब 9:25 मे हुई। बताया जाता है कि बाइक सवार दोनो युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी पवन कुमार व बंटी कुमार रोहतास जिले के बिक्रमगंज कुसुम्ही गांव के रहने वाले है।

### जिला अभियोजन निदेशालय का होगा अपना भवन, भूमि पूजन सम्पन्न

**आरा**। जिला अभियोजन निदेशालय का अब आरा में अपना भवन होगा। यह भवन आरा सिविल कोर्ट के समीप ही बनेगा। गुरुवार को भूमि पूजन मुख्य अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने मंत्रोच्चार के बीच कराया।जिला अभियोजन कार्यालय के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी के अलावा आरा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। इस आयोजन की तैयारियां में नगर निगम के स्वच्छता मैनेजर दिव्य विकास एवं अभियोजन निदेशालय के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भवन निर्माण के नोडल अभियोजन पदाधिकारी सुहर्ष कुमार की तत्परता से आज यह भूमि पूजन संभव हो सका। इस संबंध में मुख्य अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने बताया कि यह भवन जी प्लस टू होगा जो मानकों के अनुरूप होगा तथा इसकी लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपया होगी। निदेशालय के भवन हेतु भूखंड उपलब्ध कराने के लिए जिला पदाधिकारी का आभार जताया।

### समर्थ पोर्टल के जरिए वीकेएसयू में अब शिक्षकों और कर्मचारियों का होगा तबादला

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के तबादले की प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण संबंधी व्यवस्था लागू करने की दिशा में पहल की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग एवं राजभवन के निर्देश के आलोक में विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में वीकेएसयू प्रशासन शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सेवा विवरण समर्थ पोर्टल पर अपडेट कराने में जुटा है। बताया जा रहा है कि भविष्य में तबादला, पदस्थापन एवं अन्य सेवा संबंधी प्रक्रियाएं समर्थ पोर्टल के जरिए ऑनलाइन संचालित की जाएंगी। इससे तबादला प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि पोर्टल आधारित व्यवस्था लागू होने से सभी अभिलेख डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे और प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों एवं विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि, इस नई व्यवस्था को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है। कई लोग इसे प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं, जबकि कुछ कर्मचारी तबादला नीति को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### डीएम ने 16 द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की

**बक्सर**। डीएम साहिला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक शिकायत अधिकार निवारण अधिनियम के तहत द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 14 मामलों पर विचार किया गया। डीएम ने सभी मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान 14 लोक शिकायत अधिकार निवारण मामलों में सुनवाई की गई, जिनमें से 6 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत निवारण व्यवस्था सरकार की महत्वपूर्ण पहल है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुनवाई में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, सीओ बक्सर एवं सहायक अभियंता विद्युत कोरानसराय उपस्थित रहे।

### उच्च शिक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने सौंपा 15 सूत्री मांग-पत्र

**आरा**। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री से मिला। महासंघ की ओर से मंत्री को 15 सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन भुगतान में हो रही देरी की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की।



महासंघ के पदाधिकारियों ने उच्च शिक्षा व्यवस्था में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने से उच्च शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से आग्रह किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों के समग्र विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, महामंत्री रोहित कुमार, प्रेमचंद, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, शशि रंजन, मनोज कुमार सिंह, विनोद कुमार, संजीव कुमार और राजकमल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फिजियो फिट फिजियोथेरेपी सेंटर का प्रथम स्थापना दिवस मना



**आरा**। पकड़ी स्थित फिजियो फिट फिजियोथेरेपी सेंटर का प्रथम स्थापना दिवस मना। इस अवसर पर सेंटर परिसर में निःशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीजों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मरीजों को कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटना दर्द, साइटिका, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क एवं नस दबने जैसी समस्याओं के संबंध में विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। सेंटर के संचालक एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. आर कृष्ण ने बताया कि पिछले एक वर्ष में सेंटर ने सैकड़ों मरीजों को सफलतापूर्वक उपचार प्रदान कर राहत पहुँचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक दर्द एवं नसों से जुड़ी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं, जिनके उपचार में फिजियोथेरेपी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि सेंटर में आधुनिक मशीनों एवं नई तकनीकों के माध्यम से मरीजों का उपचार किया जाता है, जिससे बिना ऑपरेशन के भी कई मरीजों को आराम मिला है। साथ ही यहां मसाज थेरेपी, कपिंग थेरेपी एवं स्टीम बाथ जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर खुशियाँ मनाई गईं।

# मुंडन संस्कार के बाद गंगा में नहाने उतरे दो भाई गंगा में डूबे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के महुली गंगा घाट पर गुरुवार को मुंडन संस्कार के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तेज धार में बह जाने से दो सगे भाई डूब गए। हादसे के बाद घाट पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। देर शाम तक चले सर्च अभियान के दौरान एक भाई का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। मृतक की पहचान चंदा गांव वार्ड 1 निवासी सुदर्शन यादव के पुत्र धनु यादव(18) के रूप में हुई है। दोनों भाई अपने परिवार के साथ ओडिशा से गांव आए हुए थे। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना सिन्हा थाना क्षेत्र की है।



**शादी समारोह में घर आया था**: मृतक के बड़े भाई हरे राम यादव ने बताया कि सुदर्शन यादव अपने परिवार के साथ ओडिशा में रहकर जीविकोपार्जन करते हैं। उनके भतीजे प्रकाश यादव की बहन खुशी की 21 मई को तिलक और 25 को शादी होनी है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूरा परिवार दस दिन पहले गांव आया था। इसी बीच गुरुवार को प्रकाश यादव के बेटा कल्लू का मुंडन संस्कार महुली गंगा घाट पर रखा गया था। संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने परिवार के सभी सदस्य घाट पहुंचे थे। मुंडन संस्कार के बाद दोनों भाई गंगा में स्नान करने उतरे थे। इसी दौरान नदी की तेज धारा में उनका संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में समा गए।

**मशक्कत के बाद एक भाई का शव मिला**: सूचना मिलते ही सिन्हा थानाध्यक्ष सुजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। उनकी पहल पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद देर शाम धनु यादव का शव नदी से बरामद कर लिया गया, जबकि सोनू यादव(16) का कोई सुराग नहीं मिल सका। अंधेरा होने और नदी में तेज बहाव के कारण सर्च अभियान रोक दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार सुबह फिर से एसडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चलाएगी।

**घर में मचेगा कोहराम**: धनु यादव इंटर का छात्र था, जबकि सोनू मैट्रिक पास कर आगे की पढ़ाई कर रहा था। एक साथ दो बेटों के हादसे का शिकार होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

## बिजली मिस्त्री की मौत, पोल पर चढ़कर काम कर रहे थे

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से लगा झटका



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। काम के दौरान हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हादसा हुआ है। मृतक दिलराज कुमार(43) नवादा के अनाइठ मोहल्ला(वार्ड नंबर 43) के रहने वाले थे। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव की है। भाई राजू कुमार ने बताया कि बिजली खराब होने के बाद ब्रह्म बाबा के पास पोल पर चढ़कर लाइन बना रहा था। उसके साथ नीचे दो कर्मी भी मौजूद थे।

लाइन बनाने के दौरान शट डाउन लिया गया, अचानक पोल में लाइन आ गई। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल हो गए। राजद नेता रघुपति यादव और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम**: सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने चार भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां गायत्री देवी, पत्नी संतोषी कुमारी, दो पुत्री दिव्यांशी, श्री और एक पुत्र हर्ष है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दूसरे युवक से शादी तय हुई तो टावर पर चढ़ी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। सुबह जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव के बधार में एक युवती ने हाईवोल्टेज ड्रामा कर दिया। गांव के बीच स्थित 33 हजार केवीए बिजली लाइन के लगभग 150 फीट ऊंचे टावर पर युवती चढ़ गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों के अनुसार युवती की शादी उसके परिजनों ने किसी दूसरे गांव के युवक से तय कर दी थी। बताया जा रहा है कि युवती गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी और इसी बात को लेकर वह नाराज थी। इसी बीच उसने गुस्से में आकर बिजली टावर पर चढ़कर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही इटाढ़ी थाना की पुलिस



मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से युवती को नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया गया। काफी देर तक समझाने-बुझाने का दौर चलता रहा, लेकिन युवती नीचे उतरने को तैयार नहीं थी। बाद में जब उसका प्रेमी मौके पर पहुंचा, तब वह टावर से नीचे उतर गई। पुलिस उसे अपनी अभिरक्षा में ले गई। घटना के दौरान सुरक्षा को देखते हुए इलाके में लोगों की भीड़ लगी रही। हालांकि इस मामले में अब तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## परिवहन कार्यालय से भारी मात्रा में शराब मिली सरकारी अलमारी और किचन से मिला जखीरा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले के परिवहन विभाग कार्यालय में गुरुवार को पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की। इस कार्रवाई से विभागीय कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शराब छिपाई गई है। सूचना के आधार पर टीम ने कार्यालय में छापेमारी की। जिस अलमारी में सरकारी फाइलें और दस्तावेज रखे जाते हैं, वहां शराब की बोतलें मिलीं।

**पूरे परिसर को सील कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई**: इसके अलावा, कार्यालय परिसर के



गार्ड रूम और किचन में भी शराब का जखीरा मिला। किचन, जहां आमतौर पर खाने-पीने का सामान होता है, वहां शराब की कई बोतलें रखी हुई थीं। छापेमारी के दौरान कुछ बोतलें खाली थीं, जबकि कई भरी हुई बरामद हुईं। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बरामद शराब को जब्त कर उसकी गिनती शुरू कर दी। इसके बाद पूरे परिसर को सील कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि सरकारी दफ्तर के भीतर शराब की इतनी बड़ी खेप कैसे पहुंची और इसमें कौन लोग शामिल हैं।

**राज कुमार प्रसाद से बंद कमरे में पूछताछ की गई**: छापेमारी के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी राज कुमार प्रसाद से बंद कमरे में पूछताछ की गई। विभाग के अन्य कर्मचारियों और गार्ड से भी अलग-अलग पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। इस मामले पर जिला परिवहन पदाधिकारी राज कुमार प्रसाद ने बताया कि कार्यालय के गार्ड रूम की अलमारी और किचन से शराब बरामद हुई है।

## सड़क हादसे में ज्वेलर्स की मौत, गृह प्रवेश कार्यक्रम में बक्सर जा रहे थे, बाइक सवार ने मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में बाइक सवार ने ज्वेलर्स को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बीच सड़क पर गिर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। इस बीच आरोपी गाड़ी छोड़कर मौते से फरार हो गया। मृतक की पहचान बहोरनपुर थाना के चक्की नौरंगा निवासी गणेश प्रसाद के पुत्र त्रिलोकी प्रसाद(65) के तौर पर हुई है। घटना शाहपुर पश्चिमी पोखर के पास की है।

**गृह प्रवेश कार्यक्रम में जा रहे थे**: मृतक के बेटे विनोद कुमार ने बताया कि पिताजी शाहपुर बाजार पर अपना स्वर्ण दुकान चलाते थे। बाइक से बक्सर स्थित अपने रिश्तेदार के यहां गृह प्रवेश में जाने के लिए निकले थे। उसी दौरान घर से

**अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम**



कुछ दूर गैस एजेंसी के पास विपरीत दिशा से आ रही रेसर बाइक सवार ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**चेकअप के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित किया**: सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से उक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है।

**घर में मचा कोहराम**: परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्री मंजू ,सोनम, पूनम, अंजली और दो पुत्र विनोद कुमार, सोनू कुमार है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी मीरा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। माउंट लिट्रा जी विद्यालय बामपाली में सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में सफल हुए छात्र- छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह हुआ। विद्यालय टॉपर सिमरन कुमारी (91.2%) (व्यावसायिक अध्ययन -97, शारीरिक अध्ययन -93), अश्मित जैन (अर्थशास्त्र - 94, लेखाशास्त्र -93, रूद्र श्याम संजना (अंग्रेजी-97), अंकित राज (शारीरिक अध्ययन -93) और शौर्य श्री सिंघल (गणित -92) सहित अन्य को सम्मानित किया गया । निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा सुचिता जैन, प्राचार्या डॉ सहाया मेरी, उप प्राचार्य विजय कुमार, प्रधानाध्यापक रत्नेश चौबे सहित अन्य ने सफल हुए छात्र -छात्राओं को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्जवल और सफल जीवन की कामना की । प्राचार्या ने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके शिक्षकों और माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मंच संचालन शिक्षिका कुमारी रेखा द्वारा किया गया। आदर्श कुमार बने विद्यालय टॉपर आरा। एस एन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, करमन टोला के छात्र छात्राओं ने 12वीं परीक्षा में सफलता हासिल की है। साइंस स्ट्रीम में सबसे ज्यादा आदर्श कुमार ने 91.3%, दिवाकर पाठक (90% ), सलोनी कुमारी (85%) और अमृता कुमारी (84%) अंक प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में सबसे ज्यादा अंक शिवम कुमार शर्मा (89%), मयंक कुमार (80%) प्राप्त किया है। इसके अलावा कुल नौ छात्र छात्राओं का स्थान 70 से 75 % के बीच रहा। निर्देशक जनमेजय सिंह, निर्देशिका डॉ स्मिता सिंह और विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार सिंह ने मिठाई खिलाकर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नैनीजोर का दारोगा की हार्ट अटैक से निधन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। नैनीजोर थाना क्षेत्र के दक्षिणी नैनीजोर पंचायत स्थित बड़की नैनीजोर गांव में बुधवार को मातम पसरा रहा। गांव के बेटे और बिहार पुलिस के बहादुर अधिकारी एसआई राजेश कुमार के अचानक निधन से पूरा इलाका गम में डूब गया। हर आंख नम थी और हर जुबान पर बस एक ही बात थी "ऐसन आदमी अब कहां मिली..."51 वर्षीय राजेश कुमार वर्तमान में हरसिद्धि पुलिस स्टेशन मोतिहारी में पदस्थापित थे। वर्ष 1998 से बिहार पुलिस में सेवा दे रहे राजेश कुमार तीन दिन पहले छुट्टी लेकर अपने गांव बड़की नैनीजोर आए थे, लेकिन किसी को क्या पता था कि यह उनका आखिरी घर आना साबित होगा। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन घबराए हुए हालत में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उन्हें दिल का तेज दौरा पड़ा। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी रीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। बेसुध हालत में वे बार-बार यही कह रही थीं "अब हमनी के के देखी हो... केकरा सहारे जिनी कटिहे..." उनकी



यह करुण पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों की आंखें भी भर आईं। बेटे सत्यम कुमार और शिवम् कुमार पिता के पार्थिव शरीर से लिपटकर फूट-फूट कर रोते रहे, जबकि बेटियां श्वेता कुमारी और श्रेया कुमारी की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।नैनीजोर के बिहार घाट स्थित श्मशान घाट पर देर शाम पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बिहार पुलिस के जवानों ने नम आंखों से अपने साथी को अंतिम सलामी दी। सलामी के दौरान वहां मौजूद कई लोगों की आंखें छलक उठीं। माहौल इतना गमगीन था कि हर कोई भावुक हो उठा। इस मौके पर ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव, मुखिया गौरीशंकर तिवारी, पूर्व बीडीसीए प्रदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की। जब बड़े पुत्र सत्यम कुमार ने पिता को मुखाग्नि दी, तो पूरा श्मशान घाट "राजेश कुमार अमर रहें" के नारों और सिसकियों से गूंज उठा।

## गुरु का सम्मान करना ही ज्ञान की वास्तविक नींव है: प्रो शैलेन्द्र चतुर्वेदी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के मानस सभागार में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "भारतीय ज्ञान परंपरा में मानवता: एक अनंत यात्रा" का बुधवार को भव्य समापन हुआ। संगोष्ठी के दूसरे दिन विद्वानों ने आधुनिक वैश्विक चुनौतियों के समाधान के रूप में भारतीय प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता पर गंभीर विमर्श किया। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने ग्रंथो का संकलन का विमोचन मंचासिन सभी अतिथियों के साथ किया और सभी शिक्षकों को संकलन भेंट किया गया।

उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा और गुरु की महत्ता पर विशेष बल दिया। कहा कि आज यदि समाज में गुरु की महत्ता पुनः स्थापित हो जाए और उन्हें उतनी ही श्रद्धा की नजरों से देखा जाने लगे जैसी परंपरा हमारी संस्कृति में रही है, तो भविष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा को समझाने के लिए इस प्रकार के सेमिनारों के आयोजन की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने जोर दिया कि गुरु का सम्मान ही ज्ञान की वास्तविक नींव है। शोधपत्र वाचन एवं तकनीकी सत्र का हुआ




सफल संचालन संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्र का सफल संचालन हुआ, जिसमें देश भर के अलग-अलग विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। शोधार्थियों ने पर्यावरण, पारिस्थितिकी, नीतिशास्त्र और भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर अपनी मौलिक दृष्टि साझा की। समापन सत्र में संगोष्ठी के संयोजक प्रियेश रंजन विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी ने दो दिनों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने संगोष्ठी के दौरान हुए प्रमुख व्याख्यानों और प्राप्त निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत किया। अंत में डॉ नवीन शंकर पाठक स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यापक ने औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलपति, प्राचार्य, आमंत्रित अतिथियों, आयोजन समिति के सदस्यों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सह संयोजक डॉ प्रीति मौर्या, डॉ ओम प्रकाश आर्य और आयोजन सचिव डॉ रवि प्रभात के कुशल प्रबंधन के लिए इन्हें भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भारतीय ज्ञान पद्धति को जीवन में उतारना ही मानवता की सच्ची सेवा समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो डॉ कृष्ण कांत सिंह ने कहा कि दो दिनों के इस वैचारिक मंथन से जो निष्कर्ष निकले हैं, वे भविष्य में छात्रों और शोधार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान पद्धति को जीवन में उतारना ही मानवता की सच्ची सेवा है। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से कई प्रतिष्ठित प्राध्यापक और विद्वान शामिल हुए। दूसरे दिन के तकनीकी सत्रों में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो हरि प्रसाद अधिकारी और विशिष्ट वक्ता प्रो सुधाकर मिश्र ने अपने विचार रखे। प्रो अधिकारी ने संस्कृत साहित्य में निहित मानवतावाद पर प्रकाश डाला, वहीं प्रो मिश्र ने भारतीय आयुर्विज्ञान और योग परंपरा को स्वस्थ समाज के लिए अनिवार्य बताया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सराय टोल प्लाजा के पास से 2 तस्कर गिरफ्तार

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान सराय टोल प्लाजा के पास से लगभग 60 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एक हुंडई वर्ना कार से की गई। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से गांजे के अतिरिक्त तीन मोबाइल फोन, 3300 रुपये नकद और तस्करी में प्रयुक्त हुंडई वर्ना कार भी जब्त की है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। सदर 02 लालगंज के एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि वैशाली पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर की गई। सराय थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि मुजफ्फरपुर से हाजीपुर की ओर एक हुंडई वर्ना कार में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर डीआईयू और सराय थाना की टीम सराय टोल प्लाजा पर पहुंची। पुलिस टीम ने मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही संदिग्ध हुंडई वर्ना कार को रोका। पुलिस को देखकर कार सवार दोनों तस्कर भागने लगे, जिन्हें टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। विधिवत तलाशी के दौरान कार से लगभग 60 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया। इस संबंध में सराय थाना में कांड संख्या 161/26 दर्ज किया गया है। दोनों गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान अवैध मादक पदार्थ के स्रोत और इसके खरीदारों का खुलासा होगा। गिरफ्तार तस्करों में से एक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाने में गांजा खरीदने-बेचने का एक मामला दर्ज है। पुलिस अब इस गिरोह में शामिल अन्य तस्करों का पता लगाने और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### दिखा शिवलिंग आकार का अनोखा फूल, मुरौवतपुर गांव में ग्रामीण कर रहे पूजा, कृषि विभाग करेगा जांच

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के मुरौवतपुर गांव में एक खेत में शिवलिंग के आकार का एक विशाल फूल खिला है। इस अनोखे फूल को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण उमड़ पड़े हैं और इसे भगवान शिव का रूप मानकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। यह फूल आकार में काफी बड़ा है और इसका रंग रक्त लाल है, जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यह भगवान शिव की महिमा है, जिसके चलते वे इसे



पूजनीय मान रहे हैं। मौके पर महिलाएं भगवान शिव के गीत गाकर पूजा कर रही हैं। इस घटना की सूचना वैशाली के कृषि अधिकारियों को दे दी गई है। कृषि विभाग के अधिकारी अब इस फूल की प्रजाति और इसके खिलने के कारणों का पता लगाएंगे। अधिकारियों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह किस प्रकार का फूल है। तब तक ग्रामीण अपनी आस्था के अनुसार इसकी पूजा जारी रखे हुए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह ओल का फूल है, जो आमतौर पर बरसात के मौसम में इसी महीने में निकलता है।

### पुलिस के सामने ईंट चोरी, मारपीट, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

**हाजीपुर**। वैशाली थाना क्षेत्र के खेदड़पूरा गांव में ईंट चोरी और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 10 मई की बताई जा रही है, जिसमें पीड़िता सुमन देवी ने गांव के कई लोगों पर खेत के पास रखी ईंटों को ट्रैक्टर पर लादकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल है, जबकि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़िता सुमन देवी के अनुसार, गांव के विनोद राय, सकिंदर राय, जलेश्वर राय, उमेश राय, रामनाथ पासवान, रंजीत पासवान और वैशाली थाना के चौकीदार उमेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और उनके खेत के बगल में रखी ईंटों को ट्रैक्टर पर लादकर ले जाने लगे। सुमन देवी का आरोप है कि जब उन्होंने ईंट ले जाने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान पथराव किया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पीड़िता का कहना है कि घटना के दौरान वह और उनके परिवार के लोग काफी भयभीत हो गए थे। आसपास के लोगों की भीड़ जुटने के बाद मामला और बढ़ गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ दिखाई दे रहे हैं और ट्रैक्टर पर ईंट लादते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया है। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन वीडियो को लेकर स्थानीय स्तर पर काफी चर्चा हो रही है। लोग पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। पीड़िता सुमन देवी ने वैशाली थाना अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि थाना पुलिस अपने चौकीदार का पक्ष ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ आवेदन देने के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुमन देवी ने बताया कि उन्होंने हाजीपुर स्थित एससी/एसटी थाने में भी आवेदन दिया था, लेकिन घटना के पांच दिन बाद तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी जताई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोपी पक्ष का कहना है कि ईंट ले जाने से पहले पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। उनका दावा है कि मौके पर डायल 112 की टीम भी पहुंची थी, लेकिन उस समय किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी पक्ष का कहना है कि पूरे मामले को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से अब तक इस मामले में विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत वैशाली पुलिस अधीक्षक से भी की है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना और वायरल वीडियो के बाद वैशाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो मामले को लेकर तनाव और बढ़ सकता है।

### पहले हुई थी दूसरी जगह शादी, प्रेमी से मिलने पहुंची

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले में एक प्रेम कहानी इन दिनों इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। तीन साल पहले युवती की शादी परिवार वालों ने किसी दूसरे युवक से कर दी थी, लेकिन वह अपने पुराने प्रेमी को भुला नहीं सकी। आखिरकार जब दोनों साथ मिले तो मामला पंचायत तक पहुंच गया। घंटों चली बातचीत के बाद पंचायत और दोनों परिवारों ने प्रेम को स्वीकार करते हुए गांव के मंदिर में दोनों की शादी करा दी। मामला कांटी इलाके से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक बरियारपुर निवासी चंदन और नरसंडा की रहने वाली राधा लंबे समय से एक-दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों परिवार वालों से छिपकर मिला करते थे। इसी बीच करीब तीन साल पहले राधा की शादी दूसरे युवक से करा दी गई। हालांकि शादी के बाद भी वह उस रिश्ते में खुद को खुश नहीं रख सकी। परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद राधा ज्यादातर समय मायके में ही रहने लगी थी और अक्सर उदास रहती थी। करीब डेढ़ साल पहले उसने ससुराल छोड़ दिया और मायके लौट आई। इस दौरान भी उसका संपर्क चंदन से बना रहा। गुरुवार शाम इस प्रेम कहानी ने नया मोड़ ले लिया। दोनों एक स्थानीय होटल में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान युवती के परिजनों की नजर उन पर पड़ गई। इसके बाद परिवार में हंगामा मच गया और मामला गांव की पंचायत तक पहुंचा। गुरुवार शाम इस प्रेम कहानी ने नया मोड़ ले लिया। दोनों एक स्थानीय होटल में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान युवती के परिजनों की नजर उन पर पड़ गई। इसके बाद परिवार में हंगामा मच गया और मामला गांव की पंचायत तक पहुंचा। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। ग्रामीणों और पंचों ने जब दोनों की आपसी सहमति और एक-दूसरे के प्रति लगाव देखा तो रिश्ते को मंजूरी देने का फैसला लिया। किसी विवाद या तनाव के बजाय पंचायत ने दोनों को सामाजिक स्वीकृति देने का रास्ता चुना। इसके बाद कांटी स्थित मां जानकी मंदिर में दोनों की पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी कराई गई। गांव के लोगों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में चंदन ने राधा की मांग में सिंदूर भरकर उसे अपनी पत्नी बना लिया। शादी के दौरान गांव का माहौल बारात जैसा दिखा और बड़ी संख्या में लोग इस पल के गवाह बने।

# पटना में आईपीएल सट्टेबाजी को लेकर गोलीबारी, दो घायल

## नौबतपुर में देर रात घर पर चढ़कर फायरिंग का आरोप, 10 लाख कर्ज को लेकर विवाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना में आईपीएल सट्टेबाजी के रुपये के विवाद को लेकर गुरुवार देर रात गोलीबारी की घटना सामने आई है। घटना नौबतपुर थाना क्षेत्र के बड़ी कोपा गांव की है। घटना में 64 वर्षीय राज किशोर सिंह और उनका 13 वर्षीय भतीजा आयुष कुमार छर्रा लगने से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**10 लाख रुपये के कर्ज को लेकर विवाद**: घटना गुरुवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। राज किशोर सिंह ने नौबतपुर थाना में दिए आवेदन में गांव के शिवम कुमार, गोपाल जी, छोटी उर्फ आशुतोष और अमन कुमार समेत आधा दर्जन लोगों पर घर पर चढ़कर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र गुरुदेव कुमार, जो बीए का छात्र है, आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी करता था। इसी दौरान उसने गांव के कुछ युवकों से ऊंचे ब्याज पर लाखों रुपये उधार लिए थे। बताया जा रहा है कि उस पर करीब 10 लाख रुपये से अधिक



का कर्ज हो गया था।

**रुपये मांगने पहुंचे आरोपी, विरोध पर चलाई गोली**: परिजनों के अनुसार, कर्ज देने वाले युवक लगातार रुपये लौटाने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि गुरुवार देर रात आरोपी हथियार लेकर घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान निकले छर्रे राज किशोर सिंह और आयुष कुमार को लगे, जिससे दोनों घायल हो गए।

**वायरल वीडियो की जांच में जुटी पुलिस**: घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सहायक थाना प्रभारी इंदल कुमार यादव ने बताया कि, पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना के एक वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है, जिसमें गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

नौबतपुर थाना क्षेत्र के बड़ी कोपा गांव में आईपीएल सट्टेबाजी के 10 लाख रुपये के विवाद को लेकर गोलीबारी हुई। गुरुवार देर रात हुई इस घटना में 64 वर्षीय राज किशोर सिंह और उनका 13 वर्षीय भतीजा आयुष कुमार छर्रा लगने से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना गुरुवार की रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए ले जाया गया। राज किशोर सिंह ने नौबतपुर थाना में दर्ज कराए गए आवेदन में गांव के ही शिवम कुमार, गोपाल जी, छोटी उर्फ आशुतोष और अमन कुमार सहित आधा दर्जन लोगों पर घर पर चढ़कर अंधाधुंध फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

# पटना वीमेंस कॉलेज में लागू होगा नया ड्रेस कोड, अगले सत्र से होगा बदलाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना वीमेंस कॉलेज में अगले सत्र 2026-27 से नया ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। अलग-अलग संकायों की स्पष्ट पहचान के लिए यूनिफॉर्म का अलग कलर शेड रहेगा। कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं के ड्रेस कोड में बदलाव किया है। नामांकन के दौरान छात्राएं अपने कोर्स के अनुसार ड्रेस का ऑर्डर दे सकेंगी, ताकि सत्र की शुरुआत से ही सभी छात्राएं निर्धारित ड्रेस कोड में कैंपस आ सकें।

**वोकेशनल कोर्स के लिए क्रीम शेड के यूनिफॉर्म**: नए सत्र के लिए निर्धारित शेड के मुताबिक, बीसीए, एमसीए और डीएसए की छात्राओं के लिए लाइट ग्रीन शेड तय किया गया है। वहीं, वोकेशनल कोर्स, बीकॉम प्रोफेशनल, फैशन डिजाइनिंग, बीबीए, बीएमसी, सीएमएस, एएमएम, एमबायो और बीकॉम ऑनर्स की छात्राएं क्रीम शेड के यूनिफॉर्म में नजर आएंगी। बीए की छात्राओं के लिए ग्रे, बीएससी के लिए ग्रीन और पीजी की कुछ श्रेणियों के लिए लाइट पर्पल शेड निर्धारित किया गया है। अभी सलवार-सूट का विकल्प रखा गया है। हालांकि, कुछ विशिष्ट पाठ्यक्रमों में पैंट-शर्ट को भी शामिल किया गया है।

**वोकेशनल कोर्स के लिए क्रीम शेड के यूनिफॉर्म**


**15 मई तक नामांकन का आखिरी दिन**: वहीं, पटना वीमेंस कॉलेज में आज नामांकन का आखिरी दिन है। 15 मई तक छात्राएं फॉर्म भर सकती हैं। 25 मई को सुबह 10 बजे से बीएससी ऑनर्स के मुख्य विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जूलॉजी की प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इसी दिन दोपहर 12:30 बजे से बीए ऑनर्स के विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा ली जायेगी। अंग्रेजी ऑनर्स लेने वाली छात्राओं के लिए 26 मई को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू का भी आयोजन किया जाएगा। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे बीसीए और बीबीए में चयन ऑनलाइन इंटरव्यू के माध्यम से होगा।

# पटना के एकलव्य खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए सेलेक्शन ट्रायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र और जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए आज से सेलेक्शन ट्रायल शुरू किया जाएगा। यह सेलेक्शन ट्रायल 22 मई तक चलेगा। जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आयोजित ट्रायल्स में 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जबकि एकलव्य चयन ट्रायल्स में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**5 खेलों के लिए होगा सेलेक्शन ट्रायल**: बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि, 'जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत ताइक्वांडो, कबड्डी और बैडमिंटन के लिए ट्रायल होगा। वहीं, एकलव्य सेंटर के लिए वॉलीबॉल और वाटर स्पोर्ट्स (कयाकिंग एवं कैनोइंग) के लिए



**आज 5 खेलों में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी, वाटर स्पोर्ट्स में भी आजमाएंगे हाथ**

सेलेक्शन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों को ट्रायल्स में भाग लेने के दौरान आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, खेल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और बिहार निवास प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

# विधायक के भाई से चेन स्नेचिंग, बदमाशों की तलाश जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के पॉश इलाके कंकड़बाग में जहानाबाद के विधायक राहुल कुमार के भाई रोहित कुमार से चेन स्नेचिंग की घटना हुई है। बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर इस घटना को अंजाम दिया। यह वारदात सुबह करीब 7:46 बजे हुई, जब रोहित कुमार मॉर्निंग वॉक पर थे। घटना के बाद पीड़ित रोहित कुमार ने पुलिस गश्ती और राजधानी की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

**सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे रोहित**: रोहित कुमार ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। वे लोहिया नगर पार्क से पंचमंदिर की ओर जा रहे थे, जहां उनके आवास के पीछे पंचमंदिर स्थित है। घर लौटते समय पहले से घात लगाए बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। अचानक करीब आकर उनके गले से सोने की चेन झपट ली



और फरार हो गए। यह घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाश फरार हो गए। छीनी गई सोने की चेन की कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई जा रही है। इस दौरान रोहित के गले पर खरोंच भी आई, जिससे खून निकलने लगा। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचित किया गया। पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में हेलमेट पहने दो बाइक सवार बदमाश घटना को अंजाम देते दिख रहे हैं। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज

**♦ पॉश इलाके में दो बाइक सवार आए, गले से चेन खींचकर भागे**

और तकनीकी जांच के आधार पर अपराधियों की तलाश कर रही है।

**राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज**: रोहित कुमार मूल रूप से जहानाबाद के रहने वाले हैं। वह जहानाबाद के वर्तमान विधायक राहुल कुमार के भाई हैं और जेडीयू के पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के पुत्र भी हैं। ऐसे में दिनदहाड़े हुई यह वारदात राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गई है। घटना के बाद रोहित कुमार ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों के परिवार के लोग ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। रोहित का आरोप है कि इलाके में नियमित पुलिस गश्ती नहीं होने के कारण बदमाशों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। सुबह के समय मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'अपराधियों में पुलिस का डर खत्म होता जा रहा है।'

**स्थानीय लोगों में डर, पुलिस पर उठे सवाल**: घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि राजधानी में लगातार छिनतई, चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। आरोप है कि सुबह और देर रात के समय कई इलाकों में पुलिस गश्ती नजर नहीं आती, जिसका फायदा बदमाश उठा रहे हैं। लोगों ने इलाके में गश्ती बढ़ाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर पटना पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मानसून से पहले मीठापुर से राजीवनगर तक जलजमाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। 'हमारी गली में डेढ़ फीट तक पानी भरने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को भी स्कूल जाने में काफी परेशानी होती है। कई बार कंप्लेन कर चुके हैं, लेकन कोई रिस्पांस नहीं मिला।' यह कहना है मीठापुर के स्थानीय लोगों का, जो पिछले तीन महीने से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। मानसून शुरू होने से पहले ही तेज बारिश ने पटना की सड़कों और ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोल दी है। कहीं सड़कें खोदी गई हैं तो कहीं गलियों में गंदा पानी जमा है। शहर के कई इलाकों में लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। राजीव नगर में तो एक दुकान में पिछली बारिश से जमा पानी अभी तक नहीं निकाला जा सका है।



**मीठापुर में डेढ़ फीट तक पानी, बच्चे पॉलिथीन में ले जा रहे जूते**: मीठापुर के बी एरिया नहर मोहल्ले में पिछले तीन महीने से टूटा नाला लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। करीब 50 से अधिक घर जलजमाव से प्रभावित हैं। वार्ड पार्षद के घर वाली गली में ही डेढ़ फीट पानी जमा हुआ है। इस मोहल्ले में 50 से अधिक घर गंदे पानी के जलजमाव से प्रभावित है। लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चे पॉलिथीन में अपने जूते और मोज डालकर घर से निकलते हैं और रोड पार करके अपने जूते पहनते हैं। गाड़ी से आने जाने वाले लोगों का ड्रेनेज के खुले चैंबर में गिरने का खतरा मंडरा रहा है।

**महिलाएं घरों में कैद, बीमारी का बढ़ा खतरा**: मीठापुर निवासी 70 वर्षीय बीना देवी ने बताया कि, जलजमाव के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कई घरों में पानी घुस चुका है और साग-सब्जी तक लाना मुश्किल हो गया है। वहीं, रामरती देवी ने कहा कि गंदे पानी से बदबू फैल रही है और डायरिया व वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोग बीमार होने के बावजूद इस पानी से होकर डॉक्टर तक जाने से डर रहे हैं।

**पॉलिथीन में जूते-मोजे रखकर रोड पार करते बच्चे**: स्कूल जाने के दौरान बच्चों को क्या परेशानी होती है, यह जानने के लिए जब हमने एक बच्ची से बात किया। अमायरा ने बताया कि, मोहल्ले में पानी भरने के कारण मुझे अपने जूते को पॉलिथीन में भरकर रोड पार जाना पड़ता है। फिर मैं वहां अपने जूते पहनती हूं। पटना नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, मीठापुर आरओबी सह फ्लाईओवर का निर्माण के कारण कई ड्रेनेज नाले क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन सभी को ठीक करने की जिम्मेदारी पुल निर्माण निगम की है। हालांकि, नगर निगम ने कहा है कि हमें इसकी कंप्लेन मिली है। जल्द से जल्द हम पंप चलाकर पानी की निकासी करेंगे, ताकि हालत पहले से बेहतर हो।

# सीएम सम्राट के सेक्रेटरी लोकेश कुमार की तबीयत बिगड़ी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सेक्रेटरी लोकेश कुमार सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें पटना के IGIMS अस्पताल में सीसीएम (ICU) में एडमिट कराया गया । डॉक्टर के मुताबिक उनका शुगर लेवल फिलहाल कम हो गया था। उनकी स्थिति अभी ठीक है और वे खतरे से बाहर हैं। शुक्रवार की सुबह उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

सीएम सम्राट चौधरी, स्वास्थ मंत्री निशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, प्रत्यय अमृत, स्वास्थ सचिव कुमार रवि, पटना डीएम, मंगल पांडे, यशपाल मीणा और अनिमेष पाराशर समेत तमाम अधिकारी लोकेश सिंह से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। लोकेश कुमार सिंह को हाल ही में



सचिवालय का सचिव नियुक्त किया है। 2003 बैच के बिहार कैडर के IAS अधिकारी लोकेश कुमार सिंह के पास 23 सालों का प्रशासनिक अनुभव है। इनकी पहचान सीधे ग्राउंड पर उतरकर समस्याओं का समाधान करने और किसी भी फाइल में कौमा से पूर्ण विराम तक पढ़ने वाले अधिकारी की है। लोकेश सिंह अपनी वर्किंग स्टाइल के चलते पहले ही सरकार के चहेते अधिकारियों की लिस्ट में शामिल हो गए थे।

# 19 जिलों में बारिश का अलर्ट, 24 घंटे में 41 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में गर्मी और उमस के बीच बारिश-आंधी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज यानी शुक्रवार को भी 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आंधी के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की भी संभावना है। साथ ही दोपहर बाद 50kmph की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। बीते 24 घंटे में 41.1 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ कैमूर सबसे गर्म जिला रहा। पटना में भी उमस रही। बगहा में हल्के बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और स्थानीय मौसमीय परिस्थितियों के कारण उत्तर-पूर्व बिहार में प्री मानसून सक्रिय बना हुआ है।

**पटना समेत दक्षिण बिहार में गर्मी का असर बरकरार**: पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, कैमूर (भभुआ),



रोहतास, औरंगाबाद, गया, अरवल, जहानाबाद, पटना, नालंदा, नवादा, बेगूसराय, शेखपुरा और लखीसराय में तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर सकती है। दिन के समय धूप तेज रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हवा में नमी अधिक रहने के कारण लोगों को वास्तविक तापमान से ज्यादा गर्मी महसूस हो सकती है।

# बंगाल से पेट्रोल भरवा रहे किशनगंज के लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## 4 पेट्रोल पंप बंद, पेट्रोल-डीजल 3 रुपए/ लीटर महंगा

**पटना**। अमेरिका और ईरान की जंग के बीच देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा दी गई है। पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। शुक्रवार 15 मई, 2026 को पेट्रोलियम कंपनियों ने डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। बिहार में अब पेट्रोल की कीमत पटना में 108.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। गुरुवार तक पटना में पेट्रोल की कीमत 105.37 रुपए प्रति लीटर थी। वहीं डीजल के दाम भी बढ़े हैं अब पटना में डीजल की कीमत 94.65 रुपए प्रति लीटर हो गया है, जबकि कल तक डीजल की कीमत 91.65 रुपए प्रति लीटर थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में CNG भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। किशनगंज में 4 पेट्रोल पंप बंद होने से लोग बंगाल से तेल भरवा रहे हैं। इधर, गयाजी में पेट्रोल पंप पर भारी



भीड़ देखी गई। पेट्रोल-डीजल लगने के लिए वाहनों की लंबी लाइन लग गई है। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ गई है।

**किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड में 4 पेट्रोल पंप बंद**: किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड में 8 पेट्रोल पंप है। इसमें से 4 पंप बंद कर दिए गए हैं। यहां पर तेल-डीजल खत्म हो चुका है। अब यहां के रहवासी बंगाल में पेट्रोल भरवाने जा रहे हैं। जिले में पेट्रोल 110.26 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जिसमें 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। डीजल की कीमत 96.34 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जिसमें 3.25 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि दर्ज की गई है।

**और बढ़ सकती है कीमत**: पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना में एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों के सावधानीपूर्वक उपयोग का सुझाव दिया था। पीएम ने कहा था कि आज समय की मांग है कि पेट्रोल, गैस और डीजल का उपयोग बहुत संयम से किया जाए। हमें आयातित पेट्रो उत्पादों का उपयोग केवल जरूरत के अनुसार ही करना चाहिए। इससे न केवल विदेशी मुद्रा बचेगी, बल्कि युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव भी कम होंगे।

# रांची में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पोर्टल पर नियमित अपडेट के निर्देश

**एजेंसी। रांची**



सदर अस्पताल रांची स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में शुक्रवार को एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम और आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) पोर्टल के संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने की। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, पोर्टल अपडेट की स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यक्रम को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनीमिया नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर सामाजिक विषय है, जिस पर सभी संबंधित विभागों और स्वास्थ्य कर्मियों को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ. प्रभात कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और संबंधित विवरण एईबीएएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट किए जाएं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर सही और समयबद्ध जानकारी अपलोड होने से वेतन भुगतान, प्रशासनिक कार्यों और विभागीय निगरानी में पारदर्शिता बनी रहती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एनीमिया नियंत्रण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में एनीमिया की समस्या को कम करने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी जागरूकता अभियान और आयरन सप्लीमेंट वितरण कार्यक्रम को गंभीरता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। डॉ. प्रभात कुमार ने एनीमिया से संबंधित आंकड़ों की नियमित मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर समय पर डेटा अपलोड किया जाए, क्योंकि स्वास्थ्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सही आकलन सटीक आंकड़ों के आधार पर ही संभव है। इसके अलावा बैठक में आरआई माइक्रोप्लान जल्द जमा करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि एएमबी डैशबोर्ड पर सूचनाएं समय पर अपडेट हो सकें और राज्य स्तर पर निगरानी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक श्वेता वर्मा, यूनिसेफ की प्रतिनिधि अन्नपूर्णा, एविडेंस एक्शन के नीरज सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक और संबंधित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिक स्वास्थ्य योजनाओं में शामिल है। इसके तहत महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में खून की कमी की समस्या को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, तो एनीमिया जैसी गंभीर समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# झारखंड में 21 मई तक आंधी-बारिश और वज्रपात का अलर्ट, कई जिलों में येलो और ऑरेंज चेतावनी जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आगामी 21 मई तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने विशेष रूप से 17 और 18 मई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की आशंका जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्र शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा जिले के कोलेबिरा क्षेत्र में 4.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 3 मिलीमीटर, गुमला जिले के पालकोट में 2.8 मिलीमीटर तथा बिशनपुर में 1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक डाल्टनगंज में 44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम क्षेत्र में 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी रही। हालांकि दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान भी काफी अलग-अलग रहा। रांची में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और न्यूनतम 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम 44 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री रहा, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अल्ट्रासाउंड व्यवस्था में लापरवाही पर भड़के प्रखंड प्रमुख, डॉक्टर के खिलाफ की शिकायत



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला स्थित खुंटपानी प्रखंड प्रमुख सह जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ होनहागा ने सदर अस्पताल चाईबासा में अल्ट्रासाउंड सेवा में कथित लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई है। शुक्रवार को अस्पताल निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की, जहां लोगों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड के लिए सुबह से लाइन लगाने के बावजूद डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचने की शिकायत की। इससे खासकर गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सिद्धार्थ होनहागा ने आरोप लगाया कि अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर फूलचंद हांसदा नियमित समय पर अस्पताल नहीं आते, जिसके कारण कई मरीजों की जांच नहीं हो पाती और उन्हें बार-बार अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है। मामले को गंभीर बताते हुए उन्होंने डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट शिव चरण हांसदा को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की। वहीं अस्पताल प्रशासन ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे। सदर अस्पताल की अल्ट्रासाउंड व्यवस्था को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी देखी जा रही है।

### नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर युवक ने की बुआ की गला दबाकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी गांव में नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर 19 वर्षीय युवक ने अपनी 58 वर्षीय बुआ की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात की सूचना मिलते ही सोनुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। मृतका निर्वासिनी प्रधान अविवाहित थीं और अपने भाई के परिवार के साथ रहती थीं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्वासिनी प्रधान ने बचपन से अपने भतीजे सूरज प्रधान का पालन-पोषण किया था। परिवार और गांव में वह बेहद सरल स्वभाव की महिला मानी जाती थीं। सूरज की हर जरूरत का ध्यान रखने वाली बुआ ने जब उसके बढ़ते नशे की लत को देखते हुए पैसे देना बंद कर दिया, तभी से दोनों के बीच विवाद होने लगा था। ग्रामीणों के मुताबिक, सूरज प्रधान नशे का आदी था और अक्सर अपनी बुआ से पैसे की मांग करता रहता था। गुरुवार सुबह से ही वह नशापान के लिए लगातार पैसे मांग रहा था, लेकिन निर्वासिनी प्रधान ने पैसे नहीं होने की बात कहकर देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और नाराज होकर बुआ ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। इधर, हत्या की सूचना मिलते ही सोनुवा थाना पुलिस गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। संदेह के आधार पर पुलिस ने सूरज प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। सोनुवा थाना प्रभारी एस.के. नायक ने बताया कि आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन को दें बढ़ावा : उपायुक्त



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद, खूंटी की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) आलोक शिकारी कच्छप ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य रूप से जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाओं के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर पहुंच पथ, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। साथ ही पर्यटन स्थलों के समुचित प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पर्यटन को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। इस दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने कई आवश्यक सुझाव एवं प्रस्ताव भी दिए। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए। डीडीसी ने कहा कि जिले की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला खेल पदाधिकारी-सह-जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# क्लस्टर सिस्टम के विरोध में छात्रों का धरना- प्रदर्शन




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

राज्य सरकार के निर्देश पर कोल्हान विश्वविद्यालय में लागू किए गए क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ शुक्रवार को छात्रों का गुस्सा खुलकर सामने आया। साकची स्थित कोल्हान यूनिवर्सिटी से संबद्ध ग्रेजुएट कॉलेज के मुख्य द्वार पर छात्र संघ नेताओं और विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन कर व्यवस्था को वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे छात्र हिमांशु शेखर, खलखो पूर्ति सहित अन्य विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में आर्ट्स और साइंस की पढ़ाई बंद कर दी गई है। इसके कारण छात्रों को एलबीएसएम कॉलेज और को-ऑपरेटिव कॉलेज में स्थानांतरित किया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि कदमा और मानगो क्षेत्र के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए वर्कर्स कॉलेज ही सबसे सुलभ सरकारी कॉलेज था, लेकिन अब 8 से 10 किलोमीटर दूर पढ़ाई करने जाना आर्थिक रूप से मुश्किल होगा। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर बिना तैयारी छात्रों का भविष्य खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए वर्कर्स कॉलेज में आर्ट्स और साइंस की पढ़ाई फिर से शुरू करने तथा क्लस्टर सिस्टम में संशोधन की मांग की।

# रांची में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफरा-तफरी, पंपों पर लंबी कतारें, कई पंप हुए ड्राई

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची में पेट्रोल-डीजल को लेकर शुक्रवार को अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। पेट्रोल पंप संचालकों और केंद्र सरकार की ओर से ईंधन का पर्याप्त भंडार होने का दावा किए जाने के बावजूद शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे से ही लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। बाइक, स्कूटी और कारों की लंबी लाइनें लग गईं। कई लोग गैलन और बोतलों में भी पेट्रोल भरवाते नजर आए। अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने की स्थिति उत्पन्न हो गई, जबकि कुछ पंप पूरी तरह ड्राई होकर बंद भी हो गए। कोकर, लालपुर और डीपीएस के पास स्थित पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी गई। कडरू पेट्रोल पंप, करमटोली पेट्रोल पंप और बरियातू समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। कडरू ब्रिज के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर सुबह से ही वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं करमटोली-जेल रोड स्थित आमने-सामने के दो पेट्रोल पंपों में से एक नया पंप ईंधन खत्म होने के कारण बंद हो गया। बरियातू स्थित पेट्रोल पंप भी ड्राई होने के कारण बंद पड़ा रहा। स्थिति को देखते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग घबराएं नहीं और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं। अनावश्यक स्टॉकिंग से अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है और इससे पंपों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की भी अपील की। इधर, झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने कहा कि तेल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन अचानक मांग बढ़ जाने के कारण कई पंपों पर ड्राई की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि जिन पंपों पर सामान्य स्थिति में तीन दिनों का स्टॉक रहता था, वह एक ही दिन में समाप्त हो जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। रांची में पेट्रोल की कीमत 97.86 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 100.86 रुपये हो गई है, जबकि डीजल की कीमत 92.62 रुपये से बढ़कर 95.76 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं।बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है, जिसके चलते ईंधन कीमतों में इजाफा किया गया है।

# शैक्षणिक आयोजन का विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका : रानी टूटी

**एजेंसी। खूंटी**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) खूंटी जिला की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 सह शिक्षा मेला का समापन शुक्रवार को हुआ। समारोह के दूसरे दिन जिले के जैक, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के 12 वीं कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 1400 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दो दिनों में कुल 4600 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार वर्षा ऋतु, विवेक नायक और राज मौर्या की उपस्थिति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में रानी टूटी ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में इस तरह का बड़ा शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं डॉ पंकज कुमार ने कहा कि एबीवीपी केवल आंदोलनकारी संगठन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का भी मंच है। डॉ दीपनारायण जायसवाल ने विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजक और एबीवीपी प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि खूंटी जिले के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का अभियान है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम में लगभग 4600 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम दिवस पर लगभग 3200 और द्वितीय दिवस पर लगभग 1400 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद ऐसे प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के साथ खड़ी है और उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिक्षा मेला आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों और करियर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, स्कॉलरशिप और करियर विकल्पों की जानकारी दी।

# सारंडा में आईईडी ब्लास्ट से घायल हाथी की इलाज के दौरान मौत

**पश्चिमी सिंहभूम ।** जिले के नक्सल प्रभावित घने सारंडा जंगल स्थित कोलबोंगा क्षेत्र में आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए जंगली हाथी की गुरुवार देर शाम मौत हो गई। करीब एक सप्ताह तक वन विभाग और पशु चिकित्सकों की टीम उसकी जान बचाने में जुटी रही, लेकिन गंभीर जख्म और बढ़ते संक्रमण के कारण आखिरकार हाथी ने दम तोड़ दिया।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
**आवश्यक सूचना।**
( लापता रिमक्षिम कुमारी, उम्र–करीब 24 वर्ष )



डंडई थाना सनहा सं0–08/26 दिनांक–10.05.2026 में लापता रिमक्षिम कुमारी, उम्र करीब–24 वर्ष, पति–नीतीश कुमार, सा0–जरही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि रिमक्षिम कुमारी दिनांक–09.05.2026 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–रिमक्षिम कुमारी, लम्बाई–05 फीट, रंग–गोरा,
पहनावा–पीला रंग का साड़ी एवं सैंडल।

PR 379958 Police (26-27)D
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।



## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)
**सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ीकेन्द्र वार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आम सभा में उपस्थित हो कर चयन कार्य क्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र का जातिबाहुल्य | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भवनाथपुर | खरौंधी | भुईयाटोलामझिगॉवा | सहायिका | BC-1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | भवनाथपुर | केतार | मेरौनी–1 | सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 3 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | रक्साटोला | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 4 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | घघरा | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 5 | गढ़वा | गढ़वा | भदुआ | सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 6 | गढ़वा | गढ़वा | परिहारा–3 | सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 7 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–2 | सहायिका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 8 | गढ़वा | गढ़वा | जुटी | सहायिका | BC- 2 | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 9 | काण्डी | काण्डी | काण्डी–1 | सहायिका | BC-2 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 10 | काण्डी | काण्डी | नरायणपुर | सेविका | BC-2 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 11 | काण्डी | काण्डी | सोनपुरवा | सेविका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 12 | काण्डी | काण्डी | लमारीकलाहरिजन टोला | सहायिका | SC | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 13 | काण्डी | काण्डी | हेमराजी | सहायिका | BC-2 | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 14 | धुरकी | धुरकी | टाटीदीरीतेनुआहीटोला | सहायिका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 15 | मेराल | मेराल | बघेसर | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 16 | मेराल | मेराल | भुईयाटोलादुलदुलवा | सहायिका | SC | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 17 | मेराल | डंडई | दामर टोला करके | सहायिका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 18 | मेराल | डंडई | चकरी | सहायिका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 19 | मेराल | डंडई | सिकरिया | सेविका | ST | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 20 | मेराल | डंडई | मुस्लिमटोलाबैलाझखड़ा | सेविका | BC- 1 | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 21 | रंका | रंका | रंका खूर्द | सेविका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 22 | रंका | रंका | बेलवादामर | सेविका/सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 23 | रंका | रंका | जोलंगा | सेविका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 24 | रंका | रंका | दमारन | सेविका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 25 | रंका | रमकण्डा | बरवाहा | सेविका | ST | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 26 | रंका | रमकण्डा | रमकण्डा–3 | सहायिका | BC- 1 | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 27 | रंका | रमकण्डा | उदयपुर–2 | सहायिका | SC | बुधवार 10.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 28 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | सेविका | SC | गुरूवार 11.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 29 | रंका | रमकण्डा | सबानेमुण्डाटोला | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 12.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 30 | रंका | रमकण्डा | सबानेपरहियाटोला | सेविका | ST | शनिवार 13.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 31 | रंका | चिनियॉ | सिदे | सहायिका | ST | सोमवार 15.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 32 | रंका | चिनियॉ | पुरेगड़ा | सेविका/सहायिका | ST | मंलगवार 16.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 33 | रंका | चिनियॉ | राजबास | सेविका | ST | बुधवार 17.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 34 | रंका | चिनियॉ | रणपुरा | सहायिका | SC | गुरूवार 18.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 35 | रंका | चिनियॉ | मसरीअलीआसमसरा | सेविका | ST | शुक्रवार 19.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 36 | रंका | चिनियॉ | मसरीअलीआसमसरा | सहायिका | ST | शनिवार 20.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 37 | रंका | चिनियॉ | कठौतिया | सेविका | ST | सोमवार 22.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 38 | मझिऑव | मझिऑव | करमडीह | सहायिका | BC1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 39 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | गोसाईबागचेचरिया | सेविका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 40 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | आमरसरईदक्षिण | सेविका | ST | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 41 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | पतागड़ा खूर्द | सेविका | BC- 2 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 42 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | कुशवाहाटोलापतागड़ाकला | सहायिका | BC- 2 | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 43 | भण्डरिया | भण्डरिया | बंजारीनौकाटोला | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 44 | भण्डरिया | भण्डरिया | चपलसी | सेविका | ST | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 45 | भण्डरिया | भण्डरिया | बिजका–1 | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 46 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो–1 | सेविका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 47 | भण्डरिया | बड़गड़ | रूद | सेविका/सहायिका | SC | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 48 | भण्डरिया | बड़गड़ | तुमेरा | सेविका/सहायिका | SC | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 49 | भण्डरिया | बड़गड़ | चपिया | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 10.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 50 | भण्डरिया | बड़गड़ | खुर्रा | सेविका/सहायिका | ST | गुरूवार 11.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 51 | भण्डरिया | बड़गड़ | चेमों | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 12.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 379889 Social Welfare,Women and Child Development(26-27)D

# फडणवीस सरकार का अहम निर्णय, संतरा आयात ड्यूटी रिफंड स्कीम बंद

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के लिए अहम फैसला लिया है। अब उनकी उपज और बांधों से निकलने वाले कचरे को बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। इस पर संशोधित नीति लाई गई है। राज्य की 6 बड़ी परियोजनाओं से प्रयोग के तौर पर गाद और रेत निकाली जाएगी। इससे बांधों का जल भंडारण बढेगा और कचरे का सही इस्तेमाल भी किया जा सकेगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबनिट की बैठक में पानी के भंडारण, संतरे की इंपोर्ट ड्यूटी रिफंड स्कीम को रद्द करने, मेडिकल शिक्षा संस्थानों की इमारतों को 50 प्रतिशत छूट के साथ ही 13 अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक में संतरे की आयात ड्यूटी रिफंड स्कीम को रद्द करने का फैसला लिया गया है। बांग्लादेश को एक्सपोर्ट किए जाने वाले संतरे पर आयात ड्यूटी पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही थी। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि क्योंकि राज्य के किसानों को इस योजना का फायदा नहीं मिल रहा था। निर्णयानुसार सिंचाई परियोजनाओं के जलाशयों से गाद और गाद वाली रेत हटाने के लिए बदली हुई नीति पर अमल किया जाएगा। इससे पानी का भंडारण बढ़ेगा, किसानों को काफी गाद मिलेगी। बांधों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। नासिक जिले के अंबोली–वेलुंज स्ट्रीम डायवर्जन प्रोजेक्ट के लिए 49 करोड़ 26 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। कोकण के सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिले के लिए सिंधुरत्न समृद्धि योजना 2.0 आगामी तीन साल के लिए लागू की जाएगी। निजी अनुदानित रहवासी हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूलों के शिक्षकों के लिए 12 और 24 साल की नियमित सेवा के बाद चट्टोपाध्याय कमीशन के अनुसार सीनियर पे स्केल और सिलेक्शन स्केल लागू करने की मंजूरी दी गई है। नासिक के कुसुमाग्रज प्रतिष्ठान को शैक्षणिक वर्ष से हर साल 10 लाख रुपये के ग्रांट स्कीम के तहत फंड दिया जाएगा। नासिक रिंग रोड परियोजना के लिए आवश्यक जमीन खरीदने पर स्टाम्प ड्यूटी में रियायत देने को मंजूरी सॉइल एंड वॉटर कंजर्वेशन डिपार्टमेंट का रिवाइज्ड स्ट्रक्चर फाइनल किया गया। राज्य में लगभग 8,767 पोस्ट को मंजूरी। विभाग के लिए 6,481 और महाराष्ट्र वॉटर कंजर्वेशन कॉर्पोरेशन के लिए दो पोस्ट के अलावा 6,483 पोस्ट यानी 2,284 एक्स्ट्रा पोस्ट।

## नीट परीक्षा रद्द होने पर भड़के शरद पवार; कहा पहले भी हुई थीं ऐसी घटनाएं, फिर भी सरकार ने नहीं लिया सबक

**मुंबई, एजेंसी।** कथित पेपर लीक के आरोपों के बाद नीट–यूजी परीक्षा को रद्द किए जाने के फैसले ने देश की सियासत में भूचाल ला दिया है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर लगातार हमलावर है। इसी कड़ी में शरद पवार ने इस पूरे मामले पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। पुणे में मीडिया से बात करते हुए वरिष्ठ नेता शरद पवार ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि बार–बार होने वाली ऐसी घटनाओं के बाद भी जरूरी एहतियात नहीं बरते गए, जिसका खामियाजा आज देश के लाखों होनहार छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। नीट परीक्षा में हुई धांधली और उसे रद्द करने के फैसले पर सीधे तौर पर बोलते हुए एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो ऐसी घटनाएं पहले भी एक या दो बार हो चुकी हैं। लेकिन उन घटनाओं के सामने आने के बाद भी जो जरूरी कदम और सावधानियां बरती जानी चाहिए थीं, वे नहीं ली गईं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की इसी ढिलाई और दूरदर्शिता की कमी के कारण आज यह स्थिति दोबारा पैदा हुई है, जिसने पूरे देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

यूपी में कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं

# यूपी में धमाके को तैयार चिराग पासवान

**लखनऊ , एजेंसी।** बिहार की राजनीति में अपनी धाक जमाने के बाद मोदी के मंत्री चिराग पासवान उत्तर प्रदेश की चुनावी बिसात पर अपना दांव खेलने के लिए तैयार हैं। राजधानी लखनऊ की सड़कों पर चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) ने नए नारों के साथ पोस्टर वार भी छेड़ दिया है। यूपी में कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। चिराग की इस सक्रियता ने राजनीतिक गलियारों में यह बहस छेड़ दी है कि उनका यूपी प्रेम किसका वोट बैंक बिखेरेगा। माना जा रहा है कि सपा-बसपा के साथ ही भाजपा की टेंशन भी चिराग के एक्टिव होने से बढ़ेगी। पोस्टर पॉलिटिक्सः 'क्यों मांगे नेता उधार, जब अपना नेता है तैयार 'लखनऊ की सड़कों, खासकर मुख्यमंत्री आवास कालीदास मार्ग के बाहर लगे लोजपा के पोस्टरों ने सबको चौंका दिया है। पोस्टरों पर लिखा नारा 'क्यों मांगे नेता उधार, जब अपना नेता है तैयार' से सीधे तौर पर दलित समाज को एक नया विकल्प देने की कोशिश है। यह स्लोगन उन राजनीतिक दलों पर तंज माना जा रहा है जो दलितों के नाम पर



राजनीति तो करते हैं, लेकिन नेतृत्व के लिए दूसरों का मुंह ताकते हैं। लोजपा (रा) के सांसद और चिराग के करीबी अरुण भारती ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी आगामी यूपी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है। पार्टी केवल पूर्वांचल या बिहार से सटे जिलों तक ही सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि पूरे प्रदेश में दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों की आवाज बनने की तैयारी में है। पार्टी अब बूथ स्तर पर संगठन खड़ा करने में जुटी है। अरुण भारती ने साफ कर दिया है कि हमारा लक्ष्य सत्ता की मलाई खाना नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जिसका उत्पीड़न हो रहा है। चिराग पासवान का यूपी में सक्रिय होना कई समीकरणों को बिगाड़ सकता है मायावती की बसपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। ऐसे में चिराग के सक्रिय होने से बसपा के 'कैडर वोट' में सेंध लग सकता है। अगर जाटव और गैर-जाटव दलितों को चिराग में भविष्य दिखा तो मायावती के लिए अपनी जमीन बचाना मुश्किल हो सकता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का भी जोर पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक पर है। अखिलेश 2024 के हिट फार्मूले जरिए ही 2027 फतह करना चाहते हैं। सपा का दावा है कि दलितों के साइकिल पर सवार होने से ही लोकसभा चुनाव में सफलता मिली थी। चिराग की एंट्री दलित वोटों को सपा की ओर जाने से रोक सकती है। चिराग के एक्टिव होने से सपा-बसपा के साथ ही बीजेपी को भी नुकसान हो सकता है। बीजेपी ने बसपा के 'नॉन जाटव' दलित वोटों को बड़ी संख्या में अपनी ओर खींचा है। चिराग वर्तमान में केंद्र में बीजेपी के सहयोगी हैं, लेकिन अगर वे यूपी में अलग ताकत बनकर उभरते हैं तो बीजेपी के पाले में आया यह नया दलित वोट बैंक छिटक सकता है। लोजपा की यह रणनीति यूपी में एनडीए के अन्य सहयोगियों सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के लिए भी चुनौती है।

## धर्मांतरण मामले में निदा खान की जेल हिरासत बढ़ी, जमानत पर सुनवाई 25 मई को

**नासिक , एजेंसी।** नासिक बहुराष्ट्रीय कंपनी की महिला कर्मचारी से अत्याचार, छेड़छाड़ और धर्मांतरण के प्रयास से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी निदा एजाज खान की नासिकरोड जेल में न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। गर्भवती होने के आधार पर तत्काल जमानत दिए जाने की मांग करते हुए दायर याचिका पर अदालत ने अब 25 मई को सुनवाई निर्धारित की है। देवलाली कैंप पुलिस थाने में दर्ज मामले में 26 मार्च से फरार चल रही निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका 2 मई को नासिकरोड अदालत ने खारिज कर दी थी। इसके बाद 7 मई को उसे छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया। 8 से 11 मई तक वह पुलिस हिरासत में रही, जबकि 12 से 25 मई तक उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बुधवार 13 मई को आरोपी निदा खान की ओर से एड. राहुल कासलीवाल ने जमानत याचिका दायर की। नासिकरोड न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के.जी. जोशी की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। प्रारंभिक बहस के बाद अदालत ने जांच अधिकारी और सरकारी वकील का पक्ष सुनने के लिए अगली तारीख तय की। इसी मामले में आरोपी दानिश शेख और तौसिफ अत्तार की जमानत याचिकाओं पर 30 मई को सुनवाई होगी। वहीं धर्मांतरण के प्रयास और जबरन मांसाहार कराने से जुड़े मामले में आरोपी दानिश शेख की जमानत याचिका पर 6 जून को सुनवाई निर्धारित की गई है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच बढ़ेगी कनेक्टिविटी, 2 नए कॉरिडोर के लिए टेंडर जारी

**नोएडा-ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले और खासकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच रोजाना सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को एक्वा लाइन पर दो नए कॉरिडोर 11.56 किलोमीटर लंबे बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और 2.6 किलोमीटर लंबे ग्रेटर नोएडा डिपो-बोडाकी लिंक के विस्तार के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं।

एनएमआरसी ने एक बयान में, कहा कि बॉटनिकल गार्डन-सेक्टर 142 प्रोजेक्ट को पूरा होने में करीब चार साल का वक्त लग सकता है, जबकि ग्रेटर नोएडा डिपो-बोडाकी प्रोजेक्ट तीन साल में पूरा हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि बॉटनिकल गार्डन-सेक्टर 142 कॉरिडोर में आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे और इसकी अनुमानित लागत 2,254.35 करोड़ रुपये है।



### प्रस्तावित स्टेशन कहां-कहां?

बॉटनिकल गार्डन, सेक्टर 44, सेक्टर 96 (नोएडा अथॉरिटी ऑफिस), सेक्टर 97, सेक्टर 105, सेक्टर 108 (पुलिस कमिश्नरेट), सेक्टर 93 और सेक्टर 91 में पंचशील बालक इंटर कॉलेज। अधिकारियों के मुताबिक यह कॉरिडोर बॉटनिकल गार्डन (ब्लू लाइन और मेजेंटा लाइन को जोड़ने वाला प्रमुख इंटरचेंज) को नोएडा के प्रमुख क्षेत्रों और साथ ही ग्रेटर नोएडा तक पहुंच को बेहतर बनाएगा। फिलहाल यात्री सेक्टर 51-52 स्टेशन पर ट्रेन बदलते हैं, और स्काईवॉक न होने के वजह से यात्रियों को काफी दूर तक पैदल चलना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होती है। डिपो-बोराकी विस्तार पर करीब 416 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें दो नए स्टेशन जुनपत और बोराकी बनाए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि ये नया रूट ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन को बोड़ाकी गांव पर प्रस्तावित मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब से जोड़ेगा।

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच बढ़ेगी

नोएडा अथॉरिटी के सीईओ और एनएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर, कृष्ण करुणेश ने बताया कि एनएमआरसी जल्द ही काम करने वाली एजेंसियों को चुन लेगा और प्रोजेक्ट का काम शुरू हो जाएगा। ये प्रोजेक्ट्स नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच कनेक्टिविटी सुधारने के लिए बेहद जरूरी हैं। इनके पूरा होने पर मेट्रो नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच जाएगी। फिलहाल एक्वा लाइन नोएडा सेक्टर 51 से ग्रेटर नोएडा के डिपो स्टेशन तक चलती है। अप्रैल 2026 के आंकड़ों के मुताबिक, हर दिन औसतन 65,290 यात्री इस लाइन से सफर करते हैं। इन नए लिंक्स के चालू होने से यात्रियों की संख्या में भारी उछाल आने की उम्मीद है।

# जब तक दुनिया है, तब तक वंदे मातरम रहेगा: हुमायूं कबीर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने के ऐलान के बाद चर्चा में आए विधायक हुमायूं कबीर ने बुलडोजर ऐक्शन का समर्थन किया है। एजेयूपी यानी आम जनता उन्नयन पार्टी के नेता ने वंदे मातरम गाने का भी समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काला कोट पहनकर कोर्ट जाने को नाटक करार दिया है। तृणमूल कांग्रेस से निकाले जाने के बाद कबीर ने एजेयूपी पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा था।

**कोर्ट जाने को बताया नाटक:** कबीर ने कहा, '2021 में जब वह तीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं और इतनी हिंसा की, वो सब भूल गईं क्या। आज के दिन में शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री होने के बाद, बीजेपी यहां सत्ता में आने के बाद कहां चुनाव के बाद हिंसा हुई। जहां जितना उनका मुख्यमंत्री, गृहमंत्री रहते हुए चुनाव के बाद हिंसा हुई, तो आज नाटक कर रही हैं। नाटक करने के लिए कोर्ट जा रहे हैं। कोई फायदा नहीं मिलेगा पार्टी को इससे।'

वंदे मातरम को लेकर उन्होंने कहा, 'कोई दिक्कत नहीं है। भारत का वंदे मातरम नारा पहले से था, अभी भी रहेगा, जितने दिन दुनिया रहेगा उतने दिन रहेगा। क्या दिक्कत है, वंदे मातरम के लिए किसी को



कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।'

### बुलडोजर ऐक्शन को दिया समर्थन

उन्होंने कहा, 'अवैध निर्माण जहां भी होगा, वहां जाकर बुलडोजर चले, कोई भी तोड़े। दिक्कत नहीं है।' साथ ही उन्होंने कहा, 'कोई गलत काम में जुड़ा हुआ होगा, तो उनके खिलाफ जहां भी बुलडोजर ऐक्शन लेंगे, वहां मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मैं पूरा मदद करूंगा।' चोर चोर के नारे लगे बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा की सुनवाई के बाद परिसर से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थीं और वहां मौजूद वकीलों के एक समूह ने उन्हें देखकर 'चोर-चोर' कहकर नारे लगाए। ममता के साथ अदालत आए तृणमूल नेता और वकील कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा से प्रभावित वकीलों ने पूर्व मुख्यमंत्री को परेशान करने की कोशिश की और पार्टी की कानूनी टीम को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### कौन सी सीट छोड़ेंगे हुमायूं कबीर

बंगाल विधानसभा चुनाव में कबीर ने नौदा और रेजीनगर दो सीटों से जीत हासिल की है। अब वह रेजीनगर सीट छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा, 'मैं कल रेजीनगर सीट से इस्तीफा दे दूंगा और इसके बाद मैं वहां से अपने बेटे को उम्मीदवार बनाऊंगा। वह मुझसे भी ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीतेगा।' गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री बनर्जी कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचीं थीं। खास बात है कि इस दौरान वह वकीलों के लिबास में थीं, जिसे लेकर बवाल खड़ा हो गया है। एक ओर जहां राजनेता इसे नाटक करार दे रहे हैं। वहीं, बार काउंसिल ने इस संबंध में रिपोर्ट तलब की है। इधर, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने भी बनर्जी के वकील की तरह कोर्ट जाने पर निशाना साधा है।

मुख्यमंत्री थलपति विजय ने पीएम मोदी को लिखा लेटर

# पत्र में मुख्यमंत्री ने टेक्सटाइल सेक्टर में आए संकट पर चिंता जताई

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर कपास पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी हटाने की मांग की। इस पत्र में मुख्यमंत्री ने टेक्सटाइल सेक्टर में आए संकट पर चिंता जताई। यह सेक्टर राज्य में ग्रामीण महिलाओं को सबसे ज्यादा रोजगार देता है। विजय ने इस गंभीर संकट की वजह कपास और धागे की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को बताया। यह बढ़ोतरी उत्पादन में कमी और ट्रेडिंग एक्टिविटी बढ़ने के कारण हुई है।

उन्होंने पत्र में लिखा, 'तमिलनाडु भारत का सबसे बड़ा टेक्सटाइल और कपड़ों का एक्सपोर्ट करने वाला राज्य है। लाखों लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष,



दोनों तरह के रोजगार के लिए इस सेक्टर पर निर्भर हैं। इनमें खास तौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों की महिलाएं शामिल हैं। हाल के दिनों में, कपास की कीमतों में बढ़ोतरी और उसके चलते धागे की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के कारण यह इंडस्ट्री एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। मेरा मानना ??है कि इसकी मुख्य वजह देश में कपास के उत्पादन में कमी और ट्रेडिंग एक्टिविटी में हुई बढ़ोतरी है। '

नए चुने गए मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो महीनों में कपास की कीमतों में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसकी कीमत 54,700 रुपये से बढ़कर 67,700 रुपये प्रति कैंडी हो गई है।

# लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई, हम और मजबूत होकर लौटेंगे: टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को एक भावनात्मक संदेश जारी करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जारी वीडियो संदेश में उन्होंने पार्टी के हर कार्यकर्ता को सिपाही बताते हुए उनके साहस, धैर्य और न्याय के लिए लगातार संघर्ष के लिए धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बेहद कठिन और समझौता किए गए चुनाव के बावजूद कार्यकर्ताओं ने उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर पार्टी के उम्मीदवारों और काउंटिंग एजेंटों को जबरन हटाया गया, जबकि मतगणना प्रक्रिया पर केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों का प्रभाव रहा। टीएमसी नेता ने पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम आने के बाद हुई हिंसा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा सुरक्षा के आश्वासन के बावजूद राज्य में चौंकाने वाली हिंसा देखने को मिली। आरोप लगाया कि केंद्रीय बल मूकदर्शक बने रहे, जबकि पार्टी के कार्यकर्ताओं, दफ्तरों और घरों पर हमले हुए और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। उन्होंने इस हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में बंगाल ने बहुत कुछ सहा है और ऐसी घटनाएं राज्य की मूल भावना के खिलाफ हैं।

टीएमसी सांसद ने यह स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की कथित अनियमितता, हेरफेर और सत्ता के दुरुपयोग को संवैधानिक और कानूनी तरीकों से चुनौती दी जाएगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने दावा किया कि 100 से अधिक सीटों पर उम्मीदवारों और काउंटिंग एजेंटों को जबरन हटाया गया और कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिससे जनता के जनादेश को कमजोर किया गया। उन्होंने कहा कि सच को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता और बंगाल के लोगों के साथ हुए हर अन्याय का मुद्दा पूरी ताक़त और दृढ़ता के साथ उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग जानते हैं कि हर मुश्किल घड़ी में कौन उनके साथ खड़ा रहा और हमें भी धैर्य, एकता और दृढ़ता के साथ ऐसा करना जारी रखना चाहिए। सच को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता। हम और भी ज्यादा मजबूत होकर लौटेंगे। टीएमसी सांसद ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सलाह देते हुए कहा कि जमीन पर डटे रहें। साहस, अनुशासन और सकारात्मकता के साथ लोगों की सेवा करना जारी रखें। हमारी लड़ाई अटूट दृढ़ता और लोकतंत्र में पूर्ण विश्वास के साथ जारी रहेगी।

# गांव को मिलेगी सीवर जाम से मुक्ति! करोड़ों की परियोजना का आगाज

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही सीवर चोकिंग और ओवरफ्लो की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। नोएडा अथॉरिटी ने बरौला, सर्फाबाद, वाजिदपुर, हाजीपुर और छिजारसी जैसे गांवों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या को खत्म करने के लिए नई सीवर लाइनें बिछाने और पंपिंग स्टेशन बनाने का फैसला किया है।

अधिकारियों का मानना है कि इन गांवों में आबादी बढ़ने से पुराने सिस्टम पर दबाव बढ़ गया है। आबादी का घनत्व बढ़ने से मौजूदा सीवर लाइनें दबाव नहीं झेल पा रही थीं, जिससे गलियों में गंदा पानी जमा होने की शिकायतें आम थीं। नोएडा के विधायक पंकज सिंह की पहल पर जल विभाग ने इन प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया। उद्घाटन सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया।

### बजट और योजना तैयार

अथॉरिटी ने अलग-अलग गांवों के लिए बजट और योजना तैयार की है। बरौला में 10 करोड़ रुपये की लागत से 10 मीटर गहरा पंपिंग स्टेशन बनेगा और 3,375 मीटर लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी। छिजारासी में पुरानी पाइपों को बदलने और मरम्मत के लिए 1.65 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं वाजिदपुर में 1.30 किलोमीटर लंबी पुरानी पाइपों को बदलने पर 1.64 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सर्फाबाद में पाइपों के रखरखाव के लिए 1 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यानी मानसून से पहले रहवासियों के लिए राहत वाली बात है क्योंकि बारिश के दौरान जलभराव और सीवर के बैकफ्लो से रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विधायक ने क्या कहा?



विधायक पंकज सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि निवासियों ने सीवर ओवरफ्लो की समस्या को प्रमुखता से उठाया था, जिसके समाधान के लिए अथॉरिटी को निर्देश दिए गए थे। वहीं नोएडा अथॉरिटी के जल कार्य विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि 'हम सीवर लाइन ओवरफ्लो की समस्या को स्थायी रूप से हल करना चाहते हैं। इसलिए, हमने नई सीवर लाइनें बिछाने और उन्हें साफ करने के लिए नए पंपिंग स्टेशन इंस्टॉल करने का काम शुरू किया है।'

### इन समस्याओं से भी जूझ रहे रहवासी

वहीं सेक्टर 11 और 12 के रहवासी खुदाई और काम में देरी से परेशान हैं। सेक्टर 11 के निवासी डॉ. एनके राय ने बताया कि उनके घर के सामने हफ्तों से गड्ढा खुदा पड़ा है, जिससे सड़क पर पानी भर गया है और निकलना मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आगाहपुर के निवासी लीले बैसोया का कहना है कि अथॉरिटी के कर्मचारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते, जिससे दिक्कतें लंबे समय तक बनी रहती हैं।




## संपादकीय

## संकट का सामना करने की जिम्मेदारी आम नागरिकों की भी

पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। ऊर्जा संकट और व्यापार में बाधाओं के कारण पैदा हुई चुनौतियों का दायरा बढ़ता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रा (रुपये) के लगातार कमजोर होने से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। उधर, अमेरिका और ईरान के तल्ख तेवरों से शांति समझौते पर बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है।ऐसे में अब मौजूदा संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों को अमल में लाना जरूरी हो गया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को देश की जनता से पेट्रोलियम उत्पादों का संयमित तरीके से उपयोग करने, सोने की खरीदारी से परहेज करने, गैर जरूरी विदेश यात्रा से बचने और स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है।सरकार का मानना है कि इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत दुनिया भर में जारी ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिससे सरकारी कोष को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसमें दोराय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है, लेकिन देश की जरूरत मुख्य तौर पर अभी भी जीवाश्म ईंधन से पूरी की जा रही है।ऐसे में जरूरी है कि मौजूदा संकट के दौरान आयातित ऊर्जा संसाधनों का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से और वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही किया जाए। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से तेल की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे ऊर्जा का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में हुई बढ़ोतरी से देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिस कारण आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं। हालांकि, अभी तक सरकार ने पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस के दामों को नियंत्रित करने के प्रयास किए हैं, लेकिन संकट गहराने से अब यह सब आसान नहीं होगा। इसके लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा, ताकि प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके।प्रधानमंत्री के आह्वान से इस बात के संकेत भी मिल रहे हैं कि आने वाले समय में रोजमर्रा के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। यानी कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पाद जैसी वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं।खबरों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख कंपनियां मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। प्रधानमंत्री के ये सुझाव कि कोरोना काल की तरह घर से काम करने समेत अन्य तरीकों पर फिर से अमल करना, खाद्य तेल की खपत कम करना और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना, यह सब मौजूदा संकट की गंभीरता को दर्शाता है।यह सही है कि संकट जब गंभीर हो, तो उससे निपटने के लिए सरकारी उपायों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। मगर इस सब के बीच यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इस तरह के उपायों का समाज के निचले और मध्य वर्ग की आजीविका पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े।

*मनुष्यों का आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर यानी आइक्यू 7.4 के साथ सबसे अधिक है, लेकिन बाटल-नेक डाल्फिन की आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर 5.3 है, जो अन्य सभी जीवों की तुलना में काफी अधिक है।'कैलिफोर्निया सी लायन' भी कम नहीं है, जिसने बुद्धिमत्ता परीक्षण में इंसानों को पीछे छोड़ा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांताक्रूज प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने इस सील प्रजाति वाली मछली के परीक्षण के लिए कई परीक्षण-प्रारूप तैयार किए थे।*

# होर्मुज की बारूदी लड़ाई और डाल्फिनों का सैन्य इस्तेमाल

**(पुष्परंजन)**

अमेरिकी नौसेना के पास भी बारूदी सुरंगों का पता लगाने में मदद के लिए डाल्फिन को प्रशिक्षित करने का एक कार्यक्रम दशकों पुराना है। होर्मुज जलमार्ग में ईरान द्वारा बिछाई बारूदी सुरंगों की खोज और उन्हें निष्क्रिय करने में अमेरिका क्या 'कामिकाजे डाल्फिन' का इस्तेमाल कर रहा है? हाल ही में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जब यह पूछा गया, तो वे चुप लगा गए और सिर्फ इतना बोल सके कि 'न तो हम इसकी पुष्टि करेंगे और न ही इससे इनकार करेंगे कि हमारे पास कामिकाजे डाल्फिन हैं।' होर्मुज में ईरान भी 'कामिकाजे डाल्फिन' का इस्तेमाल कर सकता है। इस मामले में ईरान का सैन्य सहयोगी रूस उसके साथ खड़ा है।दरअसल, 'कामिकाजे' द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी पायलट थे, जो अपने विमानों को मित्र देशों के युद्धपोतों से टकराकर आत्मघाती हमले करते थे। शीत युद्ध के दौरान, सोवियत नौसेना ने समुद्री जीवों से जुड़े कई कार्यक्रम शुरू किए थे, जिनमें काला सागर में डाल्फिन को प्रशिक्षण देना भी शामिल था। यह इकाई सेवस्तोपोल के पास 'कजाच्या बुख्ता' में स्थित थी और आज भी वहीं मौजूद है। मौजूदा दौर में चूंकि ईरान की मदद रूस अप्रत्यक्ष रूप से कर रहा है, इसलिए उस पर अमेरिकी एजंसियों को शक होना लाजिमी है।डाल्फिन ही एकमात्र समुद्री जीव नहीं हैं, जिन्हें रूस ने प्रशिक्षण दिया हो। वर्ष 2019 में नार्वे के तट पर देखी गई एक बेलुगा ह्वेल के बारे में माना गया था कि उसे रूसी नौसेना ने प्रशिक्षण दिया था। मछुआरों का कहना था कि बेलुगा ह्वेल ने अजीब तरह की 'हार्नेस' पहन रखी थी, जिसमें शायद कैमरे लगे थे और वह उनकी नावों से बंधी पट्टियों और रस्सियों को खींच रही थी।अमेरिकी नौसेना के पास भी बारूदी सुरंगों का पता लगाने में मदद के लिए डाल्फिन को प्रशिक्षित करने का एक कार्यक्रम दशकों पुराना है। मनुष्यों का आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर यानी आइक्यू 7.4 के साथ सबसे अधिक है, लेकिन बाटल-नेक डाल्फिन की आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर 5.3 है, जो अन्य सभी जीवों की तुलना में काफी अधिक है।'कैलिफोर्निया सी लायन' भी कम नहीं है, जिसने बुद्धिमत्ता परीक्षण में इंसानों को पीछे छोड़ा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांताक्रूज प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने इस सील प्रजाति वाली मछली के परीक्षण के लिए कई परीक्षण-प्रारूप तैयार किए थे। आखिर डाल्फिन के साथ-साथ 'कैलिफोर्निया सी लायन' को भी नौसैनिक अभियानों और जल खुफियागिरी जैसे कार्यों के लिए चुना गया।अमेरिका का 'मरीन मैमल प्रोग्राम' प्रशांत महासागर में अवस्थित 'नेवल इन्फार्मेशन वारफेयर सेंटर' का अहम हिस्सा है। वे शायद झूठ बोलते हैं कि इस महकमे की डाल्फिन 'कामिकाजे डाल्फिन' नहीं हैं, क्योंकि वे बारूदी सुरंगों को उड़ाने के लिए अपनी जान की कुर्बानी नहीं देती हैं। इसके बजाय उनका मुख्य काम बारूदी सुरंगों का पता लगाना है।फौजी मकसद के लिए डाल्फिन का इस्तेमाल करने वाला अमेरिका अकेला देश नहीं है। रूस ने भी अपने बंदरगाहों की रखवाली के लिए इनका इस्तेमाल किया है। ईरान ने साल 2000 में रूस से डाल्फिन खरीदी थी। वे प्रशिक्षित डाल्फिन शायद बहुत बूढ़ी हो चुकी होंगी। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ईरान के पास कोई सक्रिय डाल्फिन कार्यक्रम है।हालांकि 'वाल स्ट्रीट जर्नल' ने पिछले महीने एक खबर दी थी कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोलने की अमेरिकी कोशिशों का मुकाबला करने के लिए बारूदी सुरंगें ले जाने वाली डाल्फिन के इस्तेमाल पर विचार कर रहा था।अमेरिकी नौसेना का डाल्फिन कार्यक्रम 1959 से चल रहा है, जिसका मकसद 'बाटल-नोज डाल्फिन' और 'कैलिफोर्निया सी लायन्स' को पानी के नीचे की चीजों का पता लगाने और उन्हें वापस लाने का प्रशिक्षण देना है। 'मरीन मैमल प्रोग्राम' के वेबपेज के मुताबिक, 'प्रशिक्षित डाल्फिन के पास सबसे उन्नत 'सोनार' होता है। पानी के नीचे चलने वाले ड्रोन इन जीवों का मुकाबला नहीं कर सकते'।यह भी एक तथ्य है कि डाल्फिन और समुद्री शेरों, दोनों की कम रोशनी में देखने की क्षमता और पानी के भीतर दिशात्मक श्रवण शक्ति उत्कृष्ट होती है, जिससे वे अंधेरे या धुंधले पानी में भी पानी के नीचे के लक्ष्यों का पता लगा सकते हैं और उनका पीछा कर सकते हैं। डाल्फिन को पानी के नीचे बिछी उन खानों का पता लगाने और उनके स्थान को चिह्नित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जो सैन्य या नागरिक जहाजों पर सवार लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।समुद्र में बारूदी सुरंगों का पता लगाने वाले अभियान के दौरान एक डाल्फिन आमतौर पर एक छोटी नाव में दो-तीन प्रशिक्षकों के साथ यात्रा करती है। कुछ मिलने पर ये जीव नाव के आगे वाले चप्पू को थपथपाते हैं और कुछ न मिलने पर पीछे वाले चप्पू को थपथपाते हैं। डाल्फिन खोजी गई खानों के पास 'मार्कर बुआ' छोड़ती हैं, ताकि मानव गोताखोर उन्हें ढूंढ़कर निष्क्रिय कर सकें, लेकिन डाल्फिन का उपयोग आमतौर पर होर्मुज जलमार्ग में मौजूद सक्रिय युद्ध जैसी स्थिति में नहीं किया जाता है। इसके बजाय डाल्फिन का उपयोग लड़ाई समाप्त होने के बाद बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। इस संदर्भ में विशेष रूप से 2003 की उस घटना का उल्लेख किया जाता है, जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा दक्षिणी इराक पर कब्जा करने के बाद इराकी बंदरगाह 'उम कसर' की ओर जाने वाली किसी भी बारूदी सुरंग का पता लगाने के लिए डाल्फिन को तैनात किया गया था। सैन्य उद्देश्यों के लिए डाल्फिन को प्रशिक्षित करने का रूसी इतिहास जबरदस्त रहा है। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद यह इकाई यूक्रेन की सेना के अधीन चली गई। 'सेवस्तोपोल कार्यक्रम' को 2012 में यूक्रेनी नौसेना द्वारा फिर से शुरू किया गया था। यूक्रेन ने सेवस्तोपोल के पास एक एक्वेरियम में डाल्फिन को प्रशिक्षित किया था। यह कार्यक्रम सोवियत-युग की एक योजना से प्रेरित था, जो 1990 के दशक में उपेक्षा का शिकार हो गया था। सेवस्तोपोल नौसैनिक अड्डा रूसी सेना के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्रीमिया के दक्षिणी छोर पर स्थित है, जिस पर मास्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। यूक्रेन ने इन जीवों को वापस करने की मांग की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। दो साल बाद रूसी नौसेना ने पांच और डाल्फिन खरीदने की योजना की घोषणा की। यह स्पष्ट नहीं है कि आज सेवस्तोपोल में मौजूद मानी जाने वाली डाल्फिन वही हैं या नहीं। वर्ष 2018 की उपग्रह तस्वीरों से पता चला कि रूस ने सीरियाई युद्ध के दौरान सीरिया के टार्टस में अपने नौसैनिक अड्डे पर भी डाल्फिन का इस्तेमाल किया था। इस मसले पर सबसे अफसोसनाक है कि महाशक्तियों ने अपनी युद्ध महत्त्वाकांक्षा के लिए मछलियों को भी नहीं बख्शा। इसे रोकने के लिए दुनिया के देश आगे क्यों नहीं आते? हालांकि पशु कल्याण संगठनों ने हमेशा सैन्य उद्देश्यों के लिए जानवरों के उपयोग पर चिंता जताई है, लेकिन यह विरोध आमतौर पर युद्ध के समय अन्य चिंता के कारण दब जाता है। अक्सर इन जीवों के सैन्य उपयोग से संबंधित जानकारी गोपनीय होती है।

# सिर्फ मुआवजा काफी नहीं- नाबालिग मांओं के भविष्य और बच्चों की नीति पर उठते बड़े सवाल

**(मोनिका शर्मा)**

प्रजनन संबंधी स्वायत्तता, निजता और स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित मौलिक अधिकार हैं। समाज और कानून दोनों में बदलाव वक्त की जरूरत है।लंबे समय से संवेदनाओं के धरातल पर बलात्कार की शिकार बनी नाबालिग बच्चियों के गर्भ को बचाने के सवाल पर बहस जारी है। सवाल यह है कि क्या दुर्व्यवहार का दंश झेलने वाली बच्ची के स्वास्थ्य और भविष्य को जोखिम में डालना उचित है! हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की तीस सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति पर आया निर्णय समग्र समाज के लिए विचारणीय है। इस मामले में न्यायालय ने न केवल समय के साथ कानून में बदलाव लाने की बात कही, बल्कि यह भी स्पष्ट कहा कि जब गर्भधारण बलात्कार के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए। ऐसे में अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अनचाहा मातृत्व और नाबालिग पीड़िता का अधिकार गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात की अनुमति देते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को निर्देश दिया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे। अगर मां को स्थायी शारीरिक हानि नहीं होती है, तो गर्भपात किया जाना चाहिए। इस विषय में अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। अदालत ने केंद्र सरकार से भी कहा कि कानून में संशोधन कर बलात्कार पीड़िताओं को बीस सप्ताह से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। देखा जाए तो शोषण और सामाजिक आक्षेपों से उपजी भावनाओं और उलझनों को समझने वाली इस टिप्पणी का एक मजबूत व्यावहारिक धरातल है। गौरतलब है कि एम्स द्वारा उच्चतम न्यायालय की ओर से पंद्रह साल की लड़की को तीस सप्ताह की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दिए जाने के आदेश को रद्द करने के लिए यह याचिका दाखिल की गई थी। मगर पीठ ने कहा कि 'यह एक उपचारात्मक याचिका है। किसी पर अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता। सोचिए कि वह एक बच्ची है, जिसे इस समय पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनाना चाहते हैं। उसने जो पीड़ा और अपमान सहा है, उसकी कल्पना कीजिए।' निश्चित रूप से मातृत्व एक बड़ी जिम्मेदारी और मन से जिया जाने वाला भाव है। समझना कठिन नहीं कि किसी नाबालिग की अवांछित गर्भावस्था को जबरन जारी रखने के मामले इस भाव से कोसों दूर होते हैं। बलात्कार के कारण हुई अनचाही गर्भावस्था जीवन के हर पक्ष पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव डालती है। मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं शिक्षा और सामाजिक-पारिवारिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके बावजूद गर्भावस्था को कायम रखना सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का हनन है। ऐसे में शीर्ष अदालत ने भी कहा कि प्रजनन संबंधी स्वायत्तता, निजता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित मौलिक अधिकार हैज ऐसे मामलों में राहत नहीं दी गई।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6093

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6093




**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 6092 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | |
| या | क | | ता | न | | ब | ला |
| | रा | पी | | | ई | रा | न |
| मो | र | | द | र | मा | | त |
| र | | शो | | म | न | न | |
| ध्व | नि | ले | ख | | डि | ग | ना |
| ज | ज | | रा | ज | ग | | म |
| | ता | ला | ब | | ना | सि | क |

## आज का राशिफल

### मेष
जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुये कार्यों को आप पूरा करने का प्रयास करेंगे। समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को गुप्त रखने का प्रयास करें। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकी रहेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे।

### वृष
आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। यदि आवश्यक न हो तो लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना बर्ताव अच्छा रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिये बेहद जरूरी है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

### मिथुन
आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन बहुत ही अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि अनुसार कार्य मिलने से सन्तुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

### तुला
किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक मात्रा में करनी पड़ेगी। अपने मन को शान्त रखें। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिये। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे।

### वृश्चिक
नया कारोबार शुरू करने में आसानी होगी। विचारों को सकारात्मक बनाकर रखें। कर्जों को उतारने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### धनु
आज किसी को उधार न दें। आपके पास काफी काम रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की सम्भावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### कर्क
व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद होगा। पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलने की सम्भावना है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं।

### सिंह
परिवार की जिम्मेदारियाँ आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। चुनौतियों को स्वीकारने से उत्साहित रहेंगे। अचानक परेशानियाँ खड़ी हो सकती हैं। प्रेम सम्बन्धों में समझौते करने पड़ सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं।

### कन्या
व्यवसाय पर आप विशेष ध्यान देने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर गम्भीर रहेंगे। मन में नयी योजनायें उत्पन्न होंगी। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### मकर
पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ की भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है।

### कुंभ
कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में परिवर्तन की कुछ योजना बना सकते हैं। शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। पति-पत्नी के मध्य के सम्बन्ध मधुर रहेंगे। अपने खर्चों को नियन्त्रित करने का प्रयास करें।

### मीन
परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। धन सम्बन्धी मामलों में गतिहीनता आने की सम्भावना है। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचें। लक्ष्य हासिल करने में कठिनाई होगी। व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# मुंबई के कोच पोलार्ड की 15 प्रतिशत मैच फीस काटी

● एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, फोर्थ अंपायर को अपशब्द कहे थे

**धर्मशाला (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच रेफरी ने उन पर मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा। 39 साल के दिग्गज बल्लेबाज ने गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच में फोर्थ अंपायर से बहस की। उन पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे। इस मैच को मुंबई ने 6 विकेट से जीता।तिलक वर्मा ने मुंबई की ओर से 33 गेंदों में नाबाद 75 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।



**फोर्थ अंपायर से मैच के दौरान बहस की-** मुंबई इंडियंस की पारी के 19वें ओवर में चौथे अंपायर से बहस के दौरान पोलार्ड ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। मैच रेफरी पंकज धरमानी ने इसे आईपीएल आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन माना। पोलार्ड पर कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 के तहत आरोप लगाए गए, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। मैच के बाद सुनवाई में पोलार्ड ने गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने मैच जुर्माना और प्रतिबंध मंजूर कर लिया। लेवल 1 का अपराध स्वीकार करने के बाद आईपीएल नियमों के मुताबिक अब औपचारिक सुनवाई नहीं होगी। पोलार्ड के खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जुड़ गया। आईपीएल नियमों के अनुसार तय समय सीमा में 4 या उससे अधिक डिमेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ी या कोच पर एक या अधिक मैचों का सस्पेंशन लगाया जा सकता है। यह पोलार्ड के लिए चेतावनी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

बॉक्सर साक्षी चौधरी को कॉमनवेल्थ और

# एशियन गेम्स का टिकट

● सिलेक्शन ट्रायल के फाइनल में मीनाक्षी को हराया, निखत जरीन को भी मात दी

**पटियाला (एजेंसी)।** हरियाणा की मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स का टिकट हासिल कर लिया है। उन्होंने शुक्रवार को पटियाला में चल रहे सिलेक्शन ट्रायल्स के फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्?डा को 5-0 से हराया।

सर्विसेस से खेल रही साक्षी ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन को 51 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया था। वहीं, 48 किग्रा वर्ग की मीनाक्षी ने नीतू घंघास को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 2026 के कॉमनवेल्थ गेम्स जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियन गेम्स का आयोजन होगा।

**प्रीति पवार सहित 4 महिला बॉक्सर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई-** महिला वर्ग में प्रीत पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच ने भी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए जगह पक्की कर ली है। बाकी चार वेट कैटेगरी - 55 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा और +90 किग्रा के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

### जीतने वाले मुक्केबाज चेकिया में कैंप में जाएंगे

जीतने वाले मुक्केबाज कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी के लिए चेकिया में लगने वाले एक्सपोजर कैंप में जाएंगे। वहीं, दूसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज जून में चीन में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगे। बॉक्सिंग वर्ल्ड कप सीरीज-2 का आयोजन 15 से 20 जून तक चीन में किया जाएगा।



**ट्रेडिशनल ट्रायल सिस्टम लौटा, प्लेयर्स की दो राय-** बीएफआई ने एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले बॉक्सर्स को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई माना था। जिन वेट कैटेगरी के बॉक्सर फाइनल में नहीं पहुंचे थे, उनका चयन प्रदर्शन के अंकों के आधार पर होना था। हालांकि, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इन वेट कैटेगरी के लिए ओपन ट्रायल्स से सीडब्ल्यूजी और वर्ल्ड कप खिलाड़ियों के चयन के निर्देश दिए।

### प्रमुख नतीजे

- 3 बार के वर्ल्ड कप मेडलिस्ट हितेश गुलिया को 70 किग्रा वर्ग में सुमित के हाथों हार झेलनी पड़ी।
- एशियाड की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट परवीन हुड्डा ने अंकुशिता बोरो को हराया अपनी दावेदारी मजबूत की।
- अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी को 80 किग्रा वर्ग में नैना ने मात दी।
- 65 किग्रा वर्ग में ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने पूजा को 7-0 से हराया।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए फ्रांस की टीम घोषित

## एमबाप्पे कप्तानी करेंगे, फॉरवर्ड लाइन में डेम्बेले और डौए जैसे नाम

**पेरिस(एजेंसी)।** साल 2022 की फाइनलिस्ट फ्रांस ने 11 जून से शुरू हो रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। पिछले फाइनल में 3 गोल दागने वाले किलियन एम्बाप्पे को इस टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने दमदार फॉरवर्ड लाइन तैयार किया है। इसमें एमबाप्पे के अलावा, बैलोन डीओर विजेता ओस्मान डेम्बेले और युवा स्टार डेसिरे डौए जैसे



नाम है। 2018 की चैंपियन और 2022 की उपविजेता फ्रांस इस बार तीसरा वर्ल्ड कप जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। 2022 में फाइनल हराने के बाद एम्बाप्पे निराश होकर मैदान पर बैठ गए। फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों उन्हें समझाने पहुंचे थे।

फारवर्ड लाइन में अनुभव और युवाओं का मिश्रण फ्रांस का फॉरवर्ड लाइनअप इस समय दुनिया में सबसे मजबूत नजर आ रहा है। टीम में सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के साथ बैलोन डी ओर विजेता ओस्मान डेम्बेले, उभरते हुए सितारे डेसिरे डौए, माइकल ओलिसे, रेयान चेर्की, ब्रैडली बारकोला और मैग्नेस अक्लिओचे शामिल हैं। यह आक्रमण पंक्ति किसी भी विरोधी रक्षापंक्ति को ध्वस्त करने का माद्दा रखती है। रियल मैड्रिड के स्टार मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा का नाम सूची से गायब होना सबसे बड़ा सरप्राइज है।

### रिसर को घरेलू प्रदर्शन का इनाम

घरेलू लीग (लेंस) के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा गोलकीपर रॉबिन रिसर को पहली बार विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। रिसर ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता था। उन्हें मुख्य गोलकीपर माइक मैगनन और ब्राइस सांबा के बाद तीसरे गोलकीपर के विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। टीम में चुने जाने पर रिसर ने भावुक होकर कहा, 'यह मेरा एक सपना था, यह अविश्वसनीय है और मेरे पास शब्द नहीं हैं।'

# रवि शास्त्री ने सैमसन को कप्तान बनाने की पैरवी की

● कहा- संजू 2028 टी-20 वर्ल्डकप के लिए कैप्टेंसी के विकल्प हो सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन को भविष्य में भारत की टी-20 टीम का कप्तान बनाने की पैरवी की है। उनका मानना है कि सैमसन कप्तानी के मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। शास्त्री के अनुसार हाल के दिनों में सैमसन ने जिस तरह की मैच्योरिटी दिखाई है, वह उन्हें लीडरशिप रोल के लिए परफेक्ट बनाती है।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में अपनी कप्तानी में भारत को वर्ल्ड कप जिताया था, लेकिन 2028 के टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए संजू बड़ा विकल्प हो सकते हैं। फिलहाल, सूर्यकुमार यादव भारतीय टी-20 टीम के



कप्तान हैं। उन्होंने 8 मार्च 2026 को अहमदाबाद में भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया था।

### दबाव में निखर रहे हैं संजू

31 साल के सैमसन ने इस वर्ल्ड कप अभियान में लगातार तीन अर्धशतक जड़े थे। शास्त्री ने कहा- अगले दो-तीन सालों में आप संजू का एक अलग ही रूप देखेंगे। जिस तरह की मैच्योरिटी उन्होंने आईपीएल और इंटरनेशनल लेवल पर दिखाई है, उससे वह कप्तानी के लिए मेरी नजर में स्पष्ट उम्मीदवार हैं। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 5 मैचों में 321 रन बनाए थे।

### क्यों संजू हैं पहली पसंद?

- **कप्तानी का अनुभव-** संजू पिछले पांच सीजन से आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे हैं। वह 2022 में टीम को फाइनल तक ले जा चुके हैं।
- **वर्ल्ड कप में प्रदर्शन-** सैमसन को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में भारत को जीत के करीब पहुँचाया।
- **कंसिस्टेंट परफॉर्मेंस-** शास्त्री ने कहा- संजू की काबिलियत पर कभी शक नहीं था, लेकिन अब उन्होंने अपनी कंसिस्टेंसी से सभी सवालों पर विराम लगा दिया है। अब वे टॉप ऑर्डर में स्थायी जगह बना चुके हैं।



# आईपीएल की व्यूअरशिप का रिकॉर्ड टूटा

● टीवी की व्यूअरशिप 50 करोड़ के करीब



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आईपीएल का वॉच-टाइम 7 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि, टीवी पर व्यूअरशिप 500 मिलियन (50 करोड़) के करीब पहुंच गई है। भारतीय लीग के ब्रॉडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को टीवी के 51 और डिजिटल के 57 मैचों के आंकड़े जारी किए। इनमें आईपीएल की डिजिटल ओवरऑल रीच में 15त्न की ग्रोथ दर्ज की गई है। आईपीएल का 57वां मैच कोलकाता-बेंगलुरु के बीच 13 मैच को रायपुर में खेला गया। इस मैच में कोहली ने शतक लगाया।

**कनेक्टेड डिवाइसेज पर 25 प्रतिशत व्यूअर्स बढ़े-** स्मार्ट टीवी और कनेक्टेड डिवाइसेज (इंटरनेट से जुड़े उपकरण) की रीच में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 'वाच टाइम' (देखने का समय) 20 प्रतिशत प्रतिशत बढ़ गया है। इस बार रीजनल लैंग्वेज में मैच देखने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। रीजनल लैंग्वेज वॉच-टाइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

आईपीएल का गणित

# मुंबई ने पंजाब का खेल बिगाड़ा

● प्लेऑफ के लिए दोनों मैच जीतने होंगे; चेन्नई के लिए हर मुकाबला करो या मरो जैसा

**धर्मशाला (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में 58 मैच पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस रोमांचक बना दी। हार के बाद पंजाब चौथे स्थान पर है। टीम के 12 मैचों में 13 पॉइंट्स हैं और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे बचे दोनों मैच जीतने होंगे। दूसरी ओर मुंबई पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन उसने पंजाब का समीकरण बिगाड़ दिया। मुंबई के 12 मैचों में 8 पॉइंट्स हैं और टीम नौवें स्थान पर है। इकाना स्टेडियम में आज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जीत जरूरी है। टीम का सामना टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी लखनऊ से होगा।

### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी

पंजाब किंग्स लगातार पांचवीं हार के बाद मुश्किल में पड़ गई है। टीम ने सीजन की शुरुआत 6 जीत से की थी। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे अब दोनों मुकाबले जीतने होंगे। पंजाब के अगले मैच बेंगलुरु और लखनऊ से हैं। मुंबई इंडियंस ने सीजन की चौथी जीत दर्ज की। टीम के अगले मुकाबले कोलकाता और राजस्थान से हैं।

- **चेन्नई के लिए हर मैच अहम-** चेन्नई सुपर किंग्स आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी। टीम लगातार 3 मैच जीतकर पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। चेन्नई के 11 मैचों में 12 पॉइंट्स हैं। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए सीएसके को अपने तीनों मैच जीतने होंगे। टीम के मुकाबले लखनऊ, हैदराबाद और गुजरात से हैं। अगला मैच हारने पर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी।



- **हैदराबाद तीसरे स्थान पर पहुंची-** पंजाब की हार का फायदा सनराइजर्स हैदराबाद को मिला है। टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रनरेट +0.331 है। हैदराबाद को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की करने के लिए टीम को कम से कम एक जीत चाहिए।
- **बेंगलुरु-गुजरात मजबूत स्थिति में-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस 16-16 पॉइंट्स के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दोनों टीमों का प्लेऑफ खेलना लगभग तय माना जा रहा है। टीमों को अब एक-एक जीत की जरूरत है। आरसीबी का नेट रनरेट (+1.053) लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु के मुकाबले पंजाब और हैदराबाद से हैं, जबकि गुजरात को कोलकाता और चेन्नई से खेलना है।
- **राजस्थान अब भी रेस में-** राजस्थान रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हालांकि टीम पिछले 7 में से 5 मुकाबले हार चुकी है। राजस्थान को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से खेलना है। टॉप-4 में पहुंचने के लिए उसे तीनों मैच जीतने होंगे।

### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी, मुंबई 6 विकेट से जीती

#### तिलक ने नाबाद 75 रन

मुंबई इंडियंस ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 15 रन चाहिए थे, जिसे उसने 1 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। जीत के हीरो तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए। पंजाब की यह लगातार 5वीं हार रही।गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।



# वनडे ट्राई सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी इंडिया-ए में चुने गए

● आईपीएल में अब तक 2 सेंचुरी लगा चुके, -19 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी वनडे ट्राई सीरीज के लिए इंडिया-ए में चुने गए हैं। टीम का ऐलान गुरुवार को किया गया। कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे।इससे पहले वे एशिया कप राइजिंग स्टार्स और अंडर-19 वर्ल्डकप में इंडिया की ओर से खेल चुके हैं। इसी साल जनवरी में हुए अंडर-19 वर्ल्डकप फाइनल में उन्होंने 175 रन की पारी खेली थी। वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। वैभव श्रीलंका में जून में होने वाली वनडे ट्राई-सीरीज खेलेंगे। इंडिया और श्रीलंका के अलावा इस सीरीज में अफगानिस्तान की ए टीम भी खेलेगी। वैभव आईपीएल में अब तक दो शतक लगा चुके हैं। उन्होंने 2025 में गुजरात के खिलाफ 36 और इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ 37 बॉल में सेंचुरी लगाई हैं।

### वैभव ने आईपीएल में 440 रन बनाए, एक सेंचुरी भी शामिल

वैभव आईपीएल में अपना दूसरा सीजन खेल रहे हैं। 2026 सीजन में उन्होंने 11 मैचों में 237 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं। उन्होंने जयपुर में हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया। इस पारी में उन्होंने 12 सिक्स और 5 चौके लगाए।

**12 साल में रणजी डेब्यू से इंडिया-ए तक का सफर-** वैभव ने जनवरी 2024 में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। तब उनकी उम्र 12 साल थी। 2024 में मुंबई और छत्तीसगढ़ के खिलाफ उन्होंने दो फर्स्ट क्लास मैचों में 31 रन बनाए थे।

वैभव ने सचिन तेंदुलकर (15 साल) और युवराज सिंह (18 साल) को पीछे छोड़ा और घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने 13 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 यूथ टेस्ट सीरीज में सिर्फ 58 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह अंडर-19 टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने 62 गेंदों में 104 रन की पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। वैभव ने लिस्ट-ए (50 ओवर) में अब तक 8 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 44.12 की औसत और 164.95 के स्ट्राइक रेट से 353 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 190 रन रहा है। सूर्यवंशी ने इस फॉर्मेट में 1 शतक और 1 अर्धशतक लगाया है। उन्होंने 37 चौके और 23 छक्के भी जड़े हैं। आईपीएल 2025 में वैभव ने सिर्फ 7 मैचों में 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था।

### एशिया कप में 243 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट

वैभव ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 टी-20 में 4 मैचों में 59.75 की औसत और 243.87 के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए थे। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 144 रन रहा। सूर्यवंशी ने इस सीरीज में एक शतक भी लगाया था। उन्होंने 20 चौके और 22 छक्के लगाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



“फार्मर रजिस्ट्री–किसान की डिजिटल पहचान” अभियान की प्रगति की समीक्षा, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

# डिजिटल किसान पहचान अभियान में औरंगाबाद ने दिखाई रफ्तार, बिहार में चौथे स्थान पर पहुंचा जिला



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे “फार्मर रजिस्ट्री–किसान की डिजिटल पहचान” अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। राज्य सरकार द्वारा 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाकर किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान कर उन्हें सरकार की कृषि योजनाओं और सेवाओं से प्रभावी रूप से जोड़ना है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जिले के संबंधित अधिकारियों को अभियान का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ एवं अब तक पंजीकरण से वंचित किसानों तक पहुंच बनाने पर विशेष जोर दिया, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे। जिला पदाधिकारी ने पंचायत स्तर पर संचालित शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्य में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन के अनुसार 12 मई से 14 मई 2026 तक औरंगाबाद जिले में कुल 1420 किसानों का फार्मर आईडी निर्माण किया गया है। इस उपलब्धि के साथ औरंगाबाद जिला पूरे बिहार में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

जिले की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों पर कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार एवं आवास सहायकों की मौजूदगी में मिशन मोड में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। किसानों को दस्तावेज सत्यापन और पंजीकरण प्रक्रिया में भी हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने पंचायत के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर जल्द से जल्द अपना फार्मर रजिस्ट्री कराएं, ताकि सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## न्यूज बाइट्स

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस ने अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नारीकला थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव से एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना और आसूचना संकलन के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद नारीकला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तेतरिया गांव के पास छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में संबंधित लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

### अपराध नियंत्रण और मद्यनिषेध को लेकर सघन वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और मद्यनिषेध कानून को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के कई प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस टीमों ने वाहनों की जांच की। अभियान के तहत संदिग्ध वाहनों, बाइक सवारों और चारपहिया वाहनों की तलाशी ली गई। साथ ही शराब तस्करी, अवैध वस्तुओं के परिवहन और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी गई।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंकों की सघन जांच

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न बैंकों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिलेभर के बैंकों में पहुंचकर पुलिस टीम ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। जांच के दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी कार्यक्षमता और बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। इसके साथ ही बैंक प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बैंक कर्मियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। पुलिस ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की पहल

# जिला पदाधिकारी ने लगाया जनता दरबार विभिन्न मामलों की हुई सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सात निश्चय-3 के अंतर्गत “सबका सम्मान – जीवन आसान” पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें सीधे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। सुनवाई के दौरान दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नाली-गली निर्माण, सड़क निर्माण, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी सेविका बहाली तथा अनुग्रह अनुदान सहित कई जनहित के मामलों पर आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को विधिवत पंजीबद्ध करते हुए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में त्वरित, प्रभावी और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए सभी परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मामलों की नियमित समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति औरंगाबाद प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# जिले में चल रही महत्सपूर्ण विकास परियोजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार

## एनएच-139 दाउदनगर बाईपास और बियाडा औद्योगिक क्षेत्र परियोजना की हुई समीक्षा



- भूमि का स्थलीय सत्यापन एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया गया।
- बियाडा परियोजना के तहत कुटुम्बा अंचल के 7 मौजों में 436.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में चल रही महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को लेकर शुक्रवार को विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएच-139 दाउदनगर बाईपास निर्माण परियोजना और बियाडा औद्योगिक क्षेत्र विकास कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान एनएच-139 दाउदनगर बाईपास परियोजना के तहत भूमि अर्जन, प्लॉट सत्यापन और धारा 3(ए) की कार्रवाई की स्थिति पर चर्चा हुई। विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि भूमि की प्रकृति का स्थलीय सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूरा कर संशोधित प्रतिवेदन भूमि राशि पोर्टल पर दोबारा अपलोड किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

वहीं बियाडा औद्योगिक क्षेत्र विकास परियोजना के अंतर्गत कुटुम्बा अंचल के सात मौजों में करीब 436.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। इस परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है तथा संयुक्त मापी सर्वेक्षण (जेएमएस) का कार्य भी प्रगति पर है। विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रशासनिक एवं भू-अर्जन प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि औरंगाबाद जिले में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना को नई गति मिल सके।

अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पांच शराब भट्ठियां ध्वस्त

# छापेमारी में 12 हजार लीटर जावा महुआ नष्ट, 112 लीटर देसी शराब बरामद



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एंटी लिकर टास्क फोर्स ने दाउदनगर थाना क्षेत्र के सोन नदी तटीय इलाके में छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया, जबकि करीब 12 हजार लीटर जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर एंटी लिकर टास्क फोर्स के प्रभारी गोपाल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस को झाड़ियों और नदी किनारे कई स्थानों पर महुआ से शराब तैयार करने की सामग्री मिली। मौके पर संचालित पांच अवैध भट्ठियों को तत्काल ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले ड्रम, पाइप, बर्तन और अन्य उपकरण भी बरामद किए। इसके अलावा 112 लीटर देसी महुआ शराब भी जब्त की गई।

छापेमारी की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एंटी लिकर टास्क फोर्स के प्रभारी गोपाल प्रसाद सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोन नदी के तटीय इलाके में पहले भी कई बार कार्रवाई कर शराब भट्ठियों को नष्ट किया जा चुका है। पुलिस की नजर शराब कारोबारियों पर लगातार बनी हुई है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सड़क हादसा : चाचा-भतीजा समेत तीन घायल, एक की हालत गंभीर



निज संवाददाता | टंडवा (औरंगाबाद)

बिहार-झारखंड सीमा क्षेत्र में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी गुड्डू कुमार (28), सुनील कुमार (30) और गोपी कुमार (23) के रूप में हुई है। गुड्डू और सुनील आपस में चचेरे भाई हैं, जबकि गोपी उनका भतीजा बताया जा रहा है। घटना पलामू जिले के ढाब खड़कपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-98 पर हुई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक गुरुवार को एक ही बाइक से रिश्तेदार की बारात में शामिल होने गए थे। शुक्रवार को वापस घर लौटने के दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान गुड्डू कुमार की हालत गंभीर पाई गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं सुनील कुमार और गोपी कुमार का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दोनों की स्थिति फिलहाल

# एनएच-139 पर भीषण सड़क हादसा युवक-युवती समेत तीन घायल



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद-पटना मुख्य मार्ग स्थित एनएच-139 पर गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ओबरा थाना क्षेत्र के कारा मोड़ के समीप हुआ, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घायलों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरार गांव निवासी सुनील प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार, दाउदनगर शहर के पटवा टोली निवासी कन्हैया प्रसाद की 18 वर्षीय पुत्री स्नेहा कुमारी तथा आठ वर्षीय अंजली कुमारी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि सुमित कुमार को औरंगाबाद शहर स्थित एक बैंक में अपने खाते से संबंधित जरूरी कार्य के लिए जाना था। इसी सिलसिले में उसने अपनी दोस्त स्नेहा कुमारी को साथ चलने के लिए कहा।

# गैस वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल, उपभोक्ता ने बिना सिलेंडर मिले सब्सिडी आने का लगाया आरोप

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में गैस वितरण प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक उपभोक्ता के साथ हुई घटना ने गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। दैनिक भोर वैभव के ब्यूरो प्रतिनिधि एवं उपभोक्ता राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 14 मार्च 2026 को उपभोक्ता संख्या 615084 के तहत लिंगराज एचपी गैस एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। कार्यव्यस्तता के कारण उन्होंने सप्ताहांत में एजेंसी से सिलेंडर लेने की योजना बनाई थी। हालांकि 19 मार्च 2026 को उनके बैंक खाते में 78.76 रुपये की गैस सब्सिडी राशि पहुंचने के बाद वे हैरान रह गए। उपभोक्ता का कहना है कि उन्होंने न तो गैस सिलेंडर प्राप्त किया और न ही उनके पासबुक में किसी प्रकार की निकासी या वितरण की जानकारी दर्ज है। इस घटना के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि एजेंसी द्वारा उपभोक्ता के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति को गैस सिलेंडर का वितरण कर दिया गया। यदि ऐसा हुआ है, तो यह उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन होने के साथ-साथ गैस वितरण प्रणाली में गंभीर अनियमितता और लापरवाही का मामला माना जा रहा है।

उपभोक्ता ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन पर्याप्त प्रमाण नहीं होने के कारण लोग उन पर विश्वास नहीं कर पा रहे थे। अब एक पत्रकार और जिम्मेदार नागरिक के साथ ऐसी घटना होने से व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और अब उन्हें दोबारा गैस बुकिंग के लिए लगभग 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ सकता है। इससे उनके सामने घरेलू उपयोग के लिए भोजन बनाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़ित उपभोक्ता ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और उपभोक्ताओं का भरोसा कायम रह सके।

# पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष दोनों पक्षों के कई लोग घायल

## लाठी-डंडे, धारदार हथियार और पिस्टल के बट से हमला करने का आरोप



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामछोल गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल कायम हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में एक पक्ष के विजेंद्र सिंह, ज्वाला सिंह, पप्पू सिंह और मनजीत सिंह शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से राम लखन सिंह यादव, उनके पुत्र संतोष यादव और राकेश यादव घायल हुए हैं।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया। घायल ज्वाला सिंह ने आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी दूसरे पक्ष के लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। उसने कहा कि आरोपियों ने पिस्टल के बट से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। साथ ही उसके चाचा विजेंद्र सिंह पर धारदार हथियार से हमला किया गया।

वहीं दूसरे पक्ष के घायल राकेश यादव ने भी विपक्षी पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि पहले भी उसके साथ मारपीट की घटना हो चुकी है। राकेश यादव के अनुसार, विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने ईंट-पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें वह, उसके पिता और भाई घायल हो गए। राकेश यादव ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई थी और पुलिस के पहुंचने के बावजूद मारपीट जारी रही। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों पक्षों के चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में माली थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ है।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय में लोकतांत्रिक तरीके से गठित हुई बाल संसद



- अनुराग बने प्रधानमंत्री, लभली को मिली उप प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में शुक्रवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बाल संसद के गठन के दौरान प्रधानमंत्री समेत विभिन्न मंत्री पदों के लिए चुनाव कराया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया के बाद अनुराग मिश्रा को बाल संसद का प्रधानमंत्री तथा लभली गुप्ता को उप प्रधानमंत्री चुना गया। वहीं सौरभ को शिक्षा मंत्री और खुशबू कुमारी को खेल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया बाल संसद प्रभारी शिवांशी सिंह द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई।

कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि अनामिका और स्मृति आब्जर्वर के रूप में मौजूद रहीं। पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि अनामिका जांगीड़ ने नव निर्वाचित मंत्रियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों से विद्यालय के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने सभी निर्वाचित मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि बाल संसद बच्चों को लोकतंत्र, नेतृत्व और सामूहिक निर्णय की प्रक्रिया को समझने का अवसर प्रदान करती है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के ओबरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंचीं, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक पैथोलॉजिकल जांच की। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को आवश्यक दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। जिन महिलाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा आठ ग्राम से कम पाई गई, उन्हें एनीमिया से बचाव और स्वास्थ्य सुधार के लिए फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज थेरेपी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान खून की कमी मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। ऐसे में समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है।

औरंगाबाद पुलिस प्रशासन में फेरबदल

# सुशील कुमार बने सदर एसडीपीओ-01, आदित्य कुमार को मिला सदर एसडीपीओ-02 का प्रभार

- कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशासनिक बदलाव किया गया।
- दोनों अधिकारियों से बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण की उम्मीद।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सुशील कुमार को औरंगाबाद सदर एसडीपीओ-01 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं आदित्य कुमार को सदर एसडीपीओ-02, मदनपुर का प्रभार दिया गया है। पुलिस विभाग द्वारा किए गए इस प्रशासनिक बदलाव को कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दोनों अधिकारियों से क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने की अपेक्षा की जा रही है। नए पदस्थापन के बाद संबंधित अधिकारियों ने जल्द ही अपना कार्यभार संभाल लिया है। पुलिस महकमे में हुए इस बदलाव के बाद प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला में इको क्लब का गठन

- विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

जिले के देव प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्राचार्य रितेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शिक्षकों ने आपसी समन्वय के साथ पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर चर्चा की। इको क्लब के गठन के तहत विद्यार्थियों को विशेष परिधान भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य रितेश कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने वायु प्रदूषण, जल संरक्षण और बढ़ते पर्यावरणीय संकट पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा कर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

इस मौके पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक मंतोष कुमार, डॉ. विकास सिंह, अविनाश कुमार, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार मेहता, सुनील कुमार, इर्शाद अली, शोभा सिंह, खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी, अंजली पाठक सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई ने किया जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

## टाउन हॉल बैठक के नाम से आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों ग्राहकों ने लिया भाग



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के द्वारा शुक्रवार को होटल सरस्वती इन में सुरक्षित रहें,डिजिटल अपनाएं‘थीम पर भव्य टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राहक अनुभव संवर्धन विभाग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बैंक अधिकारियों, ग्राहकों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया।बैठक में सुरक्षित एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने तथा ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्राहकों को ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सतर्क रहने, डिजिटल फ्रॉड से बचाव तथा सुरक्षित बैंकिंग के उपायों की जानकारी दी।इस अवसर पर ग्राहकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों को भी सुना गया।